


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
vaartha hindi
@vaartha_hindi
vaartha official
www.hindi.vaartha.com

## राहुल गांधी को हाईकोर्ट से झटका

प्रयागराज,4 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी ने याचिका दाखिल करते हुए निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनको समन जारी कर जुर्माना लगाया गया था। न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उनके पास सत्र अदालत के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने का विकल्प है, इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत उनकी वर्तमान याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

वर्ष-30अंक : 8 (हैदराबाद,निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र शु. 8 2082 शनिवार, 5 अप्रैल -2025 प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर *पृष्ठ 16 मूल्य: 8 रुपये

# यूनुस से बोले मोदी

### बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराएं:संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने की हिदायत; हिन्दुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया



**बैठक के बाद मोदी और यूनुस ने द्विपक्षीय मुलाकात की**

बैंकॉक,4 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराने की अपील की। साथ ही संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने के लिए भी कहा है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-यूनुस से मुलाकात को लेकर जानकारी दी।

उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मोदी ने यूनुस से कहा कि लोकतंत्र में चुनाव बहुत जरूरी हिस्सा है। पीएम ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में जल्द ही लोकतांत्रिक और स्थायी सरकार देखेंगे। दोनों नेताओं के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हालत पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी ने इस मुद्दे को खुलकर सामने रखा। यूनुस ने भरोसा दिया कि बांग्लादेश सरकार अपनी जिम्मेदारियों पर खरी उतरेगी। दोनों नेताओं ने थाईलैंड में बिम्सटेक समिट की साइडलाइन में यह मुलाकात की है। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद पीएम मोदी पहली बार यूनुस से मिले हैं।

**यूनुस ने कहा था- भारत का नॉर्थ-ईस्ट 'लैंडलॉक्ड'**

यूनुस के पद संभालने के बाद से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। मोहम्मद यूनुस ने हाल ही में अपनी चीन यात्रा के दौरान कहा था कि भारत का नॉर्थ-ईस्ट लैंडलॉक्ड है और उसकी समुद्र तक पहुंच नहीं है। समुद्र तक पहुंचने के लिए बांग्लादेश इस क्षेत्र का मुख्य दरवाजा है। इस बयान को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कड़े शब्दों में जवाब दिया था। जयशंकर ने कहा, हम यह मानते हैं कि सहयोग एक व्यापक चीज है। ऐसा नहीं हो सकता है कि आप सिर्फ अपने फायदे की ही बात करें, बाकी बातों को नजरअंदाज कर दें।

**गुरुवार को बिम्सटेक डिनर में साथ दिखे थे दोनों नेता**

इससे पहले कल रात बिम्सटेक डिनर में दोनों नेता एक साथ दिखाई दिए थे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दोनों के बीच मुलाकात होने का दावा किया था। पीएम मोदी ने बिम्सटेक देशों की 6वीं समिट में भी हिस्सा लिया। इस दौरान थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने उनका स्वागत किया। इससे पहले उन्होंने आज म्यांमार के मिलिट्री लीडर जनरल मिन आंग से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने म्यांमार में भूकंप की वजह से मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही कहा कि भारत म्यांमार की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

**पीएम मोदी ने वात फो मंदिर के दर्शन किए**

बिम्सटेक के बाद पीएम मोदी थाईलैंड के ऐतिहासिक वात फो मंदिर गए। यहां पीएम ने बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात की और मंदिर में पूजा की। वात फो मंदिर बैंकॉक में स्थित है और अपने विशाल लेटे बुद्ध (रिक्लाइनिंग बुद्धा) प्रतिमा के लिए फेमस है। वात फो थाईलैंड के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इसमें 1,000 से अधिक बुद्ध प्रतिमाएं और 90 से अधिक स्तूप हैं।

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ 8 राज्यों में प्रदर्शन कोलकाता-अहमदाबाद में पोस्टर जलाए

## यूपी में बिल का समर्थन करने पर नमाजी को पीटा




नई दिल्ली,4 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यूपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी को वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी मिली। उनके बहनोई को पीटा गया। गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्टे बांधी हुई थी। भीड़ ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यहां भी वक्फ बिल रिजेक्ट के बैनर-पोस्टर लिए लोग विरोध कर रहे हैं। कोलकाता में कई जगहों पर विरोध हो रहा है। लोगों ने वक्फ बिल के विरोध की तख्तियां जलाईं। रांची में भी हंगामा हो रहा है। लोगों ने कहा कि वक्फ बिल देश के लिए सही नहीं है, मुस्लिमों के लिए सही नहीं है। बिहार में भी बिल के विरोध में लोग सड़कों पर हैं। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के कार्यकर्ताओं ने बिल का विरोध किया।

**वक्फ बिल पर विपक्ष के नेताओं ने क्या कहा.**

**पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती:** ऐसा नहीं होना चाहिए। यह अल्पसंख्यकों, मुसलमानों की संस्था है और इसे इस तरह से बुलडोजर करना और राज्यसभा में पारित करना, मैं समझती हूं कि यह डाका डालने के बराबर है, जो बहुत गलत है जो नहीं होना चाहिए।

**एनसी सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी:** भाजपा को मुसलमानों के लिए बोलने का कोई नैतिक या राजनीतिक अधिकार नहीं है और वक्फ विधेयक पारित करके आरएसएस-भाजपा शासन ने अपनी मुस्लिम विरोधी, अल्पसंख्यक विरोधी मंशा की पुष्टि की है। आज भारत क्रूर बहुसंख्यकवाद के एक अंधेरे युग में चला गया है, जहां अल्पसंख्यक हितों को दरवाजा दिखा दिया गया।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी

नई दिल्ली,4 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिका लगाई गई। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाई है। बिल पर 2 और 3 अप्रैल को लोकसभा-राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। इसे अब राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। उनकी सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा। राज्यसभा से गुरुवार को बिल पास होने के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा था कि कांग्रेस हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। तमिलनाडु की डीएमके ने भी याचिका लगाने की बात कही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने वक्फ संशोधन बिल के पास होने को एक बड़ा सुधार बताया। उन्होंने शुक्रवार सुबह एक्स पर लिखा कि यह कानून ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएगा और गरीब-पसमांदा मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा- वक्फ संपत्तियों में सालों से गड़बड़ी हो रही थी, जिससे खासतौर पर मुस्लिम महिलाओं और गरीबों को नुकसान हुआ।

## जामा मस्जिद पर हवन करने की कोशिश

संभल,4 अप्रैल (एजेंसियां)। संभल में फिर एक बार माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। शुक्रवार को शाही जामा मस्जिद में जुमा नमाज के दौरान हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पूजा करने के लिए पहुंच गए। यह देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने तुरंत सभी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद केस दर्ज उन्हों गिरफ्तार कर लिया है। पहले भी आरोपी एसडीएम कोर्ट में यज्ञ कर चुके हैं। संभल की शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार की दोपहर जुमा की नमाज अदा की जा रही थी। सीओ अनुज चौधरी समेत भारी पुलिस बल मस्जिद के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद थे। इसी दौरान अखिल भारत हिंदू महासभा के छह लोग मस्जिद में पूजा करने के लिए पहुंच गए।

## एक्टर मनोज कुमार का निधन



मुंबई,4 अप्रैल (एजेंसियां)। एक्टर मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया। वे 87 साल के थे। वे विशेष रूप से अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते थे। उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति, रोटी-कपड़ा और मकान उनकी बेहद कामयाब फिल्में रहीं। मनोज कुमार के बेटे कुणाल गोस्वामी ने बताया, 'उन्हें लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां थीं। यह भगवान की कृपा है कि उन्हें आखिरी समय में ज्यादा परेशानी नहीं हुई, शांतिपूर्वक उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका अंतिम संस्कार कल सुबह 11 बजे मुंबई के पवनहंस श्मशान घाट पर होगा।' मनोज कुमार काफी समय से लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे।



## ऐश्वर्या की सक्रिय सियासी पारी का आगाज
# बोलीं- हर जिम्मेदारी निभाऊंगी मां के सपने भी करुंगी पूरा



रुद्रप्रयाग, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। केदारनाथ विधानसभा की पूर्व विधायक स्व। शैलारानी की पुत्री ऐश्वर्या रावत की राजनीतिक पारी शुरू हो गई है। उन्हें महिला आयोग की उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगी और जरूरतमंद की मदद करेंगी। बीते वर्ष 9 जुलाई को विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद कयास शुरू हो गए थे कि उनकी राजनीतिक विरासत को कौन संभालेगा। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में भी ऐश्वर्या रावत को प्रबल दावेदार माना गया था। तमाम चर्चाओं के बीच वह भाजपा के कार्यक्रमों में सक्रिय रहीं।मां के सपनों और छुटे कार्यों को भी पूरा करने का प्रयास अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त कर उनकी राजनीतिक पारी का आगाज भी कर दिया है। ऐश्वर्या रावत ने मुख्यमंत्री और सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जरूरतमंद और पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए धरातल पर प्रयास किए जाएंगे। घरेलू हिंसा न हो, इसके लिए महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। महिलाओं को अपनी योग्यता, शिक्षा और संस्कारों पर विश्वास करते हुए आगे बढ़ना होगा,

## सुप्रीम कोर्ट में वक्फ विधेयक को चुनौती देने की तैयारी
# कांग्रेस जल्द खटखटाएगी अदालत का दरवाजा



नई दिल्ली, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी होने लगी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बाद अब कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह संसद में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 की संवैधानिकता को बहुत जल्द सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। विधेयक को शुक्रवार सुबह संसद ने मंजूरी दी थी। इसे पहले लोकसभा फिर राज्यसभा ने भी इसे मंजूरी दे दी थी।

**विधेयक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाए डीएमके**

इससे पहले वक्फ विधेयक को लेकर स्टालिन ने अदालत का दरवाजा खटखटाने का एलान कर दिया था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम के स्टालिन ने गुरुवार को कहा था कि उनकी पार्टी इस विधेयक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाएगी। लोकसभा से विधेयक पारित होने के विरोध में स्टालिन विधानसभा में काली पट्टी बांधकर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भारत में बड़ी संख्या में दलों के विरोध के बावजूद कुछ सहयोगियों के इशारे पर रात दो बजे संशोधन को अपनाना संविधान की संरचना पर हमला है।

**'सरकार के सभी हमलों का विरोध करना जारी रखेंगे'**

'एक्स' पर एक पोस्ट में एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'कांग्रेस बहुत जल्द ही वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 की संवैधानिकता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।' उन्होंने कहा, 'हमें पूरा भरोसा है। हम भारत के संविधान में निहित सिद्धांतों, प्रावधानों और प्रथाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सभी हमलों का विरोध करना जारी रखेंगे।'

**कांग्रेस ने गिनाए मामले जिसे सुप्रीम कोर्ट में दी गई चुनौती**

जयराम रमेश ने कहा कि सीएए, 2019 को कांग्रेस की ओर से चुनौती दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। आरटीआई अधिनियम, 2005 में 2019 के संशोधनों को लेकर भी कांग्रेस की चुनौती पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। चुनाव संचालन नियम (2024) में संशोधनों की वैधता को लेकर कांग्रेस की चुनौती पर भी सुनवाई जारी है। ऐसे ही पूजा स्थल अधिनियम, 1991 की मूल भावना को बनाए रखने के लिए कांग्रेस के हस्तक्षेप पर सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट को मिलेंगे 8 नए न्यायाधीश, हुई सिफारिश



प्रयागराज, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट को 8 नए न्यायाधीश मिल गए हैं। जानकारी के मुताबिक इन न्यायाधीशों के नाम का अनुमोदन 2 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में हुआ। एक बयान में कहा गया- सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 2 अप्रैल, 2025 को आयोजित बैठक में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जो न्यायिक अधिकारी बतौर न्यायाधीश, इलाहाबाद हाईकोर्ट में काम संभालेंगे उसमें जितेन्द्र कुमार सिन्हा,,अब्दुल शाहिद ,अनिल कुमार-एक्स ,तेज प्रताप तिवारी , संदीप जैन , अवनीश सक्सेना , मदन पाल सिंह और हरवीर सिंह शामिल हैं।

**साल 2024 में हुईं थीं ये नियुक्तियां**

इससे पहले 25 मार्च को अधिवक्ता अमिताभ कुमार राय और अधिवक्ता राजीव लोचन शुक्ल को बतौर न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट में नियुक्त किया गया था। बीते साल 2024 दिसंबर में भी अधिवक्ता प्रवीण कुमार गिरि को बतौर न्यायाधीश नियुक्ति प्रदान की गई थी। वहीं मई 2024 में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नौ अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया था। जिसमें न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम,न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला, न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार, न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला, न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल शामिल हैं।

## दमोह में नपा अधिकारी के चेहरे पर पोती कालिख आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

दमोह, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दमोह जिले में नगरपालिका अधिकारी के साथ हुए दुर्व्यवहार की घटना को लेकर प्रदेशभर के नगरीय निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी संघ ने उमरिया में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी संघ के नेतृत्वकर्ता किशन सिंह ठाकुर ने बताया कि 29 मार्च को दमोह के मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा के निजी निवास पर स्थानीय ठेकेदार विवेक अग्रवाल जबरन पहुंचा और उनके मुंह पर काली स्याही पोत दी।

## अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले के 'बिचौलिए' क्रिश्चियन मिशेल का बड़ा दावा
# 'तिहाड़ जेल में उसकी हत्या की साजिश रची गई'




नई दिल्ली, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले के कथित बिचौलिये क्रिश्चियन मिशेल ने चौंकाने वाला दावा किया है। उसने दावा किया कि तिहाड़ जेल में उसकी हत्या की साजिश रची गई। मिशेल ने अदालत में आरोप लगाया कि उसे जेल में धीमे जहर से मारने की कोशिश की जा रही है। इस सनसनीखेज आरोप के बाद दिल्ली की रॉउज एवन्यू कोर्ट ने मामले को गंभीर और संवेदनशील मानते हुए तिहाड़ प्रशासन से जवाब तलब किया है। स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने तिहाड़ जेल के महानिदेशक को 16 अप्रैल 2025 तक डिटेल रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मिशेल ने कोर्ट में बताया कि 11 फरवरी 2025 को उसकी सर्जरी हुई थी, लेकिन उसके बाद से उसकी हालत बिगड़ती जा रही है। उसने दावा किया कि उसे खाने या पानी के जरिए धीमा जहर दिया जा रहा है, जिससे उसका शरीर धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। इस पर कोर्ट ने जेल प्रशासन को फटकार लगाते हुए आदेश दिया कि 7 अप्रैल 2025 को मिशेल को एम्स के हड्डी रोग विभाग में भर्ती कराया जाए और उसका पूरी तरह मेडिकल परीक्षण कराया जाए। क्रिश्चियन मिशेल अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में मुख्य आरोपी है। केंद्र सरकार ने 4 दिसंबर 2018 को उसे दुबई से प्रत्यर्पित किया था। मिशेल पर आरोप है कि उसने भारतीय राजनेताओं, सैन्य अधिकारियों और नौकरशाहों को करोड़ों रुपये की रिश्वत दी, जिससे यह डील पक्की हो सके। फरवरी 2010 में यूपीए सरकार ने इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीदने का सौदा किया था। यह सौदा 3,600 करोड़ रुपये (350 मिलियन पाउंड) का था। बाद में जांच में खुलासा हुआ कि सौदे की शर्तों को बदला गया था ताकि अगस्ता वेस्टलैंड को फायदा मिले।

इसके लिए बड़े स्तर पर रिश्वत बांटी गई, जिसमें मिशेल समेत कई बड़े नामों की संलिप्तता पाई गई। क्रिश्चियन मिशेल के जहर देने के आरोपों ने इस घोटाले में एक नया मोड़ ला दिया है। क्या सच में तिहाड़ जेल में उसकी जान को खतरा है या यह एक नई रणनीति है, जिससे वह सीबीआई की जांच से बच सके। अब सबकी नजरें 16 अप्रैल को पेश होने वाली तिहाड़ प्रशासन की रिपोर्ट पर टिकी है।

# दिल्ली वालों की मिलेगी जाम से राहत
## होगा 6 किमी लंबे एलिवेटेड रोड का निर्माण; प्रवेश वर्मा ने किया एलान



नई दिल्ली, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने एलान किया है कि पुस्ता सोनिया विहार में एलिवेटेड रोड का निर्माण होगा। नानकसर गुरुद्वारा से शनि मंदिर (यूपी बॉर्डर) तक 6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड बनेगा। क्षेत्र में यातायात सुगम होगा, जाम की समस्या से निजात मिलेगी। विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार कृत्रिम बारिश कराने की दिशा में प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य को लेकर गुरुवार को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत ट्रॉपिकल मौसम विज्ञान संस्थान, पर्यावरण मंत्रालय, आईआईटी कानपुर, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्लाउड सीडिंग के माध्यम से आर्टिफिशियल रेन की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में आईआईटी कानपुर की टीम ने पूरी प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि इससे वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सकती है। आईआईटी कानपुर ने पहले भी क्लाउड सीडिंग में सफलता प्राप्त की है और बारिश कराने की इस तकनीक के पिछले सात में से छह प्रयोग सफल रहे हैं। बैठक में इस पहल को लागू करने के लिए जरूरी नियमों और अनुमतियों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने नियामक मंजूरी, उड़ान स्वीकृतियों और विभागों के बीच तालमेल पर विचार किया, ताकि यह योजना आसानी से लागू हो सके। इस मौके पर सिरसा ने कहा कि सरकार वायु प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ रही है। यह सिर्फ एक प्रयास नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने का हमारा कर्तव्य है।

# खाकी वर्दी में 'हेरोइन'
## बठिंडा में सीनियर महिला कांस्टेबल ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार



बठिंडा, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब के बठिंडा पुलिस ने सीनियर महिला कांस्टेबल को हेरोइन की तस्करी करते हुए पकड़ा है। जिसकी पहचान अमनदीप कौर के तौर पर हुई है। कौर की ड्यूटी मानसा में थी, लेकिन वो बठिंडा पुलिस लाइन के साथ अटैच थी। जिसके खिलाफ थाना कैनाल में मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी सिटी-1 हरबंस सिंह ने बताया कि वर्धमान पुलिस चौकी के इंचार्ज एएसआई मंजीत सिंह और एएनटीएफ की टीम ने साझे ऑपरेशन के तहत बादल रोड पर नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान पुलिस टीम ने धी लाडली चौक की तरफ से आती एक काले रंग की थार को रुकने का इशारा किया। गाड़ी को रोककर एक लड़की गाड़ी से निकली और भागने लगी, लेकिन उसको लेडीज कॉस्टेबल व अन्य टीम ने धर दबोचा। उसको हिरासत में लेकर उसकी गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी के गियर के साथ बने एक बाक्स में पॉलिथीन से हेरोइन बरामद हुई। इसका वजन 17.71 ग्राम है। युवती की पहचान अमनदीप कौर वासी चक्क फतेह सिंह वाला के तौर पर हुई। डीएसपी ने बताया कि जांच के बाद पता चला कि लड़की अमनदीप कौर पंजाब पुलिस में सीनियर कांस्टेबल के तौर पर तैनात है। जो इन दिनों मानसा में तैनात थी और बठिंडा पुलिस लाइन के साथ अटैच थी।

# मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे हैं पिता
## फर्जीवाड़े में फंस गई बेटी वीना आखिर क्या है मामला?

कोच्चि, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को बड़ी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाली एजेंसी सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस (एसएफआईओ) के मुताबिक, मुख्यमंत्री की कारोबारी बेटी वीना टी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। कांग्रेस और बीजेपी ने विजयन के इस्तीफे की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि ये संदिग्ध सौदे मुख्यमंत्री को अवैध लाभ पहुंचा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, एसएफआईओ को मंत्रालय से पीड़ित पक्ष की अनुमति मिल चुकी है और उसने कोच्चि में आर्थिक अपराधों के लिए विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। एसएफआईओ की जांच में पाया



गया कि खनन फर्म से मुख्यमंत्री की बेटी की फर्म को बिना कोई सेवा दिए 2.70 करोड़ रुपये का फर्जी लेनदेन हुआ।

**क्या बताई पेमेंट की वजह?**

सीएमआरएल ने बताया कि पेमेंट आईटी सेवाओं के लिए किया गया था, लेकिन इसे साबित करने के लिए उनके पास कोई भी डॉक्यूमेंट मौजूद नहीं था। इस मामले में एसएफआईओ ने पहले ही सीएम की बेटी वीना का बयान लिया था। खनन फर्म के साथ मुख्यमंत्री की बेटी के संदिग्ध सौदों ने बहुत लाभ कमाया है। फर्म पर पहले से ही कोल्लम-अलप्पुझा तटीय क्षेत्रों से खनिज समृद्ध रेत की तस्करी के गंभीर आरोप लगे थे। इसे कुट्टनाड क्षेत्र के बाढ़ प्रबंधन के लिए स्पिलवे के विकास की आड़ में किया गया था।

**पर्यटन मंत्री मोहम्मद रियास की पत्नी भी हैं वीना**

विजयन को यह गंभीर झटका ऐसे समय में लगा है जब मदुरै में सीपीआई(एम) पार्टी की कांग्रेस चल रही है। सीपीआईएम अपने पहले के बचाव को दोहरा सकती है। यह कदम राज्य के पर्यटन मंत्री मोहम्मद रियास की पत्नी के खिलाफ भी हैं। वीना पर्यटन मंत्री मोहम्मद रियास की पत्नी हैं।

पिछले हफ़्ते केरल हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ जांच की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझलनादान और कार्यकर्ता गिरीश बाबू ने विवादास्पद खनन फर्म के संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जांच की मांग की थी।

## स्कूल का मैनेजर ही निकला हैवान! चौथी और सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली 10 छात्राओं से दरिंदगी

मुंबई, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र से एक चौंका देने वाली घटना सामने आई है। राज्य के अकोला शहर के स्कूल में एक, दो नहीं बल्कि दस बच्चों के साथ छेड़छाड़ की गई। अकोला शहर के कौलखेड क्षेत्र के एक स्कूल में एक कर्मचारी ने दस बच्चों के साथ की। आरोपी की पहचान हेमंत विठ्ठल चांदेकर के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना सामने आने के बाद जिला एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन की महिला समन्वयक हर्षाली गजभिये की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया है कि घटना की आगे की जांच जारी है। स्कूल की कुछ महिला अध्यापिकाएं प्रशिक्षण के लिए 5 मार्च से शहर से बाहर गई हुई थी। ऐसे में स्कूल के प्रबंधन की जिम्मेदारी हेमंत चांदेकर को सौंपी गई। मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने चौथी और सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली दस छात्राओं के साथ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न किया। इस मामले से हड़कंप मच गया है। स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद छात्रों ने उन्हें बताया कि उनके साथ क्या हुआ था? इसके बाद शिक्षकों ने स्कूल के प्रिंसिपल को घटना की जानकारी दी। इसके बाद निदेशक ने तत्काल मामले की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन को दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हेमंत चांदेकर को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल आरोपी चांदेकर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यूपी के आगरा के बरहन के आंवलखेड़ा चौकी क्षेत्र में दलित छात्रा से छेड़छाड़ की घटना सामने आई थी।

## फिर पकड़ा गया रेत का अवैध परिवहन करता ट्रैक्टर, एसपी के निर्देश पर पुलिस ने की कार्रवाई

शहडोल, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। शहडोल जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर पुलिस सख्त हो गई है। इस पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। ब्यौहारी के बाद अब केशवाही पुलिस ने एक ट्रैक्टर जब्त किया है, जिसमें रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर खनिज अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, केशवाही चौकी पुलिस ने पकरिहा गांव से अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। चालक और वाहन मालिक के विरुद्ध खनिज अधिनियम एवं अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

# प्रफुल्ल पटेल और संजय राउत में वार-पलटवार
## शरद पवार का जिक्र आने पर एनसीपी नेता बोले- 'अंगूर खट्टे हैं'



मुंबई, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की पार्टी एनसीपी के सांसद प्रफुल्ल पटेल और शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत में जुबानी जंग शुरू हो गई है। पटेल और राउत ने बीच बहस वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में शुरू हुई थी। जब प्रफुल्ल पटेल वक्फ बिल के समर्थन में बोल रहे थे तो उसी दौरान उन्होंने राज्यसभा सांसद संजय राउत पर तंज किया। उन्होंने वक्फ संशोधन बिल को लेकर कहा, "बिल्कुल टक टक टक टक बोलते थे, लेकिन आज उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि क्या बोलूं क्या नहीं बोलूं। प्रफुल्ल पटेल ने हंसते हुए संजय राउत से कहा, आ गए, हमारे दोस्त आ गए। ये कहते थे हमें अभिमान है कि हमने बाबरी मस्जिद गिराई। सही बात है की नहीं।"

**संजय राउत ने क्या कहा?**

उनके इस बयान पर संजय राउत ने भी पलटवार किया। राउत ने शुक्रवार (4 अप्रैल) को कहा कि प्रफुल्ल पटेल को बाबा साहेब की याद आनी नहीं चाहिए। अपने पिता समान शरद पवार को खंजर घोंप कर भाग गए और वो निष्ठा की बात करते हैं। संजय राउत ने कहा, "प्रफुल्ल पटेल के साथ किसके संबंध थे, इकबाल मिर्ची और दाउद से।ये मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं, ये मोदी जी ने आरोप लगाए थे और नहीं मानते आप तो ईडी की चार्जशीट पढ़ लें।" उन्होंने कहा, "ये चाटुकारिता करके वहां चले गए और बच गए, पर हम लोग डरने वाले नहीं हैं। इस तरह के लोगों को मैं वॉर्न करना चाहता हूं कि फिर से हमारे साथ कुछ करेंगे तो हमारे पास भी आपका पूरा कच्चा चिट्ठा है। ये लोग हमको क्लीन चिट का ज्ञान दे रहे हैं। आप बीजेपी में जाइये और क्लीन चिट खरीद लो।"

**प्रफुल्ल पटेल ने किया पलटवार**

उनके इस बयान के बाद प्रफुल्ल पटेल ने संजय राउत को एक्स पर टैग करते हुए लिखा, "अंगूर खट्टे हैं। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "बेहतर होता कि मेरे चरित्र और इतिहास के बारे में बात करने से पहले पवार साहब से जानकारी ले लेते।"

## ट्रैक्टर के कुएं में गिरने से छह मजदूरों के डूबने की आशंका

नांदेड, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नांदेड़ में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक ट्रैक्टर के कुएं में गिरने से छह मजदूरों के डूबने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में खेती के काम से जा रहे मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रैक्टर कुएं में गिर गया। हादसे में छह लोगों के डूबने की आशंका है। हादसा सुबह करीब 7.30 बजे अलेगांव गांव में हुआ। उन्होंने कहा, 'ट्रैक्टर पर कम से कम 10 लोग सवार थे और वे खेत में हल्दी की कटाई करने जा रहे थे। तभी वाहन कुएं में गिर गया। बारिश के कारण इलाका फिसलन भरा था।' अधिकारी ने बताया कि दो से तीन लोगों ने खुद को बचा लिया, जबकि छह मजदूरों के डूबने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है और अभी तक कोई शव बरामद नहीं हुआ है।

# दिल्ली पुलिस का ऑपरेशन क्लीन सिटी 2622 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ किए नष्ट



नई दिल्ली, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने एक ऐतिहासिक मेगा ड्रग डिस्ट्रक्शन ड्राइव का आयोजन करते हुए 1,643 किलोग्राम नशीले पदार्थों को नष्ट कर दिया जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमत 2,622 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई नशा मुक्त भारत अभियान के तहत की गई, 20 साल के इतिहास का सबसे बड़ा ड्रग विनाश किया गया अब तक 5,997 करोड़ रुपये की मादक दवाएं जला दी गईं, जिसमें पिछले 20 वर्षों (2004-2024) में जब्त किए गए ड्रग्स को समाप्त किया गया। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा की मौजूदगी में जैविक अपशिष्ट समाधान प्राइवेट लिमिटेड करनाल रोड स्थित साइट पर यह ऑपरेशन किया गया। नष्ट किए गए पदार्थों में 529 किलो गांजा, 517 किलो कोकीन, 11 किलो हेरोइन और 542 किलो पोपी स्ट्रॉ शामिल थे। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने बताया कि 2024 में एनडीपीएस एक्ट के तहत 1,789 मामले दर्ज किए गए और 2,290 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 4 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई, जबकि 5 करोड़ रुपए की संपत्तियों की जाँच चल रही है। पीआईटीएनडीपीएस एक्ट के तहत रिपीट ऑफेंडर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली को 2027 तक नशामुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत पुलिस ने हाल ही में 200 स्कूलों, 50 कॉलेजों, 200 दुकानों और 200 पब/बार में छापेमारी की। साथ ही, ऑटो-टैक्सी चालकोंकी रैंडम जांच और जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए।

जनवरी 2025 में लॉन्च किए गए मानस पोर्टल के जरिए अब कोई भी व्यक्ति 1933 हेल्पलाइन पर गुमनाम रूप से ड्रग तस्करों की सूचना दे सकता है। उपराज्यपाल ने नकद इनाम योजना की भी घोषणा की है ताकि आम नागरिक भी इस मुहिम में शामिल हों। दिल्ली पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे नशामुक्त दिल्ली 2027 के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करें और किसी भी ड्रग गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शनिवार, 5 अप्रैल 2025 

सुविचार

सरलता से महान सौंदर्य होता है। जो सरल है वह सत्य के करीब है

# ऐतिहासिक फैसलों में भाजपा सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका : चिंतला

## धर्म के आधार पर वोट की राजनीति करने वाली पार्टियों के खिलाफ भाजपा की लड़ाई जारी



हैदराबाद, 4 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित मीडिया सम्मेलन में भाजपा तेलंगाना प्रदेश उपाध्यक्ष चिंतला रामचन्द्र रेड्डी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार हैदराबाद स्थानीय निकाय एमएलसी उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया में पूर्व एमएलसी, स्थानीय निकाय चुनाव संयोजक रामचंदर राव के नेतृत्व में पार्टी नगरसेवकों, शहर अध्यक्षों और शहर के वरिष्ठ नेताओं ने उनसे परामर्श और चर्चा की। एमएचलसी उम्मीदवार के चयन के दौरान केंद्रीय मंत्री, भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष किशन रेड्डी, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय, राज्यसभा सदस्य डॉ.के. लक्ष्मण, रामचंदर राव के साथ चर्चा की और उम्मीदवार के चयन के बारे में केंद्रीय पार्टी को रिपोर्ट दी। इसी सिलसिले में हैदराबाद स्थानीय निकाय के एमएलसी चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार के तौर पर पार्टी की ओर एन गौतम राव के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। इस चुनाव में हैदराबाद कलेक्टरेट के 84 नगरसेवक, 15 विधायक, चार संसद सदस्य, दो राज्यसभा सदस्य और दो एमएलसी सहित लगभग 117 मतदाता भाग लेंगे। अखिल भारत विद्यार्थी परिषद में शुरू से ही सक्रिय रूप से भाग लिया और छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया।

30 साल तक एबीवीपी में और पिछले 15 साल से बीजेपी में काम करते हुए गौतम राव ने भाग्यनगर घटना के सह-मंत्री और हैदराबाद मध्य जिला अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी शुरू से ही एमआईएम पार्टी की जनविरोधी गतिविधियों के खिलाफ लड़ती रही है, जिसने पार्टी के नाम पर धर्म रखा है। यदि राज्य में कोई भी पार्टी सत्ता में है, तो उस पार्टी के साथ मतभेद रखना एमआईएम का काम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए एमआईएम का समर्थन कर रही है। यह इमारत, जो निज़ाम के शासनकाल के दौरान एक अग्निशमन सेवा स्टेशन थी, कांग्रेस शासन के दौरान एमआईएम के समर्थन के कारण दारुस्सलाम का केंद्र बन गई। वर्ष 1978 में, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री मर्री चेन्ना रेड्डी के शासनकाल के दौरान, हैदराबाद में एक महिला के बलात्कार के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा तीन दिन का कर्फ्यू लगाया गया था। उस समय एमआईएम ने दारुस्सलाम संपत्ति का मामला लाया और इसे कर्फ्यू हटाने के लिए एक समझौते के रूप में इस्तेमाल किया। चेन्ना रेड्डी के कार्यकाल के दौरान कट्टर एमआईएम पार्टी ने दारुस्सलाम संपत्ति मामले में दबाव डाला और मामला वापस ले लिया गया।

पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल के दौरान, एमआईएम ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में काम किया। एमआईएम पार्टी द्वारा अपनी ब्लैकमेलिंग प्रथाओं के माध्यम से की गई अनियमितताओं के कई मामले हैं। पिछले तीन एमएलसी चुनावों में, कांग्रेस पार्टी ने केवल करीमनगर-निजामाबाद-आदिलाबाद-मेदक पट्टाभद्रू निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव लड़ा और अन्य दो निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ने से पीछे हट गई। उन्होंने कहा कि करीमनगर, मंचिरयाला और निज़ामाबाद जैसे क्षेत्रों में, भले ही मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों ने खुद प्रचार किया, लोगों ने दो एमएलसी सीटों पर भाजपा को वोट दिया। एमआईएम पार्टी के डर से कांग्रेस हैदराबाद स्थानीय निकाय का एमएलसी चुनाव नहीं लड़ रही है। इसी तरह बीआरएस पार्टी को साफ तौर पर लग रहा है कि वह वोट संतृप्ति की राजनीति के तहत मजलिस पार्टी के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ रही है। वक्फ बोर्ड बिल पर कल तक राज्यसभा में बहस हुई। मुस्लिम अल्पसंख्यकों में गरीब मुसलमानों को वक्फ संपत्तियां मुहैया कराने के लिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। इस बिल को पास कराने की प्रक्रिया में तेलंगाना के 8 बीजेपी सांसदों ने अहम भूमिका निभाई।

अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक को खत्म करने और वक्फ बोर्ड विधेयक जैसे ऐतिहासिक फैसलों में तेलंगाना के भाजपा सांसदों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कुछ ऐसा है जिसे तेलंगाना के लोगों को भाग्यशाली मानना चाहिए। सभी लोगों को कट्टर मजलिस पार्टी के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। धर्म के आधार पर वोट की राजनीति करने वाली पार्टियों के खिलाफ भाजपा लड़ती रहेगी।

## यौन उत्पीड़न आरोपी को दस साल का कठोर कारावास

हैदराबाद, 4 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पहाड़ीशरीफ पुलिस स्टेशन के तहत एक व्यक्ति ने खराब स्वास्थ्य के कारण कुछ दिनों के लिए अपनी बेटी की कस्टडी अस्थायी रूप से अपने दोस्त को सौंपी थी। पिता के दोस्त ने लड़की से विश्वासघात किया, उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसका यौन उत्पीड़न किया। आरोपी सैयद हाजी अली, शाहीन नगर, बालापुर, रंगारेड्डी जिले का निवासी है। उसे दोषी ठहराया गया। पहाड़ीशरीफ पुलिस स्टेशन यू/एस 420,363,376 आईपीसी और पास्को अधिनियम की धारा 3 व 4 और पहाड़ीशरीफ स्टेशन एससी संख्या 614/2022 के तहत दर्ज इस मामले में, रंगारेड्डी जिले के फास्ट ट्रैक विशेष न्यायाधीश, एलबी नगर ने शुक्रवार को आरोपी को दोषी ठहराया है। इस मामले में आरोपी को दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं 15,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई तथा पीड़िता को 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। राचकोंडा पुलिस के मुताबिक इस मामले में अपर लोक अभियोजक सुनीता और डी. रघु ने बहस की।

## एक नवीनीकृत कन्वेयर बेल्ट से निरंतर मिट्टी की खुदाई

### एसएलबीसी सुरंग विशेष अधिकारी ने शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की

हैदराबाद, 4 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को एसएलबीसी के विशेष अधिकारी शिवशंकर लोथेटी ने सुरंग के अंदर चल रहे बचाव कार्यों पर राहत टीमों के शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के बाद विशेष अधिकारी शिव शंकर लोथेटी ने कहा कि राहत टीमें अपना सौंपा गया काम पूरी तरह से कर रही हैं। 24 घंटे तक सुरंग के अंदर, 5 उत्खननकर्ता दुर्घटना स्थल से स्टील के हिस्सों और भारी पत्थरों को लोको ट्रेन प्लेटफॉर्म के शीर्ष तक ले जा रहे थे, मिट्टी की खुदाई कर रहे थे और नवीनीकृत कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से 100 मीटर तक मिट्टी और कीचड़ को बाहर निकाल रहे थे। बताया गया कि सुरंग के अंदर झरने का पानी लगातार बाहर निकाला जा रहा है। राहत टीमों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए भोजन एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए राहत उपायों की प्रगति पर प्रतिदिन समीक्षा बैठक की जा रही है तथा राहत उपायों में तेजी लायी जा रही है। बैठक में सेना के अधिकारी विकास सिंह, विजय कुमार, सिंगरेनी वाइन रेस्क्यू के महाप्रबंधक बैद्य, एसडीआरएफ के अधिकारी गिरिधर रेड्डी, हाइड्रा के अधिकारी, दक्षिण मध्य रेलवे के अधिकारी रवीन्द्रनाथ, सिंचाई विभाग के डीई श्रीनिवासुलु, जीएसआई के अधिकारी राज कुमार, जेपी कंपनी के प्रतिनिधि व अन्य शामिल रहे।

## धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष अतिरिक्त बल तैनात किए जाएं : सीवी आनंद

**सीपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की**



हैदराबाद, 4 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। 6 अप्रैल, 2025 को होने वाली श्री रामनवमी शोभा यात्रा के मद्देनजर हैदराबाद के पुलिस महानिदेशक सी.वी. आनंद ने हैदराबाद पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने शोभा यात्रा के इतिहास और पिछले कुछ वर्षों में शोभा यात्रा के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं के बारे में विस्तार से बताया, सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की और श्री रामनवमी उत्सव समितियों और अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ कल किए गए मार्ग निरीक्षण के मद्देनजर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मुख्य जुलूस और छोटे जुलूसों के जुड़ने वाले चौराहे पर विशेष निगरानी स्थापित की जाए। यह भी सुझाव दिया गया कि धार्मिक स्थलों के आसपास समस्याग्रस्त क्षेत्रों में विशेष अतिरिक्त बल तैनात किए जाएं और निरंतर निगरानी बनाए रखी जाए। एहतियात के तौर पर, शहर के सभी अधिकारी और कर्मचारी, सभी जोनल कंट्रोल रूम अधिकारी और विशेष शाखा के अधिकारी अभी से सतर्क हो जाएं। जेबकतरों और चेन स्नैचरों पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम में विक्रम सिंह मान, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून और व्यवस्था, एस.चैतन्य कुमार डीसीपी, विशेष शाखा, पुष्पा डीसीपी, आईटी सेल और जोनल डीसीपी, इंस्पेक्टर, एसीपी और अन्य अधिकारियों ने वर्चुअली भाग लिया।

## बीआरएस पार्टी के राजोत्सव महासभा को लेकर बैठक आयोजित



हैदराबाद, 4 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के राजोत्सव महासभा की पृष्ठभूमि में नेता केसीआर की अध्यक्षता में हैदराबाद और संयुक्त रंगारेड्डी जिलों के पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ एक तैयारी बैठक आयोजित की गई। शुक्रवार को एर्राविली आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर, पूर्व मंत्री, विधायक सबिता इंद्रा रेड्डी, तलसानी श्रीनिवास यादव, मल्ला रेड्डी, एमएलसी शंभीपुर राजू, नवीन राव, वाणी देवी, दासोजू श्रवण, विधायक के.पी. विवेकानंद, माधवराम कृष्ण राव, पद्मा राव गौड़, मगंती गोपीनाथ, बंडरी लक्ष्मा रेड्डी, देवी रेड्डी सुधीर रेड्डी, मुथा गोपाल, मैरी राजशेखर रेड्डी, कालेरू वेंकटेश पूर्व विधायक कोप्पुला महेश रेड्डी, डॉ. मेटुकु आनंद, पायलट रोहित रेड्डी, मंचिरेड्डी किशन रेड्डी, बीआरएस नेता कार्तिक रेड्डी, मन्ने गोवर्धन रेड्डी, मुथा जयसिम्हा, पूर्व अध्यक्ष मन्ने कृष्णक, पूर्व अध्यक्ष गज्जेला नागेश, कुमारी निवेदिता सयाना, पंजुगुला श्रीशैल रेड्डी और अन्य ने भाग लिया।

## कृषि आयोग ने मुख्य सचिव शांति कुमारी को रिपोर्ट दी

### बीज एवं कृषि बाजार अधिनियम में तत्काल संशोधन का प्रस्ताव



हैदराबाद, 4 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि एवं किसान कल्याण आयोग ने हाल ही में मुलुगु जिले में आदिवासी किसानों द्वारा मक्के के बीज को भारी नुकसान पहुंचाने की घटना के मद्देनजर की जाने वाली कानूनी कार्रवाई पर राज्य की मुख्य सचिव शांति कुमारी को एक रिपोर्ट दी है। राज्य सचिवालय में सीएस से मुलाकात करने वाले किसान आयोग के अध्यक्ष कोदंडा रेड्डी, सदस्य भवानी रेड्डी, भूमि सुनील और कृषि विज्ञानी रामंजनेयुलु ने प्रस्ताव पत्र प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि एतुरु नगरम एजेंसी क्षेत्र में मक्का बीज की खेती करने वाले किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। जैसे ही यह घटना सामने आई, किसान आयोग ने क्षेत्र का दौरा करने और नुकसान का आकलन करने के लिए एक तथ्य-खोज समिति का गठन किया और संबंधित अधिकारियों को किए जाने वाले उपायों के निर्देश जारी किए। जिला प्रणाली ने नुकसान झेलने वाले किसानों को पर्याप्त मुआवजा देने के लिए पहले ही उपाय कर लिए हैं। अपने पत्र में आयोग ने स्पष्ट किया कि मुलुगु की घटना बीज और बाजार कानूनों की कमियों को उजागर करती है। तेलंगाना राज्य के गठन के बाद पिछली सरकार द्वारा कृषि बाज़ार कानूनों में किए गए कुछ संशोधनों से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इस पृष्ठभूमि में, कृषि आयोग ने मुख्य सचिव शांति कुमारी को एक रिपोर्ट दी है जिसमें तेलंगाना कृषि बाजार अधिनियम और बीज अधिनियम में किए जाने वाले बदलावों पर कई सुझाव दिए गए हैं। सुझाव में कहा गया है कि पिछली बीआरएस सरकार ने अनुबंध खेती से संबंधित कृषि बाजार अधिनियम की धारा 11ए में संशोधन किया और कंपनियों के प्रति बिना किसी दायित्व के आयोजकों की एक प्रणाली शुरू की। अब इस धारा में संशोधन कर 2005 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लाये गये प्रावधान को जारी रखने का सुझाव दिया गया है। इसी क्रम में केंद्र द्वारा बनाए गए बीज अधिनियम में नकली बीज बनाने और बेचने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई के सख्त प्रावधान नहीं हैं। बीज अधिनियम में संशोधन कर नकली बीजों की बिक्री पर महाराष्ट्र की तरह कड़ी कार्रवाई करने का सुझाव दिया गया है। आयोग ने सुझाव दिया कि किसानों के कल्याण के लिए काम करने वाले कृषि विभाग का नाम बदलकर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कर दिया जाना चाहिए।

# सीसीएमबी का सिकल सेल एनीमिया के लिए आणविक परीक्षण-आधारित जांच का विस्तार

**सीएसआईआर-सीसीएमबी का टीएसएफ और एनएचएम के साथ समझौता**




हैदराबाद, 4 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान, सेलुलर और आणविक जीवविज्ञान केंद्र ने झारखंड की आबादी में सिकल सेल एनीमिया (एससीए) की जांच के लिए टाटा ट्रस्ट फाउंडेशन (टीएसएफ) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), झारखंड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह ऐतिहासिक प्रयास झारखंड के लोगों के स्वास्थ्य की बेहतरी के प्रति टीएसएफ की प्रतिबद्धता के साथ एससीए परिवारों के जीवन में बदलाव लाने और शीघ्र निदान के लिए सीसीएमबी के मिशन को जोड़ता है। पायलट परियोजना से राज्य में एससीए के बोझ का अनुमान लगाने और बीमारी के लिए निवारक और प्रबंधन रणनीतियों को डिजाइन करने में सहायता मिलने की उम्मीद है। सिकल सेल एनीमिया (एससीए) बीटा ग्लोबिन जीन में परिवर्तन (उत्परिवर्तन) के कारण होने वाला एक आनुवंशिक विकार है जो लाल रक्त कोशिकाओं की संरचना को बदल देता है, जिससे वे सिकल के आकार के हो जाते हैं और नष्ट होने (हेमोलिसिस) के लिए अधिक प्रवण हो जाते हैं, जिससे क्रोनिक एनीमिया और वासो-ऑक्लूसिव संकट होता है। यह उत्परिवर्तन (जीन के कोडन 6 में जीएजी से जीटीजी) के कारण होता है और एक ऑटोसोमल रिसेसिव इनहेरिटेंस पैटर्न का अनुसरण करता है, जैसे कि प्रभावित बच्चे तब पैदा होते हैं जब वाहक और/या प्रभावित व्यक्ति एक दूसरे के साथ प्रजनन करते हैं। यह समुदाय स्तर पर प्रारंभिक जांच और रोग उन्मूलन के लिए रणनीति बनाने का अवसर प्रदान करता है। एससीए भारत के कई राज्यों, मुख्य रूप से मध्य भारत, विशेष रूप से आदिवासी आबादी में अत्यधिक प्रचलित है। भारत सरकार (जीओआई) ने जुलाई 2023 में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (एनएससीईएम) शुरू किया है, जिसका उद्देश्य 2047 तक इस बीमारी को खत्म करना है। इसके लिए उच्च प्रसार वाले क्षेत्रों, खासकर आदिवासी क्षेत्रों में 0-40 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 7.0 करोड़ लोगों की सार्वभौमिक जांच और केंद्रीय मंत्रालयों के सहयोगात्मक प्रयासों के जरिए काउंसलिंग की जाएगी। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), भारत सरकार ने सीएसआईआर-सीसीएमबी में वरिष्ठ वैज्ञानिक और वर्तमान सर जेसी बोस फेलो डॉ. गिरिराज रतन चांडक के नेतृत्व में 2018 में सीएसआईआर-सिकल सेल एनीमिया मिशन की कल्पना की थी। उनकी वैज्ञानिक टीम ने कम लागत वाला, मजबूत, तेज और विश्वसनीय ड्राइड ब्लड स्पॉट (डीबीएस) पीसीआर आधारित आणविक परीक्षण विकसित किया है, जो अपनी तरह का पहला है।

इस स्वदेशी रूप से पूरी तरह से विकसित मेक-इन-इंडिया परीक्षण को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा 100 प्रतिशत संवेदनशीलता और विशिष्टता के साथ स्क्रीनिंग-सह-पुष्टि परीक्षण के रूप में मान्य किया गया है। यह सरल परीक्षण विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए कागज़ पर एकत्रित रक्त की एक बूंद पर निर्भर करता है, जिसके बाद डीबीएस के किसी भी प्रीप्रोसेसिंग के बिना सीधे पीसीआर किया जाता है और यह जनसंख्या स्तर पर सामान्य, वाहक और बीमारियों वाले व्यक्तियों के बीच अंतर करने में सक्षम है।

यह अंतःशिरा रक्त संग्रह, डीएनए अलगाव, क्यूसी जांच की आवश्यकता को समाप्त करता है और इस प्रकार परीक्षण को अत्यधिक उच्च थ्रूपुट बनाता है। इस तकनीक का उपयोग छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई क्षेत्रों में सफलतापूर्वक किया गया है, इस प्रकार विभिन्न सेटिंग्स में परीक्षण के परिणामों की मजबूती स्थापित करने के साथ-साथ देश में एससीए का जनसांख्यिकीय मानचित्र तैयार किया गया है। यह जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में सीएसआईआर-सीसीएमबी में मिशन निदेशक और सर जे.सी. बोस फेलो डॉ.जी.आर. चांडक भारत में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग पहल के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर सीसीएमबी के निदेशक डॉ. विनय के. नंदीकूरी, टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ डॉ. सौरव रॉय उपस्थित रहे।

## निम्स अस्पताल में एक व्यक्ति ने की आत्महत्या की कोशिश, हालत गंभीर

**शराब का लती है युवक**

हैदराबाद, 4 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एनआईएमएस) में शुक्रवार को एक मरीज के रिश्तेदार ने आत्महत्या का प्रयास किया। पीड़ित की पहचान के नारायण (35) के रूप में हुई है, जो मंचेरियल जिले के बेल्लमपल्ली का निवासी है। वह शराब का आदी है और अपने बीमार पिता हनुमंतु (55) को देखने के लिए अस्पताल गया था, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जाहिर है, नारायण शराब पीने के लिए नहीं मिलने से परेशान था। वह निम्स इमरजेंसी ब्लॉक की दूसरी मंजिल पर चढ़ गया और वहां से कूद गया। वह जमीन पर गिर गया और उसे गंभीर चोटें आईं। उसे तुरंत कैजुअल्टी में ले जाया गया और उसका इलाज चल रहा है।

## भट्टी ने कर्मचारियों के लंबित बिलों का जल्द ही भुगतान करने का वादा किया



हैदराबाद, 4 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने वादा किया है कि कर्मचारियों से संबंधित लंबित बिलों का जल्द ही भुगतान किया जाएगा। शुक्रवार को, अध्यक्ष वी. लची रेड्डी की अध्यक्षता में तेलंगाना कर्मचारी जेएसी के प्रतिनिधियों ने प्रजा भवन में उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क से मुलाकात की और इन लंबित बिलों के तत्काल भुगतान की मांग वाली याचिका प्रस्तुत की। बैठक के दौरान, लची रेड्डी ने सरकारी कर्मचारियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की, और राज्य स्तर पर उनके लंबित बिलों और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के बिलों के निपटान की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उनकी चिंताओं के जवाब में, उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले मुद्दों का समाधान किया जाएगा, और सभी लंबित बिलों का जल्द से जल्द भुगतान किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री से मिलने वालों में डिप्टी कलेक्टर्स एसोसिएशन के महासचिव के. रामकृष्ण, टीजीटीए के राज्य अध्यक्ष रामुलु, महासचिव रमेश पाका और अन्य शामिल थे।

## सर्वधर्म समान है कांग्रेस की नीति : गौड़

हैदराबाद, 4 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष और एमएलसी महेश कुमार गौड़ ने दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में कांग्रेस नेता इब्राहिम के नेतृत्व में ईद मिलाप में भाग लिया। टीपीसीसी के अध्यक्ष ने कहा कि धार्मिक आस्था व्यक्तिगत है और धर्मनिरपेक्षता कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है। उन्होंने सुझाव दिया कि हमें देश के विकास और अखंडता के लिए मिलकर काम करना चाहिए। कांग्रेस आम नागरिक के लिए काम कर रही है।



## मायावती बोलीं- वक्फ संशोधन बिल से हम सहमत नहीं, दुरुपयोग होने पर मुसलमानों का साथ देंगे



लखनऊ, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन बिल पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि केंद्र सरकार इस बिल को जल्दबाजी में लाई है। अगर इस बिल को समझने के लिए जनता को और समय दिया जाता तो अच्छा होता। एक्स पर जारी किए गए बयान में उन्होंने कहा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता पक्ष व विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कार्ष यही निकलता है कि केन्द्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी सन्देहों को भी दूर करके जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता। उन्होंने कहा कि दुःख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर इसे पास कराया है। यह उचित नहीं और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकारें इसका दुरुपयोग करती हैं तो फिर पार्टी मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी अर्थात ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है। 2। लेकिन दुःख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाज़ी में लाकर जो इसे पास कराया है यह उचित नहीं और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकारें इसका दुरुपयोग करती हैं तो फिर पार्टी मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी अर्थात ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है। बता दें कि वक्फ संशोधन बिल को लोकसभा और राज्यसभा में पास कर दिया गया है अब जल्द ही मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।

# मुस्लिम नेताओं-कार्यकर्ताओं का जदयू छोड़ना जारी

## दो के बाद अब कितने नाम जुड़ गए?



पटना, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन विधेयक पर बिहार में सियासी घमासान जारी है। विधानसभा चुनाव से पहले सीएम नीतीश कुमार की पार्टी झटका लगा है। जनता दल यूनाईटेड का रूख विधेयक में पक्ष में होने के कारण पार्टी के मुस्लिल नेता नाराज हो गए हैं। एक-एक कर अब तक चार नेताओं ने पार्टी से अपना इस्तीफा दे दिया। इनमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो। शाहनवाज मलिक, प्रदेश महासचिव मो। तबरेज सिद्दीकी अलीग, भोजपुर से पार्टी सदस्य मो। दिलशान राईन और जदयू के पूर्वी चंपारण जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रवक्ता कासिम अंसारी ने इस्तीफा दे दिया। इन नेताओं ने वक्फ संशोधन विधेयक पर जदयू के रूख को लेकर नाराजगी जताई है। कहा कि पार्टी ने लाखों मुसलमानों का भरोसा तोड़ दिया है।

**जानिए, क्या लिखा त्याग पत्र में**

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव शाहनवाज मलिक ने अपने इस्तीफे वाली चिट्ठी में सीएम नीतीश कुमार को संबोधित करते हुए लिखा कि हम जैसे लाखों करोड़ों मुसलमानों का अटूट विश्वास था कि आप सेक्युलर विचारधारा के ध्वजवाहक हैं। लेकिन, अब यकीन टूट गया। वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 पर जदयू के पक्ष से हमलोगों को गहरा आघात लगा है। हमलोग लोकसभा में केंद्रीय मंत्री और पार्टी के वरीय नेता ललन सिंह के तेवर से आहत हैं। उन्होंने जिस तरह का वक्तव्य दिया और इस बिल का समर्थन किया, उससे पार्टी को वोट करने वाले मुसलमान मर्माहत हैं। यह बिल मुसलमानों के विरूद्ध है। हम किसी सूरत में इसे स्वीकार नहीं कर सकते हैं। यह बिल संविधान के मौलिक अधिकारों का हनन करता है। अब मुझे अफसोस हो रहा है कि हमलोग अपनी जिंदगी के कई वर्ष इस पार्टी को दे दिया। इसलिए मैं स्वेच्छा से त्याग पत्र दे रहा हूं।

## माफिया अतीक के बेटे अली ने जेल में मांगी एलईडी टीवी

### अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में भेजा प्रार्थना पत्र



प्रयागराज, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय कारागार नैनी की हाई सिक्योरिटी सेल में बंद माफिया अतीक अहमद के बेटे अली ने समय बिताने के लिए अपनी सेल में टीवी लगवाने की मांग की है। अली ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत किए गए प्रार्थना पत्र में इसकी मांग की थी। इसके साथ ही उसने अन्य मांग भी शामिल है। हालांकि मामले में जेल प्रशासन द्वारा न्यायालय में जबाव प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि जेल में मैनुअल के अनुसार ही हर बंदी को सुविधा प्रदान की जाती है। सेल में टीवी लगाने का मैनुअल में कोई प्रावधान नहीं है। बता दें कि माफिया अतीक अहमद का बेटा जेल में कई सालों से बंद है। उसे जेल की हाईसिक्योरिटी सेल में रखा गया है और उसपर सिपाही और सीसीटीवी कैमरे से नगर रखी जा रही है। एकांत में बंद होने के कारण उसका समय नहीं कट रहा है। और वह बाहरी दुनिया से बिलकुल अलग हो गया है। उसकी पेशी भी जेल के अंदर वीडियो कांफेंसिंग से हो रही है। यही कारण है कि उसने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अपने बैरक में टीवी लगवाने की मांग की है, जिसे जेल प्रशासन ने एक सिरे से खारिज कर दिया है। माफिया अतीक अहमद के देवरिया जेल में बंद होने के दौरान रंगदारी वसूल जाने समेत कई अन्य मामले को लेकर बीते कई साल से उसका बेटा अली अहमद नैनी जेल में बंद है।जेल प्रशासन ने अदालत में जवाब दाखिल करते हुए इसे जेल मैनुअल के अनुसार गलत बताया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक केंद्रीय कारागार नैनी रंग बहादुर पटेल ने बताया कि कई माह पहले उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। जिसपर जेल प्रशासन द्वारा जबाव दे दिया गया है। वहीं उसे सेल में अखबार और किताब पढ़ने के लिए उपलब्ध कराई जाती है।

# आजम खान की बढ़ी मुसीबत

## जौहर ट्रस्ट मामले में आयकर विभाग करेगा 550 करोड़ रुपये की वसूली



रामपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान लंबे समय से जेल में हैं, लेकिन आजम खान की मुश्किलें जेल में रहने के बावजूद बाहर कम होने का नाम नहीं ले रही है। आजम खान के जौहर ट्रस्ट से आयकर विभाग करीब 550 करोड़ रुपए की वसूली करेगा। यह वसूली ट्रस्ट की ओर से रामपुर में बनाए गए जौहर विश्वविद्यालय में निवेश की गई बेनामी रकम की वजह से होगी। विश्वविद्यालय के निर्माण में खर्च हुई करीब 350 करोड़ रुपए की रकम का स्रोत पता नहीं लगने से इस पर जुर्माना और ब्याज के साथ आयकर वसूला जाएगा। आयकर अधिकारियों के मुताबिक, आजम और उनके करीबियों के ठिकानों पर डेढ़ साल पहले छापे में विश्वविद्यालय के निर्माण से बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों के सुराग मिले थे।

**100 करोड़ की रकम ही रही वैध**

आयकर विभाग में केंद्रीय लोग निर्माण विभाग सीपीडब्ल्यूडी से विश्वविद्यालय के निर्माण में खर्च रकम का मूल्यांकन करने को कहा था, जिसमें उन्होंने करीब 450 करोड़ पाया, लेकिन आयकर विभाग की ओर से विश्वविद्यालय में निर्माण करने वाली जौहर टेस्ट के खाते की जांच की तो करीब 100 करोड़ रुपए की रकम ही वैध रूप से होने का प्रमाण मिले। बाकी रकम के स्रोत के बारे में ट्रस्ट नहीं बता सका। शैक्षणिक संस्थान होने की वजह से विश्वविद्यालय के निर्माण पर खर्च हुई रकम ट्रस्ट ने कोई आयकर नहीं दिया था। आयकर सूत्रों के मुताबिक, करीब 350 करोड़ रुपए अवैध तरीके से विश्वविद्यालय के निर्माण में खर्च होने की वजह से आयकर की वसूली होगी। विभाग ट्रस्ट से 30 प्रतिशत जुर्माना भी वसूलेगा साथ ही इसका ब्याज मिलेगा। आजम खान को जेल में रहते हुए लंबा समय हो गया है। वो अक्टूबर 2023 से जेल में बंद हैं, फिलहाल वो हरदोई की जेल में बंद हैं। आजम खां पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने दलितों की संपत्ति को जबरन हड़प लिया है। जब जौहर यूनिवर्सिटी की नींव रखी गई थी, तब मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग 100 घर जलकर राख

दरभंगा, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दरभंगा के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के भटवन और मधुबन गांव में बीती रात करीब 2 बजे भीषण आग लग गई। आग में दोनों गांवों के करीब 100 घर जलकर राख हो गए। ग्रामीणों का सारा सामान राख हो गया। घटना में किसी आदमी के हताहत की सूचना नही है। वहीं 4 बकरियां जिंदा जल गई। धर्मदेव यादव के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। इसके बाद आग ने धीरे-धीरे पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के दौरान गांव के लोग गहरी नींद में थे। अचानक उठे शोर और लपटों से लोग जागे। ग्रामीणों ने हैंडपंप और बाल्टी से आग बुझाने की कोशिश की। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की तीन बड़ी और एक छोटी गाड़ी मौके पर पहुंची। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान 4-5 सिलेंडर में भी ब्लास्ट हुआ। घटना में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। किसी के पास खाने का सामान नहीं बचा। किसी के पास रहने की जगह नहीं रही। जिलाधिकारी राजीव रौशन ने घटना को लेकर कई बार पूछताछ की। राहतकर्मियों को भेजकर नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया। ग्रामीण त्रिभुवन कुमार ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा तय 12 हजार रुपए से कुछ नहीं होगा। हर परिवार को 5 से 10 लाख रुपए तक का नुकसान हुआ है।

## मनोज कुमार के निधन पर चिराग पासवान ने जताया दुख

### जीतन राम मांझी ने शेयर किया विडियो



पटना, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का आज (शुक्रवार) सुबह करीब 3:30 बजे कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन के बाद से हर तरफ शोक की लहर है। राजनीतिक जगत से भी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, चिराग पासवान समेत कई नेताओं ने दुख जताया है। चिराग पासवान ने एक्स पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा, भारतीय सिनेमा जगत में अपने अभिनय से सभी के दिलों को छू लेने वाले श्री मनोज कुमार जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनका जाना कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों और प्रशंसकों को संबल प्रदान करें। ॐ शांति। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मनोज कुमार का एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, भारत का रहने वाला हूं भारत की बात सुनाता हूं... अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने वाले भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्देशक मनोज कुमार जी का निधन पूरे फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिजनों और प्रशंसकों को संबल प्रदान करें। जेडीयू नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने भी मनोज कुमार के निधन पर दुख जताया है। संजय झा ने भी मनोज कुमार का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा, भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं। अपने यादगार अभिनय से करोड़ों सिने प्रेमियों के दिलों में अमिट छाप छोड़ने वाले मशहूर अभिनेता एवं निर्देशक पद्मश्री मनोज कुमार जी उर्फ 'भारत कुमार' के निधन से कला जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा की चिर शांति तथा उनके शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। ॐ शांति!

## आरएसएस चीफ और सीएम की मुलाकात के दावों के बीच अखिलेश यादव ने कसा तंज

### कहा- अवसर मिल जाएगा



लखनऊ, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत इन दिनों उत्तर प्रदेश स्थित वाराणसी में पांच दिन के प्रवास पर हैं। दावा किया जा रहा है कि भागवत के पांच दिवसीय प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात हो सकती है। दोनों के मुलाकात के दावों के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा है कि हो सकता है कि बीजेपी का अध्यक्ष कौन होगा, इस पर चर्चा हो जाए। सोशल मीडिया साइट एक्स पर बिना दोनों नेताओं का नाम लिखे कन्नौज सांसद ने तंज कसा। यूपी के पूर्व सीएम ने लिखा- एक 'प्रमुख' एक 'मुख्य' को अगर संगी बनाकर शिक्षा के केंद्र में साथ ले जाएं तो '46 में 56' कहनेवालों की अनूठी समझबूझ से विद्यार्थियों का और भी अधिक ज्ञानवर्धन होगा और साथ ही उनके दल का अध्यक्ष कौन बनेगा बहुत दिनों से लंबित इस विषय पर भी चर्चा करने का अवसर मिल जाएगा।

## टला बड़ा हादसा: पटरी से उतरने से बची जनशताब्दी एक्सप्रेस, इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी



सहारनपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। देहरादून से दिल्ली जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस सहारनपुर में नागल स्टेशन के पास पटरी से उतरने से बच गई। अचानक ट्रेन का पहिया जाम हो गया। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। ट्रेन इमरजेंसी ब्रेक लगाने से करीब 50 मीटर ट्रैक डैमेज हो गया। इसके साथ ही ट्रैक बदलने का कांटा भी टुट गया। सहारनपुर से नया लोकोमोटिव नागल भेजा गया है। गाड़ी संख्या 12056 देहरादून से दिल्ली के बीच संचालितो होती है। ट्रेन सुबह अपने निर्धारित समय से देहरादून से रवाना हुई। ट्रेन ने जैसे ही नागल स्टेशन पार किया तो मीरपुर फाटक के पास अचानक से ट्रेन का पहिया जाम हो गया। ट्रेन के पहिए जाम होने की जानकारी जैसे ही लोको पायलट को हुई तो लोको पायलट ने सुझबुझ दिखाते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। इमरजेंसी ब्रेक लगाते ही ट्रेन अचानक से रूकी। इमरजेंसी ब्रेक लगाने से ट्रेन पटरी पर घिसटती चली गई। इस कारण करीब 50 मीटर तक पटरी के पैडल क्लिप उखड़ गए। ट्रेन के अचानक रूकने से ट्रेन में मौजूद लोगों में खलबली मच गई। घटना का पता लगते ही रेलवे के अधिकारियों में हडकंप मच गया। आनन-फानन में रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्रैक के क्षतिग्रस्त होने से रेलवे ट्रैक पर जहां के तहां ट्रेनों के पहिए थम गए। रेलवे अधिकारी ट्रैक को दुरुस्त करने में लगे हैं। ट्रैक के बाधित होने से वंदे भारत और उज्जैनी एक्सप्रेस को भी सहारनपुर स्टेशन पर रोकना पड़ा है। इसके अलावा अन्य ट्रेनों को भी बीच रास्ते में रोका गया है। दो दिन पहले खानआलमपुर यार्ड में खाली मालगाड़ी बेपटरी हो गई थी। मालगाड़ी के आखिरी वैगन के दो पहिए ट्रैक से उतर गए थे। घटना की जांच के लिए डीआरएम अंबाला स्वयं मौके पर पहुंचे थे।

## सपा सांसद को चेतावनी 12 अप्रैल को रक्त स्वाभिमान रैली का एलान

आगरा, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। राणा सांगा पर विवादित बयान के मामले में शमशेर सिंह राणा समाजवादी पार्टी के राज्यससभा सांसद रामजीलाल सुमन पर भड़के हुए हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि रामजीलाल सुमन पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) लगाना चाहिए। राणा ने सुमन को काबुल में बाबर की कब्र वाले कमरे में बंद करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सत्ता में आने पर अन्य पिछड़ा वर्ग को भूल गए। हमारी पार्टी सत्ता में आई तो हम सभी को बराबर का हक देंगे। शमशेर सिंह राणा उर्फ पंकज सिंह का जन्म 17 मई 1976 को उत्तराखंड में रुड़की के एक राजपूत परिवार में हुआ था। 25 जुलाई 2001 को डकैत से सांसद बनी फूलन देवी की दिल्ली में हत्या करने में नाम सामने आया। 27 जुलाई को देहरादून में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था

# जेडीयू नेताओं के इस्तीफे पर पप्पू यादव का बड़ा बयान

## सीएम नीतीश के लिए क्या कहा? बीजेपी पर भी निशाना

पूर्णिया, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ (संशोधन) विधेयक लोकसभा में पास होने के बाद राज्यसभा में भी पास हो गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया है। इसकी वजह से जेडीयू के कई नेताओं ने नाराजगी जताई है और पार्टी से इस्तीफा भी दे दिया। इन इस्तीफों पर पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार कल भी सेक्युलर थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे, लेकिन नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति इस समय बहुत अच्छी नहीं है। सांसद ने कहा कि उनकी (नीतीश कुमार) पार्टी के 90% नेता एससी/एसटी के खिलाफ हैं, लेकिन बीजेपी से जुड़े हुए हैं। वो बीजेपी के साथ दूध में मिश्री की तरह मिले हुए हैं। जो उनके



(जेडीयू) नेता सदन में बोलते हैं तो लगता है बीजेपी से ज्यादा आक्रामक वही हैं। पप्पू यादव ने कहा, लगता है उनके नेता सब चीज का ठेका लिए हुए हैं। मैं समझता हूं कि बहुत देर हो रही है। अगर कोई मुस्लिम नेता जेडीयू में बच भी जाएं तो इस निर्णय से उन्होंने अपना अंतिम कील ठोक ली है।

**'बीजेपी को नीतीश कुमार की जरूरत नहीं पड़ेगी'**

आगे सांसद ने कहा कि एजेंडा तय कर लिया है, बीजेपी को चंद्राबाबू नायडू को खत्म करना था उनको भी उन्होंने खत्म कर दिया है। अब उन्हें नीतीश कुमार को खत्म करना है। जिस दिन बिहार में वोटिंग होगी, उस दिन शाम 5 बजे के बाद बीजेपी को नीतीश कुमार की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**'जेडीयू कहीं और शिफ्ट कर चुका है'**

एक सवाल के जवाब में पप्पू यादव ने कहा कि नीतीश कुमार आज भी सेक्युलर हैं मैं उन पर सवाल खड़ा नहीं कर रहा हूं, लेकिन अब जो स्थिति है नीतीश कुमार के हाथ में जेडीयू नहीं है। जेडीयू कहीं और शिफ्ट कर चुकी है। बीजेपी की पूरी विचारधारा उनके साथ है। दो नेताओं के इस्तीफे पर उन्होंने कहा कि ये बहुत लेट आए बहुत देर हो गई है।

## 'मेरठ में 15 टुकड़े किए थे, तुम्हारे 16 टुकड़े कर देंगे', पत्नी के प्रेमी ने दी धमकी; पति ने लगाई सुरक्षा की गुहार

अमरोहा, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पतेई खादर "साहब मेरी पत्नी गैर संप्रदाय के युवक के प्रेम जाल में फंसी है। वह मुझे 16 टुकड़े करने की धमकी दे रहे हैं। 31 मार्च को प्रेमी मेरे घर आया था, जो कह कर गया है कि मेरठ में तो 15 टुकड़े करके पैक किया था। तुम्हारे 16 टुकड़े कर देंगे।" ये बातें यूपी के अमरोहा के रहने वाले एक शख्स ने वीडियो में कही हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। युक रहरा थाना क्षेत्र के गांव का रहने वाला है। वीडियो में युवक कह रहा है कि पड़ोसी गांव के दूसरे संप्रदाय के युवक के प्रेम जाल में उसकी पत्नी फांसी हुई है। 31 मार्च को उसके घर पर आरोपी कुछ साथियों के साथ आया था और धमकी देकर गया कि अगले दिन उसकी पत्नी भी आएगी। हालांकि, गांव के लोगों का कहना है कि वीडियो में युवक जिसे पत्नी कह रहा है उसे उसने छोड़ रखा है

# कमीशनखोरी में ईडी की केस दर्ज करने की तैयारी

## सौर ऊर्जा के कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी से कमीशन मांगे जाने का मामला




लखनऊ, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। सौर ऊर्जा के कलपुर्जे बनाने का संयंत्र लगाने वाली कंपनी से कमीशन मांगे जाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी अपनी जांच तेज की है। ईडी मामले में जल्द केस दर्ज करने की तैयारी में है। मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश के विरुद्ध विजिलेंस जांच शुरू होने के बाद ईडी और सक्रिय हो गया है। वहीं, विजिलेंस ने खुली जांच के तहत अभिषेक प्रकाश की चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि विजिलेंस अभिषेक प्रकाश के साथ तैनात रहे उनके सहयोगी अधिकारियों से भी पूछताछ कर सकता है। सौर ऊर्जा के कलपुर्जे बनाने का संयंत्र लगाने वाली कंपनी एसएईएल सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड से कमीशन मांगे जाने के मामले में गिरफ्तार निकान्त जैन के विरुद्ध ईडी ने जांच शुरू की थी। ईडी ने पुलिस से उसके बैंक खातों व कंपनियों से जुड़ी जानकारियां हासिल की हैं, जिनके आधार पर पड़ताल की जा रही है। निकान्त जैन की कंपनियों के खातों में बीते कुछ वर्षों में हुए बड़े लेनदेन को खंगाला जाएगा। ईडी को पुलिस से कुछ दस्तावेज मिलने की प्रतीक्षा भी है, जिनके मिलने पर उसकी जांच और गति पकड़ेगी।

शासन ने कमीशनखोरी का मामला सामने आने पर इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया था। पूरे मामले में जांच एजेंसियां अलग-अलग छानबीन कर रही हैं। लखनऊ पुलिस गोमतीनगर थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे की विवेचना चल रही है, जिसमें आरोपित निकान्त जैन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। हालांकि पुलिस की विवेचना में अब तक उस वरिष्ठ अधिकारी का नाम उजागर नहीं हो सका है, जिसने कंपनी के प्रतिनिधि को निकान्त जैन का नंबर दिया था और उससे बात करने के लिए कहा था। निकान्त ने निवेश प्रस्ताव की मंजूरी के बदले कंपनी प्रतिनिधि से पांच प्रतिशत कमीशन की मांग की थी, जिसकी शिकायत पर कमीशनखोरी का यह बड़ा मामला सामने आया था।

**कंपनी प्रतिनिधि से वरिष्ठ अधिकारी का नाम पूछेगी पुलिस**

पुलिस आरोपित निकान्त जैन के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराने वाले एसएईएल सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि विश्वजीत दत्ता के दोबारा बयान दर्ज करेगी। गोमतीनगर पुलिस ने वादी विश्वजीत दत्ता को इसके लिए नोटिस जारी की है। इस बार उनके विस्तार से बयान दर्ज किए जाने की तैयारी है। माना जा रहा है कि पुलिस खासकर यह जानने का प्रयास करेगी कि उन्हें निकान्त जैन का मोबाइल नंबर इन्वेस्ट यूपी के किस वरिष्ठ अधिकारी ने दिया था। ध्यान रहे, कोर्ट ने बीते दिनों पुलिस को विवेचना में वरिष्ठ अधिकारी का नाम पता लगाने का निर्देश दिया था। वादी से दोबारा पूछताछ में अन्य नए तथ्य भी सामने आ सकते हैं। आरोपित निकान्त जैन से की गई शुरुआती पूछताछ में वरिष्ठ अधिकारी का नाम सामने नहीं आ सका था। पुलिस ने निकान्त जैन को अभी पुलिस रिमांड पर लेने की पहल नहीं की है।

# ताजमहल ने एएसआई को किया मालामाल! इस अजूबे से हुई सबसे ज्यादा कमाई



आगरा, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। मुगलकालीन मकबरा ताज महल पिछले पांच वर्षों में टिकटों की बिक्री के जरिए सबसे अधिक कमाई करने वाला एएसआई संरक्षित स्मारक रहा है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से पूछा गया था कि पिछले पांच सालों में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को विभिन्न स्मारकों में प्रवेश टिकटों की बिक्री से कितनी राशि प्राप्त हुई है, और पिछले पांच सालों में प्रवेश टिकटों की बिक्री से सबसे अधिक आय प्राप्त करने वाले स्मारक कौन हैं। अपने जवाब में मंत्री शेखावत ने वित्तीय वर्ष 19-20 से लेकर वित्त वर्ष 23-24 तक के आंकड़े साझा किए जिनके अनुसार, ताज महल ने सभी पांच सालों में टिकटों बिक्री के जरिए एएसआई संरक्षित स्मारकों में शीर्ष स्थान अर्जित किया। मुगलकालीन स्थापत्य कला के इस स्मारक का निर्माण 17वीं शताब्दी में सम्राट शाहजहाँ ने करवाया था और इसे दुनिया की सबसे खूबसूरत इमारतों में से एक माना जाता है।

वित्त वर्ष 19-20 में आगरा का किला और दिल्ली का कुतुब मीनार टिकटों की बिक्री के जरिए दूसरे और तीसरे स्थान पर थे। वित्त वर्ष 20-21 में तमिलनाडु का मामल्लापुरम स्मारक और सूर्य मंदिर, कोणार्क दूसरे और तीसरे स्थान पर थे। वित्त वर्ष 23-24 में दिल्ली का कुतुब मीनार और लाल किला दूसरे और तीसरे स्थान पर थे। बता दें कि ताज महल दुनिया के सात अजूबों में शामिल है। यह एक अद्वितीय स्थापत्य कला का नमूना है और इसे 2007 में न्यू सेवन वंडर्स ऑफ द वर्ल्ड की सूची में चुना गया था। इसकी सुंदरता, इतिहास और महत्व इसे वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित स्थल बनाते हैं।

# क्या बीजेपी पाकिस्तान को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है? नितेश राणे के बयान से मची सियासी खलबली



मुबई, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता नितेश राणे ने कहा कि उनकी पार्टी पाकिस्तान को 'हिंदू राष्ट्र' बनाना चाहती है। मत्स्य और बंदरगाह विकास मंत्री राणे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह बयान दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में शिवसेना (उबाठा) के नेता संजय राउत के उस आरोप का जवाब दिया जिसमें राउत ने कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भारत को 'हिंदू पाकिस्तान' बनाना चाहते हैं।

**अपनी हद में रहें**

राणे ने लिखा, ''लेकिन हम पाकिस्तान को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। इसे ध्यान में रखें और अपनी हद में रहें।'' मंत्री का यह बयान शिवसेना (उबाठा) के मुखपत्र 'सामना' में प्रकाशित राउत के हालिया साप्ताहिक लेख के संदर्भ में माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने भाजपा पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने और भारत को 'हिंदू पाकिस्तान' बनाने की दिशा में ले जाने का आरोप लगाया था। इससे पहले, राणे ने छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की थी। साथ ही, उन्होंने केरल को 'मिनी पाकिस्तान' भी कहा था।

**नितेश राणे के कुछ विवादित बयान**

नितेश राणे अक्सर अपने विवादित बयानों के चलते सुर्खियों में रहते हैं। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने केरल को मिनी पाकिस्तान करार दिया और यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि ''सभी आतंकवादी गांधी परिवार को वोट देते हैं।'' राणे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी बहन व वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाद्रा पर हमला करते हुए ये आरोप लगाया था। पुणे जिले की पुरंदर तहसील में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता नितेश राणे ने आरोप लगाया, ''केरल 'मिनी पाकिस्तान' है। आतंकवादियों ने (पहले) राहुल गांधी को वोट दिया और अब उनकी बहन प्रियंका गांधी को वोट दिया है।'' उनके इस बयान पर काफी सियासी बवाल हुआ था। नितेश राणे ने हाल में बयान दिया था कि मुसलमान छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना का हिस्सा नहीं थे। उनके इस बयान पर भी काफी सियासी बवाल मचा था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख पवार से राणे की इस टिप्पणी के संबंध में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि नेताओं को यह ध्यान में रखना चाहिए कि उनके द्वारा सार्वजनिक रूप से दिए गए बयानों से सांप्रदायिक तनाव पैदा न हो। उन्होंने कहा ''कुछ नेता कभी-कभी ऐसे बयान दे देते हैं जो महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए हानिकारक होते हैं। पवार ने कहा कि एक संप्रभु राज्य की स्थापना करते समय शिवाजी महाराज ने कभी भी जाति या पंथ के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने कहा, ''नेताओं को, चाहे वे सरकार में हों या विपक्ष में, बयान देते समय सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि सांप्रदायिक विवाद पैदा न हो।' वहीं पिछले साल नवी मुंबई में एक गणपति कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाने के आरोप में नीतेश राणे के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

# बच्चा नहीं होने पर हैवान बनी सास, नहर पर बहू को ले गई, पीछे से दे दिया धक्का, मौत

गुरदासपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब के गुरदासपुर में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सास ने बच्चा नहीं होने पर अपनी बहू को नहर में धक्का देकर मार डाला। पुलिस से बचने के लिए उसने लूट की झूठी कहानी भी बनाई। हालांकि, पुलिस ने आरोपी सास को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सास का नाम रुपिंदर कौर है। मृतक बहू का नाम रमनप्रीत कौर है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी सास ने झूठी कहानी सुनाई। उसने पुलिस को बताया कि वह अपनी बहू के साथ कही जा रही थी। जब वह बब्बेहाली नहर के पास पहुंची तो उन्हें रास्ते में लुटेरों ने घेर लिया और उनके गहने लूट लिए। इसके बाद लुटेरों ने उसकी बहू को नहर में धक्का दे दिया। वहीं पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने 5 दिन बाद युवती का शव धारीवाल नहर से बरामद किया था। एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले की गंभीरता से जांच शुरू की गई तो खुलासा हुआ कि मां ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपनी बहू को नहर में फेंक दिया था। वहीं पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। मृतक लड़की रमनप्रीत कौर के परिजन ने बताया कि रमनप्रीत की शादी बिधिपूर में अकाशदीप के बाद 2 साल पहले हुई थी। उनकी बेटी के घर बच्चा ना होने के चलते उसकी सास रुपिंदर कौर और उसका पति अकाशदीप उसके साथ मारपीट करते थे। उस पर और दहेज लाने का दबाव बनाते थे। कई बार लड़की उनकी मारपीट से दुखी होकर मायके चली आई थी। घरवालों ने बताया कि 28 मार्च को उनकी बेटी को सास ने कहा कि अगर वह नहर के पास जाकर पूजा करेगी तो उसका बच्चा हो जाएगा। जब वह नहर के पास पूजा करने के लिए पहुंची तो उसे पीछे से धक्का दे दिया। डीएसपी मोहन सिंह ने बताया कि 28 मार्च को उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लुटेरों ने गांव बब्बेहाली नहर पर लूट की नीयत से सास बहू पर हमला किया है।

# खंडवा में एक साथ उठीं 8 अर्थियां, दृश्य देख पूरा गांव रो पड़ा; मातम में बदली गणगौर की खुशियां

खंडवा, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के कोंडावत गांव में दर्दनाक हादसे के बाद भारी दुख और शोक की लहर के बीच शुक्रवार को आठों मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। गांव में जब एक साथ 8 अर्थियां उठी तो ये दृश्य देखकर हर कोई रो पड़ा। परिजनों के साथ ही पूरे गांव में लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। किसी के सिर से पिता का साया उठ गया, किसी ने अपना भाई खोया, तो कोई अपने परिवार के जवान बेटे को अर्थी पर लेटा देख बिलख उठा। कोंडावत गांव में किसी के भी घर चूल्हा नहीं जला। गुरुवार को घटित दर्दनाक हादसे ने आठ जिंदगियां छीन लीं, हादसे से पूरे खंडवा जिले में शोक की लहर देखी जा रही है। बता दें कि सफाई करने गहरे कुएं में उतरे 8 लोगों की जहरीली गैस से दम घुटने से मृत्यु के बाद खंडवा के मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था। पोस्टमार्टम के बाद आठों के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए।

**कैसे हुआ हादसा?**

जानकारी के अनुसार, गणगौर माता का विसर्जन होना था। परंपरागत रूप से विसर्जन गांव के बीच में स्थित इस कुएं में किया जाता था। तीन लोग इसे साफ करने के लिए कुएं में उतरे थे, जब वे डूबने लगे, तो उन्हें बचाने के लिए पांच और लोग अंदर गए। दुर्भाग्य से, वे सभी अंदर फंस गए और सभी की मौत हो गई है।

**4-4 लाख रुपये अनुग्रह राशि की घोषणा**

मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने खंडवा में हुए हादसे पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने सभी मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने लिखा-दुःख की इस घड़ी में सभी शोकाकुल परिजनों के साथ मेरी गहरी शोक संवेदनाएं हैं। सभी मृतकों के परिवारजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि सभी पुण्यात्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान और परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# गुजरात के जामनगर में दिलदहला देने वाली वारदात

## महिला ने चार बच्चों के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या की

जामनगर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात के जामनगर जिले के एक गांव में 32 वर्षीय एक महिला ने अपने चार बच्चों के साथ कुएं में कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि घटना गुरुवार की है। मामला एक महिला और उसके तीन का है। बच्चों की उम्र तीन से लेकर 10 साल के आसपास बताई जा रही है। उनका शव कुएं में तैरते पाया गया। लोगों ने जब यह मंजर देखा, तब यह मामला प्रकाश में आया। घटना ध्रोल तालुका के सुमरा गांव में हुई ध्रोल पुलिस थाने के निरीक्षक एचआर राठौड़ ने बताया कि यह घटना ध्रोल तालुका के सुमरा गांव में हुई। शवों को कुएं से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, लेकिन आत्महत्या के पीछे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

**बच्चों की उम्र तीन से 10 साल तक**

जानकारी के मुताबिक, मृतक महिला भानुबेन तोरिया ने अपने बच्चों ऋत्विक (3), आनंदी (4), अजू (8) और आयुष (10) के साथ कुएं में छलांग लगा दी। पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# कर्नाटक की पहाड़ियों में मिली अनोखी बत्तख

## सफेद नहीं है, रंग पूंछ देख वैज्ञानिक भी हुए हैरान



बेंगलूरू, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक की पहाड़ियों में ऐसी बत्तख मिली है, जिसे देख खुद वैज्ञानिक भी हैरान रह गए हैं। इस बत्तख का रंग सफेद नहीं है। साथ ही इसकी एक पूंछ भी है। यह अनोखी बत्तख बेलगावी जिले के रामदुर्ग के आसपास की पहाड़ियों में पाई गई है। नई नस्ल की ये दुर्लभ रंगीन बत्तख देखने में बेहद खूबसूरत है। पहाड़ियों के झाड़ीदार इलाकों में पाई जाने वाली यह बत्तख बहुत संवेदनशील और शर्मीली है। यह तीतर परिवार से संबंधित है। नर बत्तख अधिक चमकीले रंग के होते हैं, जबकि मादा बत्तख नर की तुलना में फीके रंग की होती हैं। ये बहुत तेज दौड़ती हैं, लेकिन इनके लिए उड़ना मुश्किल है। शोधकर्ता शशिकांत कम्बन्नवर ने इस नस्ल का पता लगाया। मकड़ियों पर अध्ययन करते समय केपीटीसीएल अधिकारी शशिकांत की नजर इस बत्तख पर पड़ी। इसे अंग्रेजी में पेंटेड स्पैरोफाउल कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम गैलोपार्डिक्स लुनुलता है।

**नर-मादा की खूबियां**

नर बत्तख की पूंछ और पंख काले होते हैं। किनारों पर सफेद धब्बे होते हैं। सिर और गर्दन हरे रंग की आभा से युक्त होती है। मादा बत्तख के शरीर पर कोई सफेद धब्बा नहीं होता। चोंच और पैर गहरे भूरे रंग के होते हैं। नर के पैरों पर चार कंघी जैसी दांतनुमा संरचनाएं होती हैं। मादा बत्तखों में ये एक या दो होती हैं।

**अनुकूल जलवायु**

बेलगावी में बत्तख पालन लाभदायक व्यवसाय है। यहां जलवायु और पानी की उपलब्धता बत्तख पालन के लिए अनुकूल है। बत्तखें नदियों, तालाबों, झीलों, महासागरों, दलदलों और खुले पानी के पास पाई जाती हैं। इन्हें जमीन और पानी, दोनों पर पाला जा सकता है।

# कर्नाटक में दो दिव्यांग बच्चों के साथ महिला ने की आत्महत्या

बेंगलूरू, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। इससे पहले कर्नाटक में लगातार दूसरे दिन दिल दहला देने वाला मामला सामने आया था। यहां तुमकुरु जिले के गिब्बी तालुक के अडालगेरे गांव में 45 वर्षीय महिला विजयलक्ष्मी ने अपने दो दिव्यांग बच्चों के साथ कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इससे पहले बीते दिन एक महिला के साथ दो ऑटो रिक्शा चालकों ने दिनदहाड़े दुष्कर्म किया था। वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब महिला अपने भाई के साथ लंच के लिए जा रही थी। इस दौरान आरोपियों ने युवक से साथ मारपीट की और महिला के साथ दुष्कर्म किया।

# बीजेपी कार्यकर्ता ने की अपने ऑफिस में आत्महत्या मुख्यमंत्री के कानूनी सलाहकार को बताया मौत का जिम्मेदार



बेंगलुरु, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेंगलुरु से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, यहां एक बीजेपी कार्यकर्ता ने अपने ऑफिस में आज सुबह-सुबह अपनी जान दे दी है, साथ ही अपने मौत का जिम्मेदार मुख्यमंत्री के कानूनी सलाहकार पोन्नाना को बताया है। उसने मरने से पहले एक सुसाइड नोट में मुख्यमंत्री के कानूनी सलाहकार का जिक्र किया, साथ ही बताया कि उसे एएस. पोन्नाना ने किस कदर परेशान किया।

**निजी कार्यालय में लगाई फांसी**

यह घटना बेंगलुरु के नागवारा में घटी जब बीजेपी कार्यकर्ता विनय के एस ने आज सुबह अपने निजी कार्यालय में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। खुदकुशी से पहले विनय ने व्हाट्सएप पर एक सुसाइड नोट पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने राजनीतिक प्रताड़ना और सोशल मीडिया में बदनाम किए जाने से आहत होकर अपनी जान देने की वजह बताई। उन्होंने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि उसे मुख्यमंत्री के कानूनी सलाहकार ने एक राजनीति रंजिश के तहत काफी परेशान किया।

**पुलिस पर भी लगाए ये आरोप**

विनय ने अपने सुसाइड नोट में, उन पर हुई एफआईआर को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि उन्हें कोडगु समस्या और सुझाव व्हाट्सएप ग्रुप में किसी और सदस्य की पोस्ट के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था, विनय इस ग्रुप के एडमिन थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ए।एस। पोन्नाना और स्थानीय कांग्रेस नेता थेनिरा महेना उनकी मौत के लिए सीधे तौर जिम्मेदार बताया।

**सुसाइड नोट में क्या लिखा?**

सुसाइट में बीजेपी कार्यकर्ता विनय के।एस ने लिखा,सभी को मेरा अंतिम प्रणाम, मैं विनय के एस हूं, मेरे खिलाफ राजनीति से प्रेरित एफआईआर दर्ज की गई थी, और मुझे एक बदमाश करार दिया गया था। थेनिरा महेना, जिन्होंने राजनीतिक द्वेष के कारण मेरे जीवन के साथ खेला, मेरी मौत के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। मुझे जमानत मिलने के बाद भी, मडिकेरी पुलिस ने मेरे दोस्तों और चचेरे भाइयों को जांच के नाम पर परेशान किया, एक कांस्टेबल ने यहां तक कहा कि यह सब विराजपेट के विधायक पोन्नन्ना के आदेश पर हुआ था।

आगे लिखा, मैंने बस एक वॉयस नोट भेजा और स्पष्टीकरण मांगा। फिर भी, मुझे अपराधी करार दे दिया गया, जबकि मूल प्रेषक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। आगे बीजेपी पार्टी से आग्रह किया कि उसके परिवार का ध्यान रखें। उसने लिखा, मेरा भाजपा परिवार से निवेदन है कि कृपया मेरी मां, पत्नी और बेटी का ख्याल रखें, उनकी आर्थिक मदद करें विनय ने सुसाइड नोट के अंत में उन लोगों का धन्यवाद किया जो इस कठिन समय में उनके साथ खड़े रहे और अपने परिवार को सीधे अलविदा न कह पाने के कारण दुख व्यक्त किया।

**कर्नाटक गृहमंत्री ने कही ये बात**

गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा, पुलिस के द्वारा प्रकरण दर्ज हो रहा है, डीसीपी जांच करेंगे, सारी बातें सामने आ जाएंगी, व्हाट्सएप पर डाली गई हर पोस्ट सही हो ये जरूरी नहीं है, इसकी सत्यता की जांच करना जरूरी है। उनकी मौत का कारण जो भी रहा हो, अब जब जांच होगी तो ये भी बात सामने आ जाएगी कि इस कार्रवाई की जरूरत क्या थी, इस प्रकरण में अगर कोई दोषी पाया जाता है तो कानून के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

# शादी तय, सगाई भी हो गई, फिर लड़का नहीं आया पंसद तो लड़की ने दे दी हत्या की सुपारी,

पुणे, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां शादी तय होने के बाद लड़की को उसका होने वाला दूल्हा पसंद नहीं आया तो उसने कुछ ऐसा किया जिसे सुन कर आप अपने दातों तले उंगली दबा लेंगे। लड़की ने लड़का पसंद न आने पर उसकी हत्या की सुपारी दे दी। पुलिस जांच में यह मामला सामने आने के बाद यवत पुलिस ने इस साजिश में शामिल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, हालांकि लड़की अभी भी फरार है। मामला अहिल्यानगर जिले के श्रीगोंडा तालुका की मयूरी सुनील डांगड़े का है, जिसकी शादी कर्जत तालुका के माही जलगांव के युवक से तय हुई थी। जानकारी के मुताबिक दोनों की सगाई और प्री-वेडिंग शूट भी हो चुका था, लेकिन बाद में दुल्हन को दूल्हा पसंद नहीं आया। और फिर क्या था, शादी से बचने के लिए मयूरी डांगड़े और संदीप गावड़े ने युवक की हत्या के लिए 1।50 लाख रुपये की सुपारी दी थी। पुलिस ने इस मामले में आदित्य शंकर दांगड़े, संदीप दादा गावड़े, शिवाजी रामदास जरे, सूरज दिगंबर जाधव और इंद्रभान सखाराम कोलपे को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी अहिल्यानगर जिले के निवासी हैं। वहीं सुपारी देने वाली मास्टरमांइड दुल्हन फरार हो गई है। पुलिस के अनुसार, हत्या की साजिश के तहत 27 फरवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे दौंड तालुका के खामगांव फाटा के पास यवत पुलिस क्षेत्र में एक होटल के पास युवक को कुछ लोगों ने रोका और लकड़ी के डंडे से बुरी तरह पीटा। इसके बाद यवत पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया। जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्ध आदित्य शंकर दांगड़े और अन्य आरोपियों को श्रीगोंडा से हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया।

# 'जम्मू कश्मीर में सत्यापन के नाम पर लोगों को सताया जा रहा' एनसी सांसद का आरोप, इंजीनियर रशीद ने की ये मांग



जम्मू, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने गुरुवार को लोकसभा में दावा किया कि जम्मू कश्मीर में 'सत्यापन' के नाम पर लोगों को सताया जा रहा है और किसी व्यक्ति के आतंकी गतिविधि में लिप्त पाये जाने पर उसके सारे रिश्तेदारों को प्रताड़ित किया जाता है। मेहदी ने सदन में शून्यकाल के दौरान कहा कि उन्होंने गृह मंत्रालय के समक्ष यह मुद्दा उठाया था, लेकिन अब तक इसका जवाब नहीं मिला है। उन्होंने दावा किया, ''जम्मू कश्मीर में सत्यापन के नाम पर लोगों को सताया जा रहा। अगर कोई व्यक्ति किसी आतंकी गतिविधि में कहीं लिप्त पाया जाता है तो उसकी सजा सारे रिश्तेदारों को दी जाती है। नौकरी और पासपोर्ट के लिए सत्यापन, कारोबार का सत्यापन नहीं किया जाता है।''एनसी सांसद ने कहा कि किसी एक व्यक्ति के अपराध के लिए उसके पूरे परिवार और रिश्तेदारों को सजा देना संविधान और कानून के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने भी इस बारे में निर्देश दिया है। वहीं, जम्मू कश्मीर के बारामूला से सांसद अब्दुल रशीद शेख उर्फ ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का सरकार से ख्याल रखने की अपील करते हुए कहा कि वहां के लोगों के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक अधिकारों और मानवाधिकारों का सम्मान किया जाए।

**मैं जेल में हूं, मेरे लोगों का ख्याल रखा जाए- इंजीनियर रशीद**

उन्होंने कटरा-बारामूला रेल लिंक का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कश्मीर दौरे का उल्लेख करते हुए कहा, ''मेरे निर्वाचन क्षेत्र में 18 विधानसभा क्षेत्र हैं। मैं जेल में हूं, लेकिन मेरे लोगों का ख्याल रखा जाए ताकि वे अपने अधिकारों से वंचित न हों। राज्य सरकार, जम्मू से लेकर दिल्ली तक की नौकरशाही से अनुरोध करता हूं कि मेरे लोगों का ख्याल रखा जाए।'' निर्दलीय सांसद ने कहा, ''जब प्रधानमंत्री पिछली बार जम्मू कश्मीर गए थे तो मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उनसे कहा था कि 'आसमान बिल्कुल साफ है' लेकिन मेरा यह कहना है कि 'आसमान में गहरे बादल' हैं, मेहरबानी कर उस बारे में भी सोचिए। हमारे लोगों के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक अधिकारों और मानवाधिकारों का सम्मान किया जाए।''

# नियमों के खिलाफ किया जा रहा आदिवासियों की जमीन का अधिग्रहण

## याचिका पर सरकार ने एचसी में दिया जवाब

जबलपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। सिंगरौली जिले में गोंड वृहद सिंचाई परियोजना के तहत बांध बनाने के लिए आदिवासी वर्ग की जमीन का अधिग्रहण किए जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया कि नियम व कानून को ताक पर रखकर आदिवासियों की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। याचिका पर सरकार की तरफ से पेश जवाब में कहा गया है कि नियमानुसार भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई किए बिना बांध निर्माण के संबंध में अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। सरकार के जवाब को रिकॉर्ड में लेते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने याचिका का निराकरण कर दिया। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अगर, नियमों का उल्लंघन होता है तो याचिकाकर्ता उचित फोरम में जाने के लिए स्वतंत्र है। सिंगरौली निवासी लोहार सिंह की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि सिंगरौली जिले में गोंड वृहद सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान कर दी गई है। योजना के तहत 34,500 हेक्टेयर में 1,097.67 करोड़ की लागत से बांध का निर्माण किया जाना है। याचिका में कहा गया था कि आदिवासियों की जमीन अधिग्रहण करने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने ओडिशा माइनिंग कॉरपोरेशन के मामले में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए थे। जिसके अनुसार भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्विस्थापन के लिए उचित प्रतिकर दिया जाना आवश्यक है। इसके अलावा, बांध निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए पेसा कानून के तहत संबंधित ग्राम सभा से अनुमति प्राप्त करना भी आवश्यक है।

# युवती से विवाद के बाद छात्र ने खाया जहर इकलौता बेटा जाने से बेसुध हुए परिजन

इंदौर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र के संजय नगर में 18 वर्षीय छात्र ने गुरुवार शाम को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, तीन दिन पहले एक युवती से विवाद के बाद वह मानसिक तनाव में था। हालांकि, उसने इस बारे में अपने परिवार से कुछ नहीं कहा था।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान रूद्र पुत्र जीवाजी राव के रूप में हुई है। रूद्र कनकेश्वरी कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र था। गुरुवार शाम को रूद्र ने गली के पास स्थित एक दुकान से जहर खरीदा और उसे सेवन कर लिया। उसकी तबीयत बिगड़ी तो दोस्तों ने उसके पिता को सूचना दी, और उसे तुरंत एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# भगवंत मान बोले

## पंजाब और हिमाचल भाई-भाई विवाद नहीं सौहार्दपूर्ण संबंध रहेंगे



बिलासपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि हिमाचल और पंजाब के संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी विवाद हो, दोनों राज्य भाई-भाई की तरह रहेंगे। भगवंत मान ने कहा कि वह एक कलाकार के रूप में हिमाचल के विभिन्न स्थानों बिलासपुर, कुल्लू, मनाली और शिमला में अपनी प्रस्तुतियां देते रहे हैं। उनका हिमाचल से विशेष लगाव है और यहां के लोगों से उनका अच्छा संबंध है।


कहा कि पंजाब में पहले युवा फौज में अपनी पहचान बनाते थे, लेकिन कुछ समय से नशे ने हालात बिगाड़ दिए थे। उन्होंने दावा किया कि अब उनकी सरकार ने इस पर काबू पा लिया है और नशे की रोकथाम के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि श्री नयना देवी और श्री आनंदपुर साहिब को जोड़ने वाले रज्जू मार्ग (रोपवे) प्रोजेक्ट पर तेजी से काम करने के लिए दोनों राज्यों के अधिकारियों को फिर से बुलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान अपनी पत्नी के साथ नवरात्र पूजन के लिए माता नयना देवी मंदिर पहुंचे। उन्होंने माता रानी से सर्वत्र कल्याण और भलाई की प्रार्थना की।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 5 अप्रैल - 2025

# वक्फ विधेयक पर मुहर के बाद भी कुछ सवाल बाकी




अशोक भाटिया

वक्फ विधेयक पर संसद ने अपनी मुहर लगा दी है। लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी गुरुवार को 12 घंटे से अधिक चली मैराथन बहस के बाद इसे पारित कर दिया गया। विधेयक के समर्थन में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े। राज्यसभा में विधेयक को लेकर वैसे तो भारी हंगामा और विपक्ष के कड़े विरोध की उम्मीद थी, लेकिन लोकसभा में विधेयक पारित होने और सरकार की ओर से विधेयक को मुस्लिमों के हित में होने को लेकर जिस तरह के तर्क दिए गए, उससे शायद विपक्ष के हौसले थोड़े पस्त थे। यही वजह थी कि सदन में विधेयक पेश होने के दौरान विपक्ष ने किसी तरह की टोकाटाकी या शोरशराबे से भी परहेज किया। लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही में जो बातें निकल कर सामने आई उनके अनुसार वक्फ बोर्ड के पास देश के विभिन्न राज्यों में लाखों एकड़ भूमि और संपत्ति है, जिसकी कीमत कई लाख करोड़ रुपये है। संपत्ति का आदान-प्रदान कैसे किया गया था? उसे कौन फायदा पहुंचाता है, इससे आम लोगों को कैसे फायदा होता है, वक्फ जमीन कौन खरीदता है और उसका कारोबार कैसे होता है, यह वर्षों से एक रहस्य बना हुआ था। अब, वक्फ संशोधन विधेयक के साथ, सरकार द्वारा इसकी निगरानी की जाएगी। मुट्ठी भर लोग मनमाने ढंग से करोड़ों रुपये की संपत्ति का लेन-देन नहीं कर सकते। अब तक, वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर किसी का नियंत्रण नहीं था। वक्फ बोर्ड ने भी अपनी जमीन पर दावा किया। वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई भूमि और वक्फ बोर्ड के कब्जे के सैकड़ों मामले आज अदालत में लंबित हैं। कांग्रेस जब सत्ता में थी तो उसने हमेशा वक्फ बोर्ड के पक्ष में ऐसे फैसले लिए थे ताकि मुस्लिम वोट बैंक नाराज न हो। वक्फ बोर्ड के कामकाज को अनुशासित करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और इसके कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए, केंद्र ने वक्फ संशोधन विधेयक लाया और इसे चर्चा के लिए संसद के समक्ष रखा। संशोधन विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड की संपत्ति की रक्षा और उचित निपटान करना है। एक बार संशोधन विधेयक कानून बन जाने के बाद, वक्फ बोर्ड सरकारी मशीनरी के माध्यम से अपनी संपत्ति के रिकॉर्ड को डिजिटाइज़ करने के लिए बाध्य होगा। रखा जाएगा। वक्फ बोर्ड को अपनी वित्तीय और प्रशासनिक रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करनी होगी। जब संशोधन विधेयक में ये सभी अच्छी बातें हैं तो विपक्षी दल विशेषकर कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सपा सांप की तरह जमीन क्यों खोद रहे हैं? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बार-बार कहा है कि सरकार किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने की कोशिश नहीं कर रही है। वहां गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति नहीं की जाएगी। फिर भी भाजपा विरोधी कह रहे थे कि वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के खिलाफ है। सरकार ने बार-बार कहा है कि धार्मिक संबंधों को उनसे नहीं जोड़ा जाना चाहिए, लेकिन असदुद्दीन ओवैसी से लेकर अखिलेश यादव तक विपक्षी दलों के नेता मुस्लिम वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए ताहो तोड़ते देखे गए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि मुसलमानों का गुस्सा सड़कों पर प्रकट होगा। वास्तव में, कुछ भी नहीं हुआ। मुसलमान बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य देखभाल चाहते हैं। विपक्ष इसके बारे में एक शब्द नहीं बोलता है। यहां तक कि जब केंद्र सरकार ने सीएए लागू किया, तब भी विपक्षी दलों को डर था कि मुसलमान अपनी नागरिकता खो देंगे। लोकसभा में ही जब अमित शाह ने यह सवाल पूछा तो हर कोई विपक्ष की बेंच पर चुपचाप बैठा दिखाई दिया। यहां तक कि जब तीन तलाक प्रथा को खत्म कर दिया गया था, तब भी विपक्षी दलों ने मोदी सरकार और भाजपा पर मुस्लिम विरोधी होने और मुसलमानों के धार्मिक मुद्दों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया था। वक्फ संशोधन विधेयक इस बात का एक और उदाहरण है कि वे कैसे एकजुट होते हैं। सरकारी संपत्ति पर अब वक्फ का स्वामित्व नहीं रहेगा। यदि संपत्ति का विवाद है, तो जिला मजिस्ट्रेट के पास अब इसे हल करने की शक्ति होगी। केंद्र सरकार वक्फ के पंजीकरण, लेखांकन और लेखा परीक्षा के लिए नियम बनाएगी। सरकार को सरकारी संपत्ति सरकार को वापस करनी होगी। हम वक्फ अधिनियम के संशोधन को स्वीकार नहीं करेंगे। विपक्ष के कुछ नेताओं ने इस तरह के बेतुके बयान दिए हैं। लेकिन अमित शाह ने साफ कर दिया है कि कानून संसद ने बनाया है और यह देश में सभी के लिए बाध्यकारी होगा। चंद्रबाबू नायडू के तेलुगू देशम और नीतीश कुमार के जनता दल (यूनाइटेड) ने सरकार से आग्रह किया है कि वह पूर्वव्यापी प्रभाव न रखे, कि सरकार को मस्जिदों, दरगाहों और मुस्लिम धार्मिक स्थलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए और राज्यों को विश्वास में लिया जाना चाहिए क्योंकि भूमि राज्य का विषय है।असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में बहस के दौरान बिल की कॉपी फाड़ते हुए कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम विरोधी है, मुस्लिमों को गौण नागरिकता देने से बीजेपी देश को बांटना चाहती है।यह देश के लिए खतरनाक है। सरकार को ऐसी प्रवृत्तियों से समयबद्ध तरीके से निपटना चाहिए। इसका एक दूसरा पहलू भी है । 'वक्फ' का अर्थ है कि इस्लाम के विश्वासी अपनी संपत्ति का एक हिस्सा अल्लाह के नाम पर दान करते हैं। यह नकद या अचल संपत्ति के रूप में भी किया जा सकता है। एक बार जब यह दान अल्लाह के नाम पर दिया जाता है, तो किसी और को दान, विरासत आदि के रूप में इसका अधिकार नहीं है। यह परंपरा सैकड़ों साल पुरानी है। इससे अंदाजा होगा कि यह उन मुसलमानों के बीच कितना होगा जो सुधार की हवा में नहीं हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि वक्फ मंडल, हालांकि, उत्तरोत्तर अमीर हो गए, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो, एक बार जब वे जमा हो गए, धन पैदा हो गया, अनियमितताएं हुईं। यही बात वक्फ बोर्ड में भी हुई। आज, कितने लोग जो इस बिल को लाने के लिए सरकार को कोस रहे थे, उन्होंने वक्फ को रोक दिया जब इसे अंबानी की 27 मंजिला संपत्ति के लिए उपलब्ध कराया गया था? या कम से कम इसे रोकने की कोशिश की? यह उदाहरण इसलिए दिया जाता है क्योंकि जब धन, धन, जमीन और जुमला की बात आती है, तो अनियमितताओं के मुद्दे पर सभी धर्मों की समानता इतनी स्पष्ट है कि सरकार इन जमीनों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से वक्फ संशोधन विधेयक लेकर आई, जो सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग के सभी शक्ति केंद्रों को अपने हाथों में रखने के रवैये को दर्शाता है। यह बिल निश्चित रूप से इस्लाम धर्म में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन यह इस्लाम धर्म के धन प्रबंधन में हस्तक्षेप करता है। लेकिन बस के रूप में यकीन है। यदि हां, तो इस्लाम इस बिल का विरोध क्यों कर रहा है? इस सवाल का जवाब है दूसरे धर्मों और उनके इतिहास के प्रति सरकार का रवैया । इस तथ्य को देखते हुए दोनों पक्षों की दुविधा से बचना जरूरी है। यह स्पष्ट है कि वक्फ इस्लाम की व्यवस्था है, लेकिन अगर ऐसा है भी, तो यह देश के कानून पर बिल्कुल भी लागू नहीं होता है। वक्फ की संपत्ति या अन्य लेनदेन को संभालने के इतिहास में कई बार समझौता किया गया है, और कई उच्च न्यायालयों ने वक्फ के खिलाफ फैसला सुनाया है। अभी भी जरूरत पड़ने पर वक्फ बोर्ड को भंग करने और उसके मामलों को प्रशासक को सौंपने की वैधानिक सुविधा है। अर्थात, वक्फ विनियमन के लिए कानून पर्याप्त हैं। लेकिन एक नए कानून की आवश्यकता के पीछे का मकसद निस्संदेह राजनीतिक है। यह इतना स्पष्ट लगता है कि सरकार वक्फ का नाम भी बदलना चाहती है। यह सरकार छोटे रूपों की आदी है। यह नए 'UMED' (एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास) भी नाम में दिखाई देता है। यह भारतीय दंड संहिता के स्थान पर न्याय संहिता, योजना आयोग और नीति आयोग लाने के समान है। वैसे भी, इस बात पर असहमति है कि क्या गैर-इस्लामी व्यक्ति इस नए कानून में वक्फ को विनियमित कर सकते हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के आरोप को खारिज कर दिया। हालांकि, इस मुद्दे की विवादास्पद स्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता है। सरल प्रश्न यह है कि कल को तिरुपति में बालाजी या केदारनाथ या किसी अन्य हिंदू मंदिर का प्रबंधन होगा।

## वक्फ की राजधानी हैदराबाद

लोकसभा और राज्यसभा में हंगामे के बीच अंततः वक्फ संशोधन विधेयक बिल पास हो गया। इसके साथ ही इसका जो हौवा विपक्ष ने खडा किया था वह भी खत्म हो गया। बता दें वक्फ बोर्ड के पास देश में सबसे ज्यादा निजी जमीन है। इसके बाद भी मुसलमानों की गरीबी नहीं गई। सरकारी आंकड़ों में वक्फ बोर्ड के पास सेना और रेलवे के बाद सबसे ज्यादा जमीनें हैं। साल 2009 के बाद वक्फ की संपत्तियों में दोगुने का इजाफा हुआ है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने दिसंबर 2022 में लोकसभा में जानकारी दी थी कि वक्फ बोर्ड के पास 8,65,644 अचल संपत्तियां हैं। लगभग 9.4 लाख एकड़ वक्फ की जमीनों की अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ है। भारत के हर राज्य में वक्फ बोर्ड है जो वक्फ की संपत्तियों का नियंत्रण करता है। पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में वक्फ की सबसे ज्यादा संपत्तियां हैं। हैदराबाद में ही वक्फ के पास 77,000 प्रॉपर्टीज हैं, इसीलिए इसे भारत की वक्फ राजधानी कहा जाता है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में वक्फ के पास 1.2 लाख संपत्तियां हैं। तेलंगाना का वक्फ बोर्ड देश का सबसे अमीर वक्फ बोर्ड है। पहले नंबर पर उत्तर प्रदेश आता है। जहां उसके पास 1.5 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। एक हकीकत यह भी है कि तुर्की, लीबिया, मिस्र, सूडान, लेबनान, सीरिया, जॉर्डन, इराक और ट्यूनीशिया जैसे इस्लामिक देशों में वक्फ बोर्ड नहीं है। भारत में ही वक्फ बोर्ड बनाकर मुसलमानों को जमीनें दी गईं। वह भी वक्फ अगर किसी जमीन पर दावा कर दे तो कोई व्यक्ति इसे कोर्ट में चुनौती नहीं दे सकता था। पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने 1954 में वक्फ एक्ट बनाया था। वक्फ में मिलने वाली जमीन या संपत्ति की देखरेख के लिए कानूनी तौर पर एक संस्था बनी, जिसे वक्फ बोर्ड कहा गया। 1947 में देश का बंटवारा हुआ तो काफी संख्या में मुस्लिम देश छोड़कर पाकिस्तान चले गए। वहीं, पाकिस्तान से काफी सारे हिंदू भारत आए। 1954 में संसद ने वक्फ एक्ट 1954 के नाम से कानून बनाया। इस तरह पाकिस्तान जाने वाले लोगों की जमीनों और संपत्तियों का मालिकाना हक इस कानून के जरिए वक्फ बोर्ड को दे दिया गया। 1955 में इस कानून में संशोधन कर हर राज्यों में वक्फ बोर्ड बनाए जाने की बात कही गई। अलग-अलग प्रदेशों के करीब 32 वक्फ बोर्ड हैं, जो वक्फ की संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन, देखरेख और मैनेजमेंट करते हैं। बिहार समेत कई प्रदेशों में शिया और सुन्नी मुस्लिमों के लिए अलग-अलग वक्फ बोर्ड हैं। एक आंकड़े के अनुसार, भारत में वक्फ की कुल संपत्ति करीब 8 लाख एकड़ है। वक्फ को मुस्लिमों का रहनुमा कहा जाता है, फिर भी देश में मुस्लिमों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। मुस्लिमों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पिछड़ेपन का हाल जानने के लिए 2005 में सच्चर कमेटी बनी। कमेटी 2006 में अपनी रिपोर्ट पेश की थी। इसमें कहा गया था कि एससी, एसटी और अल्पसंख्यक आबादी वाले गांवों और आवासीय इलाकों में स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, सस्ते राशन की दुकान, सड़क और पेयजल जैसी सुविधाओं की काफी कमी है। यहां तक कि मुस्लिम समुदाय की हालत अनुसूचित जाति और जनजाति से भी खराब है। जब वक्फ बोर्ड के पास पर्याप्त प्रॉपर्टी है तो उन्हें हिंदुओं से लेने की जरूरत नहीं है। सच्चर कमेटी कहती है कि मुस्लिम बच्चों में बहुत से ऐसे हैं जिन्हें बीच में ही स्कूल छोड़ना पड़ता है। हायर एजुकेशन के मामले में तो हालात और खराब है। केवल 4.9 फीसदी मुस्लिम बच्चे ही यूनिवर्सिटी में दाखिला ले पाते हैं। ऐसे में उसे मुस्लिम समुदाय के उत्थान के लिए, शिक्षा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। ऐसे में मुस्लिमों को सामाजिक और आर्थिक रूप से ज्यादा मजबूत करने की जरूरत है, ताकि देश की जीडीपी में वो भी बेहतर योगदान दे सकें।

## बढ़ती अर्थव्यवस्था: क्या सबको मिल रहा है फायदा?



प्रो. महेश चंद गुप्ता

भारत की अर्थव्यवस्था में आय की असमानता एक गंभीर विषय बन गई है। इससे समाज और राष्ट्र का आर्थिक विकास प्रभावित हो रहा है। संतुलित अर्थव्यवस्था के लिए आय का समान वितरण आवश्यक है। असमान आय से क्रय शक्ति प्रभावित होती है और आर्थिक असंतुलन बढ़ता है। अमीरी और गरीबी के बीच खाई बढ़ रही है। सम्पत्ति चंद हाथों में सिमटती जा रही है। इसका परिणाम आम आदमी की बिगड़ती हालत के रूप में सामने आ रहा है। यह खुशी की बात है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और यह विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है लेकिन प्रति व्यक्ति आय के मामले में देश अभी भी पीछे है। विश्व बैंक के अनुसार भारत प्रति व्यक्ति आय के आधार पर 140वें स्थान पर है। बढ़ती जनसंख्या और आय असमानता इसके प्रमुख कारण हैं। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ पार कर चुकी है जो वैश्विक आबादी का 18 प्रतिशत है। वर्ल्ड इनइक्वलिटी डेटाबेस के अनुसार भारत में संपत्ति असमानता बढ़ी है। 1961 में 10 प्रतिशत अमीर लोगों के पास कुल संपत्ति का 44.9 प्रतिशत था जो 2023 में बढकर 64.6 प्रतिशत हो गया। इसी प्रकार टॉप 0.1 प्रतिशत के पास 1961 में 3.2 प्रतिशत संपत्ति थी जो 2023 में बढकर 29 प्रतिशत हो गई। भारत की गिनती विश्व के सबसे ज्यादा धन असमानता वाले देशों में से होती है। कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत भाग टॉप 10 प्रतिशत लोगों के पास है, जबकि 1 प्रतिशत सबसे अमीरों के पास 53 प्रतिशत संपत्ति है। इसके विपरीत देश के आधे गरीब लोग राष्ट्रीय संपत्ति के मात्र 4.1 प्रतिशत के लिये संघर्ष कर रहे हैं। आय असमानता के मामले में भी भारत शीर्ष देशों में है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार टॉप 10 प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत और टॉप 1 प्रतिशत के पास 22 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि निचले 50 प्रतिशत लोगों की हिस्सेदारी मात्र 13 प्रतिशत रह गई है। आंकड़ों पर नजर डालें तो देश के गरीब लोगों पर टैक्स का बोझ सबसे ज्यादा है। कर प्रणाली में असमानता स्पष्ट है। भारत में निचले 50 प्रतिशत लोग कुल जीएसटी का 64 प्रतिशत भुगतान करते हैं, जबकि टॉप 10 प्रतिशत का योगदान मात्र 4 प्रतिशत है।जाहिर है, आय असमानता के गंभीर प्रभाव पड़ते हैं। कम आय वाले लोगों की क्रय शक्ति सीमित होने से बाजार में मांग घटती है जिससे आर्थिक असंतुलन बढ़ता है। उच्च आय वर्ग विलासिता की वस्तुओं पर अधिक खर्च करता है जबकि निम्न आय वर्ग आवश्यक वस्तुओं तक सीमित रहता है। जब कम आय वाले वर्ग के लोगों के पास पर्याप्त क्रय शक्ति नहीं होती तो उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं की बिक्री घट जाती है, जिससे अर्थव्यवस्था की स्थिरता प्रभावित होती है। आज हमारे देश के बाजारों में इसी तरह का वातावरण देखने को मिल रहा है। निम्न आय वाले लोग अपनी आय का अधिकांश हिस्सा अनाज, दालें, सब्जियां और अन्य खाद्य सामग्री जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं, आवास के किराए या मरम्मत और बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं और बच्चों की शिक्षा पर खर्च पर खर्च करते हैं। इसके विपरीत मध्यम वर्गीय उपभोक्ता अपनी आवश्यकताओं के साथ-साथ कुछ विलासिता और आराम से जुड़ी स्मार्टफोन, टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर, ब्रांडेड कपड़े और फैशन से जुड़ी वस्तुओं वस्तुओं और घूमने-फिरने, सिनेमा, रेस्तरां में भोजन पर भी खर्च करते हैं। इसके विपरीत भारत के सुपर रिच की श्रेणी में शामिल लोग लग्जरी वस्तुओं पर खर्च कर रहे हैं। रियल एस्टेट कंसल्टेंट नाइट फ्रैंक की ओर से जारी द वेल्थ रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारतीय अल्ट्रा-रिच अपनी निवेश योग्य संपत्ति का 17 प्रतिशत लग्जरी वस्तुओं में लगाते हैं जिसमें घडिय़ों को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है, उसके बाद आर्ट और आभूषण आते हैं। चौथे स्थान पर सुपर रिच लोग क्लासिक कारें खरीदते हैं। इसके बाद लग्जरी हैंडबैग, वाइन, दुर्लभ व्हिस्की, फर्नीचर, रंगीन हीरे और सिक्कों की खरीद हैं। हालांकि, वैश्विक स्तर पर, सुपर-रिच लग्जरी घडिय़ों और क्लासिक कारों के लिए अपनी प्राथमिकता दिखाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत में विभिन्न आयु समूहों में दुर्लभ संग्रहणीय वस्तुओं की मांग बढ़ रही है। शहरों और कस्बों में कम आय के कारण लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा और आवास प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। कम आय वाले लोगों को मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। आय असमानता की वजह से गरीब लोग अवसरों से वंचित हो जाते हैं। वह उच्च शिक्षा और तकनीकी कौशल की कमी के कारण लोग अच्छी नौकरियों और उच्च वेतन वाले क्षेत्रों में प्रवेश नहीं कर पाते। बड़े उद्योगों और वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा के कारण छोटे व्यापारियों और कम वेतन पाने वाले श्रमिकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सामाजिक और आर्थिक ढांचे में भिन्नता के कारण कुछ वर्गों को अधिक अवसर मिलते हैं जबकि अन्य वर्ग पीछे रह जाते हैं। आय असमानता से गरीबी बढने और इससे सामाजिक तनाव उत्पन्न होने का अंदेशा रहता है। गरीबी बढ़ रही है, तभी तो सरकार को 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देना पड़ रहा है। वैसे सरकार ने बीते साल दावा किया कि देश में 95 फीसदी गरीबी कम हो गई है। केवल 5 प्रतिशत लोग ही अब गरीबी की रेखा से नीचे रह गए हैं। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस के एनालिसिस के आधार पर यह दावा किया था। यह सर्वे अगस्त 2022 से जुलाई 2023 के दौरान 2,61,746 परिवारों के बीच किया गया। बड़ा सवाल यह है कि अगर 95 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं तो वह 81 करोड़ लोग कौन हैं जो सरकार से फ्री में अनाज प्राप्त कर रहे हैं? आखिर किन लोगों के लिए केंद्र सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 11 लाख 80 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली योजना को आगामी पांच साल के लिए बीते वर्ष जनवरी में ही आगे बढ़ा चुकी है ? पिछले साल जारी विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार करीब 12.9 करोड़ भारतीय गरीबी का सामना कर रहे हैं। ऐसे लोगों की प्रतिदिन आय 181 रुपये (2.15 डॉलर) से भी कम है। सरकार गरीबों को अनाज उपलब्ध करवा रही है। विभिन्न योजनाएं गरीबों का आर्थिक स्तर ऊंचा उठाने के लिए संचालित की जा रही हैं, यह सराहनीय है। प्रत्येक कल्याणकारी सरकार का यह दायित्व है मगर हालात तभी बदलेंगे, जब आय में असमानता खत्म होगी। अभी भारत प्रति व्यक्ति आय के आधार पर 140वें स्थान पर है, इसे जब तक टॉप 10 में नहीं लाएंगे, तब तक हालात बदलने की उम्मीद बेमानी है। आय असमानता दूर करने के लिए सरकार को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देना चाहिए ताकि लोग अधिक योग्य बन सकें। उचित कर प्रणाली भी समय की पुकार है। संतुलित कर प्रणाली अपनाकर उच्च आय वर्ग से अधिक कर लेकर निम्न आय वर्ग को राहत दी जा सकती है। न्यूनतम वेतन में वृद्धि और श्रमिक अधिकारों की सुरक्षा से भी असमानता कम करना संभव है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विस्तार कर गरीबों को आवश्यक वस्तुएं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराकर उनकी क्रय शक्ति को मजबूत करना संभव है।

## सिनेमा का सच्चा सिपाही: मनोज कुमार को श्रद्धांजलि



प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

मनोज कुमा-एक ऐसा नाम, जो भारतीय सिनेमा के विशाल आकाश में स्वर्णिम किरणों से अंकित है। वे महज एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि देशभक्ति की धधकती ज्योति और सांस्कृतिक गौरव का एक ऐसा प्रतीक थे, जिसने सिल्वर स्क्रीन को एक नया आयाम, एक नई आत्मा दी। जब भी सिनेमा के फलक पर राष्ट्रप्रेम की बात होगी, मनोज कुमार का नाम गर्व की गूंज और श्रद्धा की सुगंध के साथ उभरेगा। 4 अप्रैल को उनके निधन की खबर ने हर हृदय को मर्मांतक पीड़ा से भर दिया, मानो सिनेमा का एक तेजस्वी नक्षत्र अनंत आकाश की गहराइयों में समा गया हो। वे एक कलाकार से कहीं ऊँचे थे-एक ऐसी प्रेरणा, जिसने अपनी कला को देश के सम्मान की मशाल और समाज की जागृति का दर्पण बना दिया। 24 जुलाई 1937 को हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी के रूप में जन्मे मनोज कुमार का जीवन एक प्रेरक कथा है। दिलीप कुमार के अभिनय से प्रभावित होकर उन्होंने 'शबनम' फिल्म के किरदार 'मनोज' को अपने नाम के रूप में चुना। शुरुआती दिनों में कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हार नहीं मानी। धीरे-धीरे अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर वे भारतीय सिनेमा के शीर्ष कलाकारों में शामिल हो गए। उनका यह सफर न केवल उनकी लगन का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सच्ची प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। मनोज कुमार की खासियत उनकी फिल्मों का वह अनूठा अंदाज था, जो उन्हें समकालीन कलाकारों से अलग करता था। जब सिनेमा में ग्लैमर और हल्के-फुल्के मनोरंजन का बोलबाला बढ़ रहा था, तब उन्होंने अपनी कृतियों से एक नया रास्ता दिखाया। उनकी फिल्में केवल कहानियाँ नहीं थीं, बल्कि देशप्रेम और सामाजिक जागरूकता की एक जीवंत तस्वीर थीं। 'शहीद' में उन्होंने भगत सिंह की शहादत को इस कदर जीवंत किया कि दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गए। यह फिल्म आजादी के लिए बलिदान की भावना को फिर से जागृत करने वाली एक मशाल बन गई। 1965 में भारत-पाक युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का नारा 'जय जवान, जय किसान' मनोज कुमार के दिल में इस कदर उतर गया कि उन्होंने 'उपकार' का निर्माण किया। इस फिल्म में उन्होंने एक किसान और सैनिक की दोहरी भूमिका निभाई, जो देश की नींव-इसके अन्नदाता और रक्षक-का प्रतीक बनी। उनकी संवेदनशीलता और गहरी सोच ने इस फिल्म को एक ऐतिहासिक कृति बना दिया। 'उपकार' की सफलता के बाद उन्हें 'भारत कुमार' की उपाधि मिली-एक ऐसा सम्मान, जो उनके सिनेमा के प्रति समर्पण और देश के प्रति उनकी निष्ठा का प्रतीक बन गया। 'पूरब और पश्चिम' में मनोज कुमार ने भारतीय संस्कृति की महानता को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। इस फिल्म के जरिए उन्होंने पश्चिमी प्रभावों के बीच अपनी पहचान को बचाए रखने का संदेश दिया। वहीं, 'क्रांति' में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला को फिर से सुलगाया। इन फिल्मों में उनके संवाद इतने प्रभावशाली थे कि वे दर्शकों के दिलों में गहरे उतर गए। उनकी हर कृति में एक उद्देश्य था-समाज को प्रेरित करना और उसे सोचने के लिए मजबूर करना। उनकी आंखों में झलकती दृढ़ता और आवाज में बसी गहराई ने उन्हें सिनेमा का एक ऐसा नायक बनाया, जो केवल पर्दे पर नहीं, बल्कि लोगों के मन में भी बसा। मनोज कुमार केवल अभिनय तक सीमित नहीं रहे। वे एक कुशल लेखक और संवेदनशील निर्देशक भी थे। उनकी फिल्मों में जो विचारधारा झलकती थी, वह उनकी गहन चिंतनशीलता का परिणाम थी। उन्होंने सिनेमा को एक नई दिशा दी-एक ऐसा मंच, जहाँ मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा और प्रेरणा भी मिले। जब सिनेमा में चमक-दमक और भव्यता का दौर शुरू हुआ, तब भी वे अपनी सादगी और मूल्यों से कभी समझौता नहीं किए। उनकी यह अटल निष्ठा ही थी, जिसने उन्हें दर्शकों के बीच एक खास मुकाम दिलाया। उनका योगदान सिनेमा की सीमाओं से परे था। उनकी फिल्मों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव भी रखी। 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसी फिल्मों में उन्होंने आम आदमी की जिंदगी की सच्चाइयों को उजागर किया। उनकी कृतियाँ केवल कहानियाँ नहीं थीं, बल्कि एक दर्पण थीं, जो समाज को उसका चेहरा दिखाती थीं। यही कारण है कि उनकी फिल्मों को सिर्फ कला के नजरिए से नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के एक मजबूत आधार के रूप में देखा जाता है। मनोज कुमार का व्यक्तित्व उनकी फिल्मों जितना ही प्रेरक था। वे हमेशा भारतीय संस्कृति और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहे। सादगी उनकी पहचान थी, और यही सादगी उनकी कला में भी झलकती थी। वे उन गिने-चुने कलाकारों में से थे, जिन्होंने अपनी शर्तों पर सिनेमा को जिया। उनकी फिल्मों में जो संदेश थे, वे आज भी प्रासंगिक हैं। चाहे वह देशभक्ति हो, संस्कृति का सम्मान हो या सामाजिक जागरूकता-उनकी हर कृति आज की पीढ़ी के लिए एक सबक है।

## शाह का वक्फ के साथ खलीफा का जिक्र




अमर सिंह

इस्लाम धर्म के दूसरे खलीफा उमर इब्न अल खत्ताब शुरू में इस्लाम के विरोधी थे और मक्का में मुस्लिम समुदाय के सबसे कट्टर और आक्रामक दुश्मनों में से एक थे। इस्लाम में धर्मांतरण से पहले उमर अपनी ताकत, साहस और उग्र स्वभाव के लिए जाने जाते थे। इन्हीं उमर का जिक्र गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल के दौरान किया।

584 ईसवी में मक्का में जन्मे उमर शुरू में इस्लाम के विरोधी थे और 616 ईसवी में इस्लाम अपनाने से पहले तक उन्होंने मुसलमानों पर अत्याचार भी किया था। वह मक्का में एक शक्तिशाली कबायली जनजाति से संबंधित थे। उमर के मन में इस्लाम के प्रति गहरी नफ़रत थी और वह नए धर्म के प्रसार को रोकने के लिए दृढ़ संकल्प था। वह मक्का में इस्लाम के विरोध के नेताओं में से एक थे और कई मुसलमानों के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार थे। हालांकि, इस्लाम की शिक्षाओं के बाद उमर का जीवन बदल गया। इस्लाम अपनाने वाली उनकी बहन के साथ 616 ईसवी में गरमागरम बहस हुई। इसी दौरान उनकी मुलाकात एक ऐसे व्यक्ति से हुई जिसने हाल ही में इस्लाम धर्म अपनाया था और उससे कुरान की आयतें सुनने के बाद उमर का दिल नरम हो गया और उन्हें इस्लाम की सच्चाई का एहसास हुआ। जब अबू बकर के बाद वह दूसरे खलीफा बने तो उन्होंने कई सुधार लागू किए और कई संस्थाएँ स्थापित कीं जो आज इस्लामी समाज का आधार बनती हैं। वह अपने न्यायपूर्ण शासन, अपनी धर्मपरायणता और अपनी विनम्रता के लिए जाने जाते थे। उनके नेतृत्व में, इस्लामी साम्राज्य का बहुत विस्तार हुआ और वह उस समय दुनिया के सबसे शक्तिशाली साम्राज्यों में से एक बन गया। यही वजह है कि लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने उनकी इसी महानता के लिए जिक्र किया। उमर की हत्या 644 ईसवी में मदीना में सुबह की नमाज़ पढ़ते वक्त कर दी गई थी। एक ईरानी गुलाम अबू लुलुआ फिरोज ने उन्हें छुरा घोंपकर मार डाला। उमर की मौत इस्लाम के लिए एक बहुत नुकसान था। हत्या क्यों की गई, उसकी वजह बहुत साफ नहीं है। मगर, कई मध्ययुगीन स्रोत इसे अपने अरब गुरु अल मुगीरा इब्न शुबा के साथ कर विवाद के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। अबू लुलुआ को उसके मालिक अल मुगीरा ने दो दिरहम प्रतिदिन का खराज कर देने के लिए मजबूर किया। इस कर का विरोध करने के लिए लुलुआ ने उमर की ओर रुख किया। हालांकि, उमर ने कर हटाने से इनकार कर दिया, जिससे अबू लुलुआ का गुस्सा भड़क उठा। एक दिन जब उमर मदीना की मस्जिद में सामूहिक प्रार्थना का नेतृत्व कर रहे थे तो उस वक्त घात लगाए अबू लुलुआ ने उन पर दोधारी खंजर से वार किया, जिससे उनकी मौत हो गई। लोकसभा से पास वक्फ संशोधन बिल राज्यसभा से भी पारित हो गया है। अब इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद यह बिल कानून के रूप में देश में वक्फ संपत्तियों पर लागू हो जाएगा। इससे यह वक्फ बोर्ड की मनमानी शक्तियों पर अंकुश लग जाएगा। कानून के लागू होने के 6 महीने के भीतर हर वक्फ संपत्ति को सेंट्रल डेटाबेस पर रजिस्टर्ड करना अनिवार्य होगा। वक्फ को डोनेशन में दी गई हर जमीन का ऑनलाइन डेटाबेस होगा और वक्फ बोर्ड इन प्रॉपर्टीज के बारे में किसी बात को छिपा नहीं पाएगा।

## नेता जी के नकली आँसू



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

चुनाव का मौसम था। हवा में वादों की बारिश हो रही थी और ज़मीन पर जनता की हालत वही थी-खस्ता। नेता जी अपनी पूरी मंडली के साथ गाँव के दौरे पर निकले थे। मंच पर चढ़ते ही उनके चेहरे पर ऐसा दुख उभर आया मानो पूरे गाँव का दर्द उन्होंने अकेले ही झेल लिया हो। भाइयों और बहनों, मुझे आपकी तकलीफों का पूरा अहसास है। आपकी परेशानी मेरी परेशानी है। मुझे देखकर लगता है जैसे मैं अपने परिवार के बीच खड़ा हूँ! नेता जी ने माइक सम्हालते हुए कहा। पंडाल में बैठे लोग खुसुर-पुसुर करने लगे। एक बुजुर्ग ने कान में फुसफुसाया, ₹अरे भई, परिवार से इतना ही प्यार था तो पिछले पाँच सालों में कभी हाल-चाल पूछने क्यों नहीं आए? नेता जी ने जेब से रुमाल निकाला और आँखें पोंछने लगे। मीडिया के कैमरे चमक उठे। एक पत्रकार ने तुरंत माइक आगे बढ़ाया, सर, आप भावुक हो गए? हाँ...हाँ... ये आँसू नहीं, ये मेरे दिल का दर्द है... आप नहीं समझेंगे! नेता जी ने आह भरी। पीछे खड़े उनके खास चमचे ने कान में फुसफुसाया, साहब, कैमरा ऑफ हो गया है। नेता जी ने तुरंत रुमाल जेब में डाला और स्टेज से उतरने लगे। गाँव के एक युवा ने माइक पकड़कर सवाल दाग दिया, नेता जी, पिछले चुनाव में आपने कहा था कि गाँव में पक्की सड़क बनेगी। अब तक कच्ची है! नेता जी ने हँसते हुए कहा, अरे भाई, सड़क तो हमने बनाई थी, पर देखो, जनता का प्यार ऐसा उमड़ा कि वो सड़क ही बहा ले गया! पंडाल में ठहाके गूंज उठे। तभी एक महिला उठी, बेटा बीमार था, सरकारी अस्पताल गई, डॉक्टर बोला – 'अस्पताल में दवाई नहीं है।' ये हाल कब सुधरेगा? नेता जी ने फिर वही पुरानी पंक्ति दोहरा दी, बहन, मैं आपकी तकलीफ समझ सकता हूँ। मैं खुद रातों को सो नहीं पाता। पीछे से किसी ने कहा, हाँ, इसीलिए पाँच सितारा होटल में ठहरे हो! भीड़ में से आवाज़ आई, पानी की समस्या कब दूर होगी, साहब? नेता जी मुस्कुराए, हम आपकी परेशानी समझते हैं। पानी आएगा, जरूर आएगा! वैसे भी, हमारे देश में पानी नहीं, भावना पीने की परंपरा है! एक आदमी खड़ा हुआ, तो क्या करें साहब? भावना को नल से भरकर नहाएँ? ठहाके फिर गूंज उठे। नेता जी को समझ आ गया कि जनता मूड में है। उन्होंने तुरंत हाथ जोड़ लिए, आपके विश्वास और प्यार से ही मैं यहाँ हूँ। मैं आपको वचन देता हूँ, इस बार बदलाव जरूर आएगा। गाँव का ही एक बुजुर्ग बोला, बदलाव नहीं, बस आपकी गाड़ी बदलेगी!

# चैत्र नवरात्रि पर कन्या पूजा कैसे करें?

चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि में कन्या पूजा करने का विधान है। नवरात्रि में कन्या पूजा दुर्गा अष्टमी और महा नवमी को करते हैं। इस साल चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी 5 अप्रैल दिन शनिवार और महा नवमी 6 अप्रैल दिन रविवार को है। दुर्गा अष्टमी और महा नवमी को पूजा के बाद आप कन्या पूजा कर सकते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानते हैं, इस वजह से नवरात्रि में कन्या पूजन करके देवी का आशीर्वा प्राप्त करते हैं। कन्या रुपी देवी के आशीर्वाद से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



चैत्र नवरात्रि 2025 कन्या पूजा मुहूर्त

**1. दुर्गा अष्टमी पर कन्या पूजा मुहूर्त**

चैत्र शुक्ल अष्टमी तिथिः 4 अप्रैल, रात 8:12 बजे से 5 अप्रैल, शाम 7:26 बजे तक

**अभिजीत मुहूर्तः 11:59 ए एम से 12:49 पी एम तक**

दुर्गा अष्टमी पर सुबह में पूजन के बाद कन्या पूजा करें।

राहुकाल 09:15 ए एम से 10:50 ए एम तक है, इसमें कन्या पूजा न करें तो अच्छा है। उसके बाद अभिजीत मुहूर्त अच्छा है।

**2. महा नवमी पर कन्या पूजा मुहूर्त**

**चैत्र शुक्ल नवमीः** 5 अप्रैल, शाम 7:26 बजे से 6 अप्रैल, शाम 7:22 बजे तक

रवि पुष्य योगः पूरे दिन

रवि योगः पूरे दिन

**सर्वार्थ सिद्धि योगः पूरे दिन**

अभिजीत मुहूर्तः 11:58 ए एम से 12:49 पी एम तक

महा नवमी के दिन आप पूजा के बाद कन्या पूजन करें। पूरे दिन 3 शुभ योग बने हैं।

राहुकालः 05:07 पी एम से 06:42 पी एम तक, इसमें कन्या पूजा से परहेज करें।

**कन्या पूजा सामग्री**

लाल चुनरी, रोली, चंदन, नारियल, स्टील के प्लेट, अक्षत, फूल, माला, उपहार देने के लिए वस्तुएं, दक्षिणा के रुपए में कुछ रुपए, फल, मिठाई, खीर, पुड़ी, हलवा और काले चने।

**कन्या पूजा की विधि**

1.अष्टमी या महा नवमी की पूजा के बाद कन्याओं और एक बालक को अपने घर पर आमंत्रित करें।

2. कन्या आगमन पर उनका फूल, माला आदि से स्वागत करें। उनको बैठने के लिए आसन दें।

3.कन्याओं और एक बालक को पूजन के लिए आसन पर बैठाएं। पानी से उनके पांव पखारें और तौलिया से पोछें।

उसके बाद उनको अक्षत, रोली या चंदन लगाएं। फूल और माला से सुशोभित करें।

उनके भोजन के लिए मिठाई, फल, पुड़ी, सब्जी, खीर, हलवा, काले चने आदि परोसें। उसके बाद उनको भोजन ग्रहण करने के लिए निवदेन करें।

भोजन करने के बाद कन्याओं को उपहार और दक्षिणा दें। फिर उनके चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लें।

उसके बाद खुशी-खुशी उनको विदा करें और अगले साल फिर आने को कहें।

**कन्या पूजा के नियम**

कन्या पूजा में आप 1 से लेकर 9 तक की संख्या में कन्याओं की पूजा कर सकते हैं।

पूजा के लिए कन्याओं की उम्र 2 साल से 10 साल तक हो सकती है।

कन्या के साथ एक बालक की भी पूजा करते है। कुछ लोग उनको बाल भैरव का रूप मानते हैं, तो कुछ उनको हनुमान जी का रूप मानते हैं।

कन्याओं को दक्षिणा जरूर दें, इससे आपकी पूजा फलित होगी।

कन्या पूजा के लिए 2 से लेकर 10 वर्ष तक की कन्याओं को आमंत्रित कर सकते हैं।

**कन्या पूजा का महत्व**

नवरात्रि के समय में कन्या पूजा करने से जीवन में सुख, समृद्धि, आरोग्य की प्राप्ति होती है। वाद विवाद में सफलता और शत्रुओं पर जीत हासिल होती है। कन्या पूजा में आप जितनी कन्याओं की पूजा करते हैं, उसके अनुसार फल प्राप्त होता है।

## देवी कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥

**अर्थ**

इनका रंग काला है। सिर के बाल बिखरे हुए और गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्रों से बिजली के तरह किरणें निकलती हैं। इनकी नाक से अग्नि की ज्वालाएं बहती है। इनका वाहन गधा है। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से ये सभी को वरदान देती हैं। नीचे वाला दाहिना हाथ अभयमुद्रा में है। ऊपर वाले बाएं हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खड्ग है। ऐसी कालरात्रि देवी को प्रणाम है।

**पूजा विधि**

देवी का ध्यान कर कलश पर चावल चढ़ाएं और गंगाजल छिड़कें। कुमकुम, अक्षत और लाल चंदन लगाकर लाल फूलों के साथ काजल और पूजन सामग्री चढ़ाएं। धूप-दीप लगाएं। घी और गुड़ का भोग लगाएं। अनार भी चढ़ा सकते हैं।

## हजारों साल पुराना है अमेठी का मां भवानी मंदिर, दिन में तीन बार रूप बदलती हैं माता

प्रदेश के कई जिलों में ऐसे शक्तिपीठ और माता के मंदिर हैं, जो अपने आप में भक्तों के लिए आस्था का केंद्र हैं। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में भी एक ऐसा शक्तिपीठ मंदिर है, जो पांडव कालीन मंदिर के रूप में जाना जाता है। यह मंदिर शताब्दी वर्ष प्राचीन पांडवों के द्वारा स्थापित किया गया। जिसकी मान्यता आज भी भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है। हम बात कर रहे हैं उत्तर प्रदेश के अमेठी में मां अहोरवा भवानी के प्रसिद्ध मंदिर की। इस मंदिर का इतिहास द्वापर युग से जुड़ा हुआ है। इसकी स्थापना खुद पांडवों ने की थी। देवी मां की महिमा अपरंपार है, जिससे यहां दूर-दर से भक्त दर्शन करने के लिए आते हैं। मान्यता है कि मां भवानी के दर्शन मात्र से श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है। इतना ही नहीं, अहोरवा भवानी दिन में तीन बार अपना रूप बदलती हैं। वर्तमान समय में भी यह मंदिर भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है।





**पांडवों ने भी जंगल में बिताई थी रात**

अमेठी जिले का यह मंदिर भक्तों के लिए आस्था केंद्र है। यह काफी प्राचीन और ऐतिहासिक भी है। शताब्दी वर्ष प्राचीन इस मंदिर में द्वापर युग में जब पांडव अपने अज्ञातवास के दौरान यहां से गुजरे थे। उस दौरान उन्होंने यहीं के जंगल में रात बिताई थी। अर्जुन को मां भवानी ने स्वप्न में दर्शन दिये थे, तो उन्होंने उनसे विजयश्री का वरदान मांगा था। जब मां भवानी ने अर्जुन को वरदान दिया, तो पांडवों ने यहां इस मंदिर की स्थापना कराई थी। मान्यता है कि मां भवानी के आशीर्वाद से निःसंतानों को संतान की प्राप्ति होती है।

**भक्तों को अलग-अलग रूप में दर्शन देती है माता**

अहोरवा मंदिर के बारे में मान्यता है कि सुबह से शाम तक मां भवानी तीन बार अपना स्वरूप बदलती हैं। सुबह मां भवानी बाल अवस्था, दोपहर में युवावस्था और शाम से अगले दिन सुबह तक मां भवानी वृद्धावस्था में नजर आती हैं। पांडवों के द्वारा इस मंदिर की स्थापना के बाद राजा शिव बहादुर सिंह ने इस मंदिर का विस्तार करवाया था। मंदिर परिसर में ही संस्कृत महाविद्यालय भी संचालित किया जाता है।

**क्या कहते हैं मंदिर के पुजारी**

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित शिवकुमार तिवारी ने बताया कि द्वापर युग के इस मंदिर की प्राचीन मान्यताएं हैं पहले यहां जंगल हुआ करता था शेर चीते रहते थे जब पांडव अज्ञातवास के दौरान आए और उन्होंने शिकार के दौरान अपना बढ़ चलाया और शेर को मारना चाहा तो माता रानी प्रकट हो गई और उन्होंने मनवांछित फल मांगने की बात कही जिसके बाद अर्जुन ने यहां पर क्षमा याचना कर मां भवानी की मूर्ति स्थापना की बात कही और यहां पर उन्होंने माता की मूर्ति को स्थापित कर पूजा पाठ किया और अपने कार्य में सफल हुए। मंदिर के पुजारी ने कहा कि यह मंदिर भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है यहां का नीर बीमारियों के लिए औषधि का काम करता है और भक्तों को यहां पर जो भी मनोकामना सच्चे दिल से मांगी जाए वह पूरी होती है।

## पूरी होती है मन्नत! नवरात्रि में भक्तों की उमड़ रही भारी भीड़



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जमा हो रही है। भक्तगण शाम को पहुंचकर माता की आराधना करने के साथ-साथ गणेश भगवान, लक्ष्मी माता की भी आराधना कर रहे हैं। अपनी अपनी मन्नते मांग रहे हैं। इसके साथ ही साथ गणेश पाठ, मां लक्ष्मी पाठ और मां दुर्गा चालीसा का पाठ कर रहे हैं। हनुमान सेतु मंदिर स्थित गणेश भगवान और लक्ष्मी माता के मंदिर में इस समय भक्तों की भारी भीड़ हो रही है। शाम होते ही महिला और पुरुष बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान के दर्शन पूजन कर रहे हैं।

आरती में हो रही है भारी भीड़

हनुमान सेतु मंदिर के पिछले द्वार से एंट्री करने पर सर्वप्रथम गणेश भगवान और मां लक्ष्मी की मूर्ति मिलती है। यहां पर गणेश भगवान, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित है। हनुमान सेतु मंदिर आया कोई भी भक्त, जो पीछे के द्वार से मंदिर में दाखिल होता है, वह पहले गणेश भगवान और मां लक्ष्मी के दर्शन करता है। वहीं आपको बताते चलें कि शाम 7:00 बजे गणेश भगवान और मां लक्ष्मी की आरती का समय होता है। भक्तगण इस प्रयास में रहते हैं कि शाम 7:00 बजे पहुंचकर वह इस भव्य आरती में शामिल हो सकें।

**क्या कहते हैं भक्तगण**

गणेश भगवान और मां लक्ष्मी साथ ही मां सरस्वती का दर्शन करने आए भक्त रोशन बताते हैं कि वह चैत्र नवरात्रि में 9 दिन भगवान के दर्शन करने नित पहुंचते हैं। नित दर्शन करने के साथ- साथ वह शाम की आरती में भी शामिल होते हैं। इससे उन्हें काफी सुकून और शांति मिलती है। रोशन ने लखनऊ वासियों से यह भी आग्रह किया की शाम को 7:00 बजे आप आरती में शामिल होकर अपने जीवन को धन्य बना सकते हैं।

## क्या आपने भी घर के बाहर लगा रखी हैं ये चीजें?

घर का मुख्य द्वार बेहद महत्वपूर्ण स्थान होता है जहां से हमारे घर में सभी सदस्य प्रवेश करते हैं- चाहे हम स्वयं हों, कोई मेहमान हो या कोई ऊर्जा। यही द्वार सकारात्मक शक्तियों को आमंत्रित करता है और नकारात्मक शक्तियों को रोकने का स्थान होता है। इसलिए घर के मेन गेट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। हम घर की सुख-शांति बनाए रखने के लिए लोग तरह-तरह के टोटके और उपाय करते हैं। जैसे घर के बाहर उल्टा जूता टांगना, नजर बट्टू लगाना या घोड़े की नाल लटकाना। लेकिन ऐसा करना क्या वास्तव में लाभकारी है या अनजाने में हम अपने ही घर में परेशानियों को बुलावा दे रहे हैं?

**क्या उल्टा जूता लगाना सही है?**

यह सबसे बड़ी गलती मानी जाती है। लोग सोचते हैं कि पुराना जूता टांगने से बुरी नज़र नहीं लगेगी,लेकिन यह न सिर्फ मुख्य द्वार की पवित्रता को भंग करता है, बल्कि नकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करता है। मुख्य द्वार को बेहद अहम माना जाता है। वहां पर अगर गंदगी या अनुचित वस्तु हो तो शुभ शक्तियां उस घर में प्रवेश नहीं करतीं। घर के बाहर उल्टा जूता लटकाने से घर में क्लेश, तनाव और आर्थिक नुकसान हो सकता है।

**घोड़े की नाल लगानी चाहिए?**

घोड़े की नाल लगाते वक्त कुछ नियमों का पालन करना अनिवार्य होता है, लेकिन बहुत से लोग इसे उल्टा-सीधा टांग देते हैं, जिससे लाभ की बजाय हानि हो सकती है। बिना जानकारी के इसे टांगना घर की ऊर्जा को प्रभावित कर सकता है।

**घोड़े की नाल कैसे लगाएं?**

ऐसी नाल लें जो किसी घोड़े के पांव में लग चुकी हो और जो रगड़ खाकर घिस चुकी हो।

गुरुवार को वह घिसी हुई घोड़े की नाल अपने घर ले आएं।

एक बड़े से बर्तन में सरसों का तेल भरें और उस नाल को उसमें डुबोकर रख दें।

शनिवार शाम को उस नाल को तेल से निकालें, एक साफ सूती कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें।

**नजरबट्टू और चित्र**

कई लोग अपने घरों के बाहर नजर बट्टू, काले चित्र या डरावने चेहरे बना देते हैं। लेकिन यह वास्तु शास्त्र और लाल किताब दोनों के अनुसार अनुचित है। मुख्य द्वार को हमेशा स्वच्छ, सुंदर और शुभ चिन्हों से सजाना चाहिए, जैसे कि ॐ, स्वास्तिक, शुभ लाभ, आदि।

## बृहस्पति ग्रह 10 अप्रैल को बदलेंगे नक्षत्र

**मेष राशि**

गुरु आपके द्वितीय भाव में विराजमान हैं और मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करते ही आपके जीवन में सुखद बदलाव लाएंगे। धन से जुड़े मामलों को लेकर समय अच्छा रहेगा। पैतृक संपत्ति से आपको लाभ हो सकता है। गुरु आपकी वाणी में भी मिठास भरेंगे जिससे समाज में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। शिक्षार्थियों को गुरु के गोचर से शिक्षा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। जिन जातकों ने अपना मकान खरीदने के लिए बीते दिनों में खूब भाग दौड़ की थी उन्हें अब मनचाहा आशियाना मिल सकता है।



**कर्क राशि**

वर्तमान समय में गुरु आपके लाभ भाव में विराजमान हैं। नक्षत्र परिवर्तन करने के बाद गुरु आपके जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लेकर आएंगे। आर्थिक रूप से आप संपन्न होंगे, किसी को उधार दिया था तो वो लौटा सकता है। पारिवारिक जीवन में भी खुशियां आएंगी, बड़े भाई-बहनों का आपको सहयोग प्राप्त होगा। किसी भी बीते समय में किए गए निवेश से भी आप लाभ कमा सकते हैं। किसी इंटरव्यू या प्रतियोगी परीक्षा में शिरकत करने वाले हैं तो उसका रिजल्ट आपके पक्ष में आ सकता है।

**कन्या राशि**

गुरु के नक्षत्र बदलने के बाद आपको भाग्य का सहयोग प्राप्त होगा। मेहनत का अच्छा फल आपको मिल सकता है। इस राशि के कारोबारी बड़ी डील प्राप्त कर सकते हैं। भविष्य को लेकर बनाई गई आपकी रणनीतियां काम आएंगी। आप सकारात्मक मानसिकता के साथ हर कार्य को पूरा करेंगे। कुछ जातकों को लंबी यात्राओं पर जाना पड़ सकता है, यात्राएं आपकी लिए लाभप्रद रहेंगी। पारिवारिक जीवन में पिता के साथ आपके संबंधों में सुधार देखने को मिलेगा।

**वृश्चिक राशि**

आपके सप्तम भाव में गुरु ग्रह स्थित हैं। मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करने के बाद ये आपको सामाजिक स्तर पर ख्याति दिला सकते हैं। लेखन, गायन, वादन के क्षेत्र से जुड़े हैं तो आपकी रचना लोगों के दिलों पर राज कर सकती है। वैवाहिक जीवन में भी अच्छे बदलाव आपको देखने को मिलेंगे। वहीं जो लोग विवाह योग्य हैं उन्हें योग्य जीवनसाथी मिल सकता है। गुरु की कृपा से आपके बिगड़ते कार्य भी इस दौरान बनेंगे।

## महानवमी पर बनेंगे कई दुर्लभ योग, बरसेगी मां की कृपा

नवरात्रि के अंतिम दिन महानवमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा के साथ ही कन्या पूजन भी किया जाता है। साल 2025 में चैत्र नवरात्रि की महानवमी 6 अप्रैल को है। इस दिन कई शुभ योग भी बनने जा रहे हैं। सुलक्ष्मी, रवि पुष्य योग, बुधादित्य और मालव्य योग इस दिन बनेंगे। ऐसे में कुछ आसान उपाय करने से आप माता भगवती की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। आज हम आपको इन्हीं उपायों के बारे में अपने इस लेख में जानकारी देंगे।



चैत्र नवमी की महानवमी के दिन आपको कन्या पूजन करना चाहिए। साथ ही माता सिद्धिदात्री की पूजा करनी चाहिए। "ॐ देवी सिद्धिदात्र्यै नमः" मंत्र का 108 बार जप करते हुए माता को नारियल, सफेद फूल और मिठाई भी माता को अर्पित करनी चाहिए। माता की पूजा के बाद आप नीचे दिए गए उपायों को कर सकते हैं।

**धन प्राप्ति के लिए महानवमी का उपाय**

महानवमी के दिन एक लाल कपड़े में नारियल, मिश्री और हल्दी मिलाकर अगर आप माता दुर्गा को अर्पित करते हैं तो आपको धन-धान्य की प्राप्ति जीवन में होती है। इस उपाय को आप पूजा के दौरान कर सकते हैं।

**वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि के लिए उपाय**

अगर आप चाहते हैं कि आपका वैवाहिक जीवन सुख-समृद्धि से परिपूर्ण हो तो आपको महानवमी के दिन सुहाग का सामान माता दुर्गा को अर्पित करना चाहिए।

**धन वृद्धि के लिए उपाय**

महानवमी के दिन अगर आप एक पान के पत्त में सुपारी, पीली कौड़ी, सुपारी और 1 रुपये का सिक्का रखकर उसे घर की तिजोरी या धन के स्थान में रख देते हैं तो आपके धन में वृद्धि होती है। यह उपाय करियर के क्षेत्र में भी आपको अच्चे परिणाम दिला सकता है।

**ग्रह दोष से मुक्ति का उपाय**

कुंडली के ग्रह नक्षत्रों को अनुकूल करने के लिए भी आप महानवमी के दिन उपाय कर सकते हैं। आपको करना बस इतना है कि एक लाल कपड़े में 5 कौड़ियां बांधकर उसे तुलसी के पौधे के पास रख देना है। माना जाता है कि ऐसा करने से राहु-केतु और शनि के बुरे प्रभाव समाप्त हो जाते हैं, साथ ही अन्य ग्रह भी अच्छे परिणाम देने लग जाते हैं।

**आरोग्य के लिए उपाय**

अगर आप चाहते हैं कि घर के सभी लोग स्वस्थ रहें तो महानवमी के दिन आपको आग्नेय कोण (दक्षिण-पूर्व दिशा) में माता दुर्गा का ध्यान करते हुए दीपक जलाना चाहिए। इस उपाय को करने से घर के सभी लोग रोग मुक्त होते हैं।

# सलमान-रश्मिका के एज गैप पर अमीषा पटेल का रिएक्शन

## बोलीं- फिल्में चल जाती हैं तो सब माफ, सनी देओल संग अपनी जोड़ी का दिया उदाहरण



सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना नजर आई हैं। लेकिन फिल्म की रिलीज से पहले दोनों के बीच उम्र के अंतर को लेकर कई सवाल उठाए गए थे। अब इस मामले में अमीषा पटेल ने अपना रिएक्शन देते हुए सनी देओल के साथ अपनी जोड़ी का उदाहरण भी दिया।

मुंबई में एक इवेंट में आईएएनएस ने अमीषा पटेल से सलमान खान और रश्मिका मंदाना के बीच उम्र के अंतर को लेकर राय पूछी। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'मेरे और सनी जी (सनी देओल) के बीच भी उम्र का बड़ा अंतर है, लगभग 20 साल से ज्यादा, लेकिन जब फिल्म काम करती है, तो सब कुछ माफ कर दिया जाता है।'

दरअसल, अमीषा पटेल ने सनी देओल के साथ दो बार गदरः एक प्रेम कथा और गदर 2 में काम किया है। ये दोनों ही फिल्में हिट साबित हुई हैं। अगर उम्र के अंतर की बात करें, तो अमीषा और सनी के बीच 18 साल का अंतर है।

वहीं, सलमान खान ने भी इस मामले में ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया था। उन्होंने कहा था, 'जब हीरोइन को प्रॉब्लम नहीं हो रही है तो आपको क्यों हो रही है। इनकी शादी होगी, बच्ची होगी, तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी की परमिशन तो मिल ही जाएगी।'

30 मार्च को रिलीज हुई थी सिकंदर

सलमान और रश्मिका के अलावा, फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, सुनील शेट्टी, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी नजर आए।

इस फिल्म के डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास है। जबकि साजिद नाडियाडवाला ने इसे प्रोड्यूस किया है।



# बॉलीवुड का बुरा दौर खत्म होगा नए फिल्ममेकर लाएंगे बदलाव

## विजय देवरकोंडा बोले– तेलुगु सिनेमा ने बड़ी ऑडियंस तक पहुंचने के लिए संघर्ष किया



तेलुगु एक्टर विजय देवरकोंडा ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की मौजूदा हालत पर खुलकर अपनी राय रखी है। जहां बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस नतीजे चिंता का विषय बने हुए हैं, वहीं साउथ सिनेमा का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है।

इस बहस के बीच विजय का मानना है कि यह सब एक चक्र का हिस्सा है और जल्द ही हिंदी सिनेमा भी नए जोश के साथ वापसी करेगा। विजय ने कहा, 'साउथ फिल्म इंडस्ट्री का अभी शानदार दौर चल रहा है। लेकिन यह सिर्फ एक चक्र है। एक समय था जब आप हमें जानते भी नहीं थे। एक समय था जब इंडियन सिनेमा ने जबरदस्त पहचान बनाई थी और इंटरनेशनल ऑडियंस तक पहुंचा था। अब यह साउथ सिनेमा का समय है। 5 या 10 साल बाद फिर कुछ नया बदलाव आएगा।' विजय का मानना है कि हिंदी सिनेमा जल्द ही एक नया दौर देखेगा, जहां नए फिल्ममेकर इसे आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा, 'इस बदलाव से नए फिल्ममेकर निकलकर आएंगे, जो हिंदी सिनेमा को फिर से मजबूत बनाएंगे। बहुत जल्द हिंदी सिनेमा को नए डायरेक्टर और कहानीकार मिलेंगे, जो शायद मुंबई से बाहर के होंगे। मेरा मानना है कि वे हिंदी भाषी इलाकों से आएंगे और बिल्कुल अलग तरह की फिल्में बनाएंगे। उनकी स्टोरीटेलिंग साउथ से भी अलग होगी।' विजय ने बाहुबली का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे एस. एस. राजामौली ने इस फिल्म के जरिए तेलुगु सिनेमा को ग्लोबल पहचान दिलाई। उन्होंने कहा, 'तेलुगु सिनेमा को बड़े ऑडियंस तक पहुंचने के लिए काफी स्ट्रगल करना पड़ा। जब एस. एस. राजामौली ने बाहुबली बनाई, तो उन्होंने ऐसे दो एक्टर्स पर भारी निवेश किया, जिन्हें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री शायद जानती भी नहीं थी।

# 250 रुपए का रजिस्ट्रेशन, करोड़ों का कारोबार

## श्रीदेवी से बजरंगी भाईजान तक, फिल्मों के नाम पर बवाल, कोर्ट भी पहुंचे मामले, क्या है नाम का गणित

फिल्मों के टाइटल महज सिर्फ नाम नहीं होते, बल्कि इसके पीछे एक पूरी स्ट्रैटजी होती है। कुछ फिल्मों के टाइटल ऐसे होते हैं, जिन्हें सुनते ही फिल्म को देखने की उत्सुकता बढ़ जाती है। कभी फिल्मों के टाइटल को लेकर इतनी कॉन्ट्रोवर्सी हो जाती है कि उसे बदलना पड़ता है।

किसी भी फिल्म का टाइटल कैसे डिसाइड होता है, उसके रजिस्ट्रेशन की क्या प्रक्रिया होती है, आज रील टु रियल के इस एपिसोड में समझेंगे। इस पूरे प्रोसेस को समझने के लिए हमने इम्पा के प्रेसिडेंट अभय सिन्हा और विफपा के प्रेसिडेंट संग्राम शिर्के से बात की।

जब कोई प्रोड्यूसर फिल्म बनाने की योजना बनाता है, तो उसे सबसे पहले अपनी प्रोडक्शन कंपनी को रजिस्टर्ड कराना पड़ता है। जब फिल्म की कहानी तैयार हो जाती है, तब टाइटल फाइनल करने की प्रक्रिया शुरू होती है। टाइटल रजिस्ट्रेशन के लिए 500 रुपए (GST सहित) का शुल्क लिया जाता है। कुछ एसोसिएशन



250 रुपए में फिल्म का टाइटल रजिस्टर्ड करते हैं।

फिल्म प्रोड्यूसर्स की चार एसोसिएशन है। जिसमें इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन, वेस्टर्न इंडिया फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन, प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और इंडियन फिल्म्स एंड प्रोड्यूसर्स काउंसिल है।

प्रोड्यूसर इनमें से जिस एसोसिएशन का मेंबर होता है, उसमें टाइटल रजिस्टर्ड करवाता है। उसके बाद एसोसिएशन के पदाधिकारी बाकी तीन एसोसिएशन में टाइटल भेजकर यह कन्फर्म करते हैं कि वह टाइटल वहां रजिस्टर्ड तो नहीं है। अगर वहां से कोई ऑब्जेक्शन आता है तो वह टाइटल प्रोड्यूसर को नहीं मिलता है। फिर उन्हें टाइटल में बदलाव करने का सुझाव दिया जाता है।

आम तौर पर एक एसोसिएशन में एक महीने में एक हजार टाइटल रजिस्ट्रेशन के लिए आते हैं। उसके बाद सभी एसोसिएशन के कमेटी मेंबर मिलकर टाइटल डिसाइड करते हैं। 22 लोग कमेटी में शामिल होते हैं। कमेटी की हर महीने में दो बार मीटिंग होती है। मीटिंग में इस बात का ध्यान दिया जाता है कि टाइटल में अश्लीलता नहीं होनी चाहिए। या फिर कोई विवादित टाइटल ना हो, जिसकी वजह से आगे चलकर कोई प्रॉब्लम हो। एक प्रोड्यूसर हर भाषा में 15 टाइटल रजिस्टर्ड करवा सकता है।

अगर किसी प्रोड्यूसर को टाइटल जल्दी चाहिए या फिल्म रिलीज के करीब है, लेकिन फिल्म का टाइटल रजिस्टर नहीं हुआ है, तो 3000 रुपए के विशेष शुल्क पर फास्ट-ट्रैक सुविधा पर टाइटल रजिस्टर्ड करवा सकता है। इस प्रक्रिया के तहत एक हफ्ते के भीतर टाइटल पर निर्णय लिया जाता है। अब टाइटल रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन और भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। आवेदन करने के बाद आवेदक को ईमेल से जानकारी दी जाती है कि उसे फिल्म का टाइटल मिलेगा या नहीं। यदि किसी प्रोड्यूसर का टाइटल रिजेक्ट हो जाता है, तो वह दोबारा आवेदन कर सकता है।

# बिग बॉस के बाद पहली बार साथ नजर आए ईशा-अविनाश

बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट्स अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह की दोस्ती तो फैंस के बीच काफी चर्चित रही है, लेकिन अब दोनों का साथ में पहला गाना 'काला शा काला' रिलीज हो चुका है। इस गाने में दोनों की जबरदस्त परफॉर्मेंस और शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।

इस गाने को मूडी और आखर ने लिखा है, जबकि रामजी गुलाटी ने अपनी आवाज दी है। वहीं, रामजी गुलाटी, अविनाश और ईशा ने खास बातचीत की।

**आपने अपने नए गाने में ईशा और अविनाश को क्यों कास्ट किया और जब उन्हें इसके बारे में पता चला, तो रिएक्शन कैसा था?**

जवाब/रामजी- मैं भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं कि इस गाने में ईशा और अविनाश हैं। मेरे ख्याल से इनसे बेहतर इस गाने को कोई और नहीं कर सकता था।

इनके फैंस इन्हें साथ में काफी पसंद करते हैं और यह उनका पहला प्रोजेक्ट है। इनके साथ काम करके मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं खुद इनके साथ काम करने के लिए काफी एक्साइटेड था।

खास बात यह है कि मुझे हर शॉट एक ही टेक में मिल गया। इन दोनों से मुझे पूरी तरह से फैमिली जैसा एहसास होता है।

**बिग बॉस के बाद आपने पहली बार साथ में काम किया। क्या कोई मुश्किलें आईं या सब कुछ आसान था?**

अविनाश- सच कहूं तो, यह इतना आसान नहीं था। हां, पाजी (रामजी) के साथ काम करना आसान था, लेकिन ईशा के साथ थोड़ी




## सॉन्ग 'काला शा काला' में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री, बोले- सिंगल टेक में शूट हुआ गाना

मुश्किलें आईं। जब आप किसी को-स्टार के साथ काम करते हैं, तो एक फॉर्मेलिटी होती है। लेकिन बिग बॉस के बाद हमारा कनेक्शन इतना गहरा हो गया है कि ईशा मुझे तंग करती रहती हैं, 'ऐसा करो, वैसा करो। हम को-एक्टर के तौर पर नहीं बल्कि एक-दूसरे को तंग करते हुए काम करते हैं, जिससे साथ में काम करने में बहुत मजा आता है।

**दुबई आपकी लकी डेस्टिनेशन रही है, जहां आपने अधिकतर गाने शूट किए हैं। लेकिन इस बार लोकेशन बदलने की कोई खास वजह?**

रामजी- पहले हम इस गाने की शूटिंग आर्मेनिया में करना चाहते थे, लेकिन मौसम की वजह से ऐसा नहीं हो सका। मैं चाहता था कि यह वीडियो बिल्कुल फ्रेश लगे और हम ऐसी लोकेशन पर शूट करें, जहां पहले कभी शूटिंग न हुई हो। इस बारे में मैंने यश जी से भी बात की थी कि मैं काफी समय बाद कोई गाना कर रहा हूं और जोड़ी भी नई है, तो मैं इसे एक नए और हट के तरीके से करना चाहता था। उसी सोच को ध्यान में रखते हुए फिर हमने इस गाने की शूटिंग थाईलैंड में की।

# दिशा पाटनी की बहन खुशबू 'खतरों के खिलाड़ी 15' में

## कभी बच्चों को देती हैं ट्रेनिंग तो कभी खेत में चलातीं हैं कुदाल



'खतरों के खिलाड़ी 15' कलर्स पर डर और रोमांच की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। देशभर में लाखों लोगों के दिलों पर छा जाने वाला शो वापस आ गया है और इस बार यह पहले से कहीं ज़्यादा बड़ा, बोल्ड और कहीं ज़्यादा लुभावना होने वाला है। अब इसमें दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी के भी आने की चर्चा है। वो टीवी पर पहली बार दिखाई देंगी। भारत में स्टंट-बेस्ड रियलिटी टेलीविज़न का चैंपियन 'खतरों के खिलाड़ी' कलर्स पर अपने पंद्रहवें सीज़न के लिए वापस आ गया है, जो हाई-ऑक्टेन ड्रामा और जबरदस्त एक्शन की एक शानदार खुराक देने वाला है। एक बार फिर से एक्शन मास्टर रोहित शेट्टी यह शो नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं।

रियलिटी शो का आगामी सीजन पहले से ही चर्चा का विषय बना हुआ है और नई रिपोर्ट्स से पता चलता है कि एक और बड़ा नाम इस लाइनअप में शामिल होने के लिए तैयार है। बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी की बड़ी बहन खुशबू पाटनी का इस शो में आना लगभग तय हो गया है, जो रियलिटी टीवी पर उनका पहला काम होगा।

खुशबू को ओरी के साथ पेयर किया जाएगा, जिन्हें पहले ही इस सीज़न के कंफर्म कंटेस्टेंट बताया गया था। सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी और पर्सनैलिटी के साथ ओरी ने पहले ही फैंस को एक्साइटेड कर दिया है। अब खुशबू के साथ ये नई जानकारी सामने आई है जो एक सैन्य अधिकारी रह चुकी हैं। खुशबू के फोर्स बैकग्राउंड से पता चलता है कि उनमें सबसे कठिन चुनौतियों से निपटने की हिम्मत और ताकत होगी। उनकी ट्रेनिंग और मजबूत बैलेंस उन्हें बाकी लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा बना सकता है।

# 8 साल की उम्र में डांस टीचर ने किया हैरेस

## एक्ट्रेस अंजलि आनंद बोलीं- खुद को मेरा पापा बता 6 साल तक किया यौन शोषण

हाल ही में एक्ट्रेस अंजलि आनंद नेटफ्लिक्स की सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। एक पॉडकास्ट में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बातें की। बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने बचपन को लेकर शॉकिंग खुलासा किया। अंजलि ने बताया कि बचपन में उनके डांस टीचर ने उनका यौन शोषण किया था। हैरेसमेंट का ये सिलसिला लगभग 6 साल तक चला। हाउटरफ्लाई पॉडकास्ट में अंजलि बचपन की उस घटना को याद करते हुए कहती हैं कि मैंने आज तक ये बात कभी स्क्रीन पर नहीं कही है। 'मैं आठ साल की थी। यह घटना मेरे पापा के निधन के ठीक बाद की है। मेरे टीचर ने खुद को मेरा पापा बताया। मैंने उस पर भरोसा किया क्योंकि मुझे नहीं पता था। फिर उसने धीरे-धीरे हैरेस करना शुरू किया। पहले मेरे गालों पर और फिर लिप पर किस किया। ऐसा करने के बाद कहता, पापा ऐसा ही करते हैं। मुझे नहीं पता था कि बाप-बेटी का रिश्ता कैसा होना चाहिए क्योंकि मैं जो भी मांगती थी, वह मुझे दे देता था।' अंजलि पॉडकास्ट में कहती हैं कि उनके डांस टीचर ने उनकी लाइफ को कंट्रोल करना शुरू कर दिया था। वो उन्हें खुले बाल रखने या लड़कियों के कपड़े पहनने की इजाजत नहीं देता था। वो नहीं चाहता था कि कोई मेरी तरफ अट्रैक्ट हो। वह मेरे मैसेज और बातचीत पर नजर रखता था। मुझे स्कूल से लेने आता था। यहां तक कि मैं बाहर न जाऊं इसलिए वो ट्यूशन टीचर्स को भी अपने घर बुला लेता था। हर किसी को हैरानी होती कि वो हर जगह क्यों होता है? लेकिन किसी ने वजह जानने की कोशिश नहीं की।'




अंजलि बताती है कि जब उनकी बहन की शादी हुई, तब वो अपने पापा के दोस्त के बेटे से मिलीं। उसे लड़के को उनपर क्रश हो गया। दोनों के बीच धीरे-धीरे बातचीत शुरू हो गई। तब उन्हें एहसास हुआ कि यह जो हो रहा है वो नॉर्मल बात है। फिर दोनों रिलेशनशिप में आ गए।

# 52 की उम्र भी क्यों कुंवारी हैं जोया अख्तर?

## पिता जावेद ने बताया कारण और एक्स बहू से पहली मुलाकात पर भी बोले

गीतकार जावेद एख्तर के बेटे फरहान अख्तर ने दो शादी की और बेटी जोया अख्तर ने एक भी नहीं। स्क्रीनप्ले राइटर ने बताया कि जब उनके बच्चे 17-19 साल के हो गए तो उन्होंने उन्हें बिठाकर कहा कि अगर वो शादी करना चाहते हैं तो उन्हे अपना पार्टनर खुद ही खोजना होगा। बेटे ने उनकी सलाह को इतनी गंभीरता से लिया कि फरहान ने उन्हें शादी के एक महीने तक कुछ नहीं बताया और फेरे लेने के दो दिन पहले उन्होंने उनकी एक्स वाइफ अधुना से मुलाकात की थी।



जावेद अख्तर ने एलायंस यूनिवर्सिटी में बातचीत के दौरान बताया कि उनके बच्चे 12वीं पास कर चुके थे। इसके बाद ही उन्होंने जोया और फरहान को बिठाकर सलाह दी थी। कहा था कि अगर वो पढ़ना चाहते हैं तो वह उनकी पढ़ाई का खर्चा उठाएंगे। लेकिन अगर कुछ और करना चाहते हैं तो वह उसमें भी मदद करेंगे। बच्चों से बोले, 'एक अभिभावक के तौक पर मुझे नहीं लगता कि आपकी शादी कराना मेरी जिम्मेदारी है।'

# फिर से तुलसी बनेंगी स्मृति ईरानी

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' पर अब वेब सीरीज लाने की तैयारी में एकता कपूर?



टीवी की दुनिया के सबसे पॉपुलर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की वापसी हो सकती है। जी हां, सब ठीक रहा तो टीवी की आदर्श बहू तुलसी और परिवार को जोड़कर रखने वाला बेटा मिहिर वीरानी अब OTT पर वेब सीरीज के रूप में दस्तक देने की तैयारी कर रहे हैं। खबर है कि साल 2000 से 2008 तक इस शो के 1,833 एपिसोड के बाद, एकता कपूर अब इस पर एक लिमिटेड सीरीज बनाने की प्लानिंग कर रही हैं।

'पिंकविला' की रिपोर्ट के मुताबिक, एकता कपूर इन दिनों तुलसी और महिरि की जोड़ी को लिमटिड सीरीज के तौर पर लाने के लिए जुटी हुई हैं। शो में स्मृति ईरानी ने तुलसी वीरानी का किरदार निभाया था, जबकि अमर उपाध्याय ने मिहिर वीरानी का। सबसे बड़ी बात यह है कि स्मृति ईरानी इस सीरीज से पर्दे पर वापसी कर सकती हैं।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि पूर्व महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी इस सीरीज में फिर से तुलसी के किरदार में नजर आ सकती हैं। यह भी बताय गया है कि वह इन दिनों किरदार में फिर से ढलने के लिए भरपूर मेहनत कर रही हैं।

'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का टाइटल थीम सॉन्ग भी खासा पॉपुलर रहा है। बताया जाता है कि सीरीज में इस थीम सॉन्ग को फिर से शामिल किया जाएगा। यही नहीं, इसे फिर से उसी तरह, उसी घर में शूट किया जाएगा। यानी तुलसी एक बार फिर घर में घूमते हुए अपने परिवार के सभी सदस्यों से दर्शकों का परिचय करवाएगी।

एकता कपूर इसी साल जून 2025 में 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सीरीज को लेकर घोषणा कर सकती हैं।

हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जब इस बारे में एकता कपूर या उनकी बालाजी टेलीफिल्म्स से संपर्क किया गया, तो कोइर जवाब नहीं मिला।






# पंजाब किंग्स धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में सात दिन करेगी नेट प्रैक्टिस

आईपीएल सीजन-2025 में होने वाले आईपीएल मैचों के दौरान पंजाब किंग्स की टीम 11 दिन धर्मशाला में ठहरेगी। इस दौरान तीन मैच खेलेगी और मैचों के बीच सात दिन अभ्यास कर मैदान और पिच के मिजाज को भी जानेगी। पंजाब की टीम अपने दूसरे होम ग्राउंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 4 मई को लखनऊ के साथ होने वाले मैच के लिए पहली मई को पहुंच जाएगी। दो दिन धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद 4 मई को पंजाब की टीम आईपीएल का मैच खेलेगी।

लखनऊ की टीम 4 मई को होने वाले मैच से दो दिन पूर्व ही धर्मशाला आएगी। धर्मशाला में



पंजाब किंग्स से मुकाबले से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 27 अप्रैल को मुंबई में मुंबई से मैच खेलेगी। इसके बाद वह कुछ दिन आराम करने के बाद दो मई को धर्मशाला आएगी। 3 मई को अभ्यास करने के बाद लखनऊ की टीम 4 मई को मैच खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 6 मई को धर्मशाला आएगी, जो 7 मई को अभ्यास करने के बाद 8 मई को मैच खेलेगी।

इसके अलावा 11 मई को होने वाले मुकाबले के लिए मुंबई की 8 या 9 मई को धर्मशाला पहुंचेगी। इसके बाद अभ्यास करने के बाद 11 मई को मैच खेलेगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए पंजाब की टीम सबसे पहले आएगी। टीम 11 दिन धर्मशाला में रुकेगी। अभी टीमों के अभ्यास का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। उम्मीद है कि मैचों के बीच पंजाब की टीम सात दिन अभ्यास करेगी। बाकी टीमें एक या दो दिन अभ्यास के बाद मैच खेलेंगी।

# सचिन तेंदुलकर की बेटी बनीं मुंबई टीम की मालकिन

## आईपीएल 2025 के बीच खरीद डाली पूरी फ्रैंचाइजी

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ने मुंबई की टीम खरीद ली है. जी हां, सारा तेंदुलकर ने ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग में मुंबई टीम का मालिकाना हक प्राप्त कर लिया है. जीईपीएल को दुनिया की सबसे बड़ी ई-क्रिकेट लीगों में से एक माना जाता है. साल 2025 में इस लीग का दूसरा सीजन आयोजित होगा. बता दें कि यह लीग रियल क्रिकेट एप पर खेली जाती है, जिसे इंटरनेट पर 30 करोड़ से भी ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है.

डेब्यू सीजन के बाद ग्लोबल ई-क्रिकेट लीग ने अच्छी ख़ासी पहचान कायम कर ली है. पहले सीजन में 2 लाख खिलाड़ियों ने



रजिस्टर किया था, जबकि सीजन 2 के लिए 9 लाख 10 हजार रजिस्ट्रेशन आए हैं.

**मालकिन बनने पर क्या बोलीं सारा तेंदुलकर?**

जीईपीएल में मुंबई टीम की मालकिन बनने पर सारा तेंदुलकर ने कहा, ₹क्रिकेट हमारे परिवार का अभिन्न हिस्सा रहा है. ई-स्पोर्ट्स में क्रिकेट के भविष्य को देखना उत्साहजनक है. जीईपीएल में मुंबई फ्रैंचाइजी को खरीदना किसी सपने के सच होने जैसा है. मैंने अपने जुनून को उस शहर के साथ जोड़ लिया है, जिससे मुझे बहुत लगाव है. मैं एक प्रतिभाशाली टीम के साथ पार्टनरशिप करने को लेकर उत्सुक हूं.₹ GEPL के साथ जुड़कर सारा तेंदुलकर भारत में ई-क्रिकेट को एक नए मुकाम पर ले जाने में अहम योगदान देंगी.

सारा तेंदुलकर के भाई, अर्जुन तेंदुलकर एक क्रिकेटर हैं और IPL में मुंबई इंडियंस टीम के लिए खेलते हैं. अर्जुन ने अभी तक आईपीएल में सिर्फ 5 मैच खेले हैं और डोमेस्टिक क्रिकेट में गोवा टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं. दूसरी ओर सारा तेंदुलकर के पिता यानी सचिन तेंदुलकर क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं. उन्होंने हाल ही में अपनी कप्तानी में इंडिया मास्टर्स टीम को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 का विजेता बनाया था.

# फर्क नहीं पड़ता, वेंकटेश अय्यर बोले-

## *23.75 करोड़ रुपये हर मैच में रन बनाने के लिए नहीं मिले*

कोलकाता नाइट राइडर्स के वाइस-कैप्टन वेंकटेश आय्यर ने साफ किया है कि उनके 23.75 करोड़ रुपये के प्राइस टैग का मतलब ये नहीं है कि उन्हें हर मैच में बड़ा स्कोर करना होगा. उनका कहना है कि वो टीम के लिए "असरदार योगदान" पर ध्यान देते हैं, न कि सिर्फ रनों के आंकड़ों पर.वेंकटेश आय्यर को KKR ने मेगा ऑक्शन में राइट टू मैचकार्ड का इस्तेमाल करके रिटेन किया था, जिसके बाद वो टीम के सबसे महंगे और आईपीएल के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने. हालांकि, इस सीजन के पहले दो मैचों में उनका प्रदर्शन ठीक नहीं रहा-वो सिर्फ 9 रन ही बना पाए. इसके बाद उनके प्राइस टैग को लेकर सवाल उठने लगे.



**हर मैच में रन बनाने जरूरी नहीं: अय्यर**

वेंकटेश ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी 29 गेंदों की धमाकेदार 60 रनों की पारी के बाद कहा, 'दबाव तो थोड़ा है, आप लोग (मीडिया) बहुत बात करते हो. लेकिन सबसे महंगा खिलाड़ी होने का मतलब ये नहीं कि मुझे हर मैच में रन बनाने होंगे. ये इस बारे में है कि मैं टीम के लिए कैसे मैच जिता रहा हूं और क्या प्रभाव डाल रहा हूं. दबाव पैसे या रनों का नहीं है, बल्कि टीम की जीत का है.'

**'20 लाख या 20 करोड़,आईपीएल में फर्क नहीं पड़ता'**

जब पूछा गया कि क्या अब उन पर से दबाव हट गया है, तो वेंकटेश ने कहाः 'आप ही बताइए? दबाव तब खत्म होगा जब... मैं हमेशा कहता हूं-आईपीएल शुरू होने के बाद कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपको 20 लाख मिल रहे हैं या 20 करोड़. मैं टीम का खिलाड़ी हूं और मेरा लक्ष्य टीम की जीत में योगदान देना है. कई बार ऐसी ट्रिकी स्थितियां आती हैं जहां मेरा काम कुछ ओवर खेलकर टीम को स्थिरता देना होता है. अगर मैं ऐसा करके भी रन नहीं बना पाता, तो भी मैंने टीम के लिए काम किया.' इस सीजन में केकेआर के मिडिल ऑर्डर की आलोचना हुई थी क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी धराशायी हो गई थी.

लेकिन वेंकटेश ने कहा कि केकेआर 'बिना सोचे-समझे आक्रामकता में विश्वास नहीं रखती, बल्कि "कैल्कुलेटेड एग्रेसशन" पर उनका भरोसा है.' अय्यर ने कहा, 'आक्रामकता का मतलब हर गेंद को छक्के मारने से नहीं है. ये सही इरादे और पिच को समझने के बारे में है. हम उस टीम नहीं बनना चाहते जो कभी 250 रन बना ले और कभी 70 रन पर ढेर हो जाए. हम चाहते हैं कि हम पिच को जल्दी समझें और पार स्कोर से 20 रन आगे रहें. ये केकेआर की आक्रामकता है.'अब KKR की अगली चुनौती चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होगी. देखना दिलचस्प होगा कि क्या वेंकटेश और उनकी टीम इस जीत का मोमेंटम आगे बनाए रख पाते हैं.

# सूर्यकुमार यादव भी मुंबई छोड़कर जाएंगे गोवा?

## एमसीए के सचिव ने दिया अपडेट

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों से अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़ने का फैसला किया है। जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ को मंगलवार को लिखे पत्र में कहा कि वह मुंबई छोड़कर गोवा के लिये खेलना चाहते हैं। एमसीए ने उनका अनुरोध मान लिया। यशस्वी जायसवाल के बाद सूर्यकुमार यादव को लेकर भी यह अफवाहें आईं कि वह भी गोवा से जुड़ने वाले हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव ने इसका सच उजागर किया है।

**सूर्यकुमार यादव को लेकर चल रही अफवाहें**

सचिव अभय हडप ने बताया कि जायसवाल मुंबई छोड़कर जाने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बोर्ड जानता है कि टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लेकर भी ऐसी ही खबरें चल रही है।



उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कहा, "मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) सूर्य कुमार यादव के मुंबई के लिए खेलने के बजाय खिलाड़ियों को गोवा ले जाने के कथित फैसले के बारे में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों से अवगत है।" मअभय हडप ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर सूर्यकुमार यादव से बात की थी। उन्होंने कहा, "एमसीए के अधिकारियों ने आज सुबह सूर्या से बात की है और वे पुष्टि कर सकते हैं कि ये अफवाहें पूरी तरह से निराधार और असत्य हैं। सूर्य कुमार यादव मुंबई के लिए प्रतिबद्ध हैं और मुंबई के लिए खेलने में उन्हें बहुत गर्व है। हम सभी से गलत सूचना फैलाने से बचने और हमारे खिलाड़ियों का समर्थन करने का आग्रह करते हैं क्योंकि वे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन में योगदान देना जारी रखते हैं।"

# मोहम्मद सिराज बने बेंगलुरु के नए बॉस

## जहीर खान को पीछे छोड़ बने सबसे सफल गेंदबाज



आईपीएल 2024 के 14वें मैच में गुजरात टाइटंस ने आरसीबी को 8 विकेट से हरा दिया था। इस मैच में गुजरात के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंदबाजी काफी अच्छी रही थी और उन्होंने आरसीबी के तीन अहम बल्लेबाजों को आउट किया था। सिराज की घातक गेंदबाजी का असर साफ तौर पर इस टीम पर दिखा था और ये टीम 169 रन तक ही पहुंच पाई थी।

अगर सिराज शुरुआती विकेट नहीं लेते तो आरसीबी का स्कोर कुछ और होता और फिर गुजरात के लिए जीत हासिल करना आसान नहीं होता।

**सिराज ने जहीर खान का तोड़ा रिकॉर्ड**

सिराज ने आरसीबी के खिलाफ 4 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट लिए थे। उन्होंने इस मैच में देवदत्त पडीक्कल, फिल साल्ट और लियाम लिविंगस्टोन को अपना शिकार बनाया था।

उनकी इस शानदार गेंदबाजी के लिए वो प्लेयर ऑफ द मैच भी बने थे। सिराज इससे पहले 7 साल तक यानी साल 2018 से लेकर 2024 तक आरसीबी का हिस्सा थे, लेकिन आईपीएल के इस सीजन के लिए उन्हें आरसीबी ने रिटेन नहीं किया था और फिर उन्हें गुजरात टाइटंस ने खरीद लिया था। मोहम्म सिराज ने आईपीएल के खिलाफ 3 विकेट लेकर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया और वो बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए। मोहम्मद सिराज ने इस मैदान पर अब तक 22 पारियों में 29 विकेट लिए हैं और उन्होंने जहीर खान को पीछे छोड़ दिया। सिराज से पहले बेंगलुरु में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जहीर खान थे जिन्होंने आईपीएल की 25 पारियों में यहां 28 विकेट लिए थे। अब सिराज उनसे आगे निकल गए और इस मैदान के नए बॉस बन गए। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर विनय कुमार हैं जिन्होंने 24 पारियों में कुल 27 विकेट लिए थे।

**बेंगलुरु में आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले टॉप 5 तेज गेंदबाज**

29 - मोहम्मद सिराज (22 पारी)
28 - जहीर खान (25 पारी)
27 - विनय कुमार (24 पारी)
25 - श्रीनाथ अरविंद (19 पारी)
25 - उमेश यादव (22 पारी)

# राजगीर में होगा हीरो एशिया कप 2025

## हॉकी इंडिया-बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 का आयोजन किया जाएगा। 29 अगस्त से सात सितंबर तक चलने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह टूर्नामेंट हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे बिहार के बढ़ते खेल बुनियादी ढांचे और अंतरराष्ट्रीय हॉकी में राज्य की मजबूत उपस्थिति का संकेत मिलता है। यह दूसरा मौका है जब राजगीर किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले नवंबर 2024 में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का सफल आयोजन हुआ था, जिसमें भारतीय टीम ने खिताब जीता था।

**एशिया की टॉप 8 टीमें लेंगी हिस्सा**

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में एशिया की आठ टीमें भाग लेंगी, जिनमें भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया जैसी दिग्गज टीमें शामिल हैं। बाकी दो टीमें एएचएफ कप क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के जरिए अपनी जगह बनाएंगी। अगर एशिया कप के इतिहास की बात करें, तो दक्षिण कोरिया सबसे सफल टीम रही है। दक्षिण कोरिया की टीम ने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में कुल पांच बार खिताब जीता है। इसके बाद भारत (2003, 2007, 2017) और पाकिस्तान (1982, 1985, 1989) ने तीन-तीन बार इस खिताब पर कब्जा जमाया है।

हीरो एशिया कप 2025 की एहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है, क्योंकि यह 2026 एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए एक क्वालिफाइंग इवेंट है। यह विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट का विजेता टीम सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी, जिससे मुकाबले और भी रोमांचक हो जाएंगे। सभी टीमें खिताब जीतने और अपनी विश्व कप की सीट पक्की करने के लिए पूरी ताकत झोंक देंगी।

**बिहार के लिए गर्व का क्षण, खेल को मिलेगी नई दिशा**

बिहार के खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र ने टूर्नामेंट की मेजबानी पर खुशी जताते हुए कहा कि राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी बिहार के लिए गर्व का विषय है। यह आयोजन राज्य को एक प्रमुख खेल गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा और हॉकी के नए खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा।

बिहार सरकार इस टूर्नामेंट को विश्व स्तरीय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम राज्य के बढ़ते खेल बुनियादी ढांचे का प्रमाण है और हमें पूरे एशिया की शीर्ष टीमों का स्वागत करने की खुशी है।

**एशियन हॉकी फेडरेशन और हॉकी इंडिया के दिग्गजों की प्रतिक्रियाएं**

एशियन हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष दातो फुमियो ओगुरा ने कहा कि हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025, एशियाई हॉकी के इतिहास में एक और ऐतिहासिक अध्याय जोड़ता है। भारत हमेशा हॉकी के विकास में अग्रणी रहा है और राजगीर को मेजबान शहर के रूप में चुनना इस खेल को नए स्तर तक ले जाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह टूर्नामेंट अत्यधिक प्रतिस्पर्धी होगा और हम हाई-लेवल हॉकी देखने के लिए उत्साहित हैं।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने टूर्नामेंट की मेजबानी को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि राजगीर में एशिया कप की मेजबानी भारतीय हॉकी के लिए एक बड़ा कदम है। यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय हॉकी में बिहार को नई पहचान देगा। चूंकि यह विश्व कप का क्वालीफायर है, इसलिए हमें जुनून और कौशल से भरे रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि हम राजगीर में एशिया कप लाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह आयोजन न केवल एशियाई हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खेल को प्रदर्शित करेगा, बल्कि भारत और इस क्षेत्र में इस खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

बिहार में हॉकी को लेकर जो जुनून बढ़ रहा है, यह टूर्नामेंट उसे और मजबूत करेगा।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से बाहर हुआ ऑली स्टोन

टीम इंडिया जून में इंग्लैंड का दौरा करेगी. जहां पर उसे पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है. पहला टेस्ट मैच 20 जून से खेला जाएगा. इस सीरीज से पहले इंग्लैंड टीम को एक जोरदार झटका लगा है. टीम के तेज गेंदबाज ऑली स्टोन घुटने में चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं. इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की. ईसीबी ने अपने बयान में कहा है कि नॉटिंघमशायर के प्री-सीज़न टूर में अबू धाबी में स्टोन को घुटने में दर्द महसूस हुआ. उनके घुटने की सर्जरी हो सकती है साथ ही वह ईसीबी और नॉटिंघमशायर की मेडिकल टीम के साथ मिलकर रिहैबिलिटेशन पर काम करेंगे. उम्मीद है कि वह अगस्त 2025 तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे. बता दें कि तेज गेंदबाज स्टोन ने इंग्लैंड के लिए 5 टेस्ट और 10 वनडे मैच खेले हैं. लेकिन अब वह भारत के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगे. स्टोन ने इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट विकेट लिए हैं, उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट पिछले साल सितंबर में श्रीलंका के खिलाफ खेला था.

# चेन्नई सुपर किंग्स में हो सकती है मुंबई के 17 साल के आयुष बल्लेबाज की एंट्री


महाराष्ट्र के खिलाफ मुंबई के लिए अपना पहला रणजी ट्रॉफी शतक बनाने का जश्न मनाते हुए आयुष म्हात्रे (बाएं)। (दाएं) आयुष म्हात्रे टीनएजर पृथ्वी शॉ के साथ

मुंबई के 17 साल के सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को चेन्नई सुपर किंग्स ने गुरुवार 3 अप्रैल 2025 को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ट्रायल के लिए बुलाया। इस घटनाक्रम के बाद उन अटकलों को हवा दे दी, जिसमें कहा गया है कि आयुष म्हात्रे को आईपीएल 2025 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स टीम में शामिल कर सकती है। आयुष म्हात्रे नवंबर 2024 में जेद्दा में हुए आईपीएल मेगा ऑक्शन में नहीं बिके थे।

**चोटिल/अनुपलब्ध होने की स्थिति में सीएसके में होंगे शामिल**

आयुष म्हात्रे किसी खिलाड़ी के चोटिल/अनुपलब्ध होने की स्थिति में ही चेन्नई सुपर किंग्स में प्रतिस्थापन (रिप्लेसमेंट) खिलाड़ी के रूप में आ सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो रणजी ट्रॉफी की तरह वह फिर मौका भुनाने की कोशिश में होंगे। सरफराज खान के भाई मुशीर खान के चोटिल होने के कारण आयुष म्हात्रे को रणजी ट्रॉफी 2024-25 में मुंबई के लिए ओपनिंग करने का मौका मिला था।

तब आयुष म्हात्रे ने मौके का पूरा फायदा उठाया और रणजी ट्रॉफी में शतक जमाया। आयुष म्हात्रे



भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के जबरा फैन हैं। खास यह है कि उन्होंने अपना पहला रणजी शतक पृथ्वी शॉ के बल्ले से बनाया था। आयुष म्हात्रे वर्तमान में बीसीसीआई की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के अंडर-19 क्रिकेटर्स के जोनल कैंप में हैं।

सीएसके के एमडी और सीईओ कासी विश्वनाथन के हवाले से टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा, 'हां, हमने उन्हें ट्रायल के लिए बुलाया है। उन्होंने हमारे टैलेंट स्काउट्स को प्रभावित किया है।'

**आयुष का पहले भी ट्रायल ले चुकी है सीएसके**

यह पूछे जाने पर कि क्या सीएसके कैंप में कोई चोटिल है, कासी विश्वनाथ ने कहा, 'नहीं, अगर कोई जरूरत होगी, तो हम ऐसा करेंगे। हम किसी को नहीं चुन रहे हैं, यह सिर्फ एक ट्रायल है।' चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले साल नवंबर में आईपीएल नीलामी से ठीक पहले भी आयुष म्हात्रे को ट्रायल के लिए रिपोर्ट करने को कहा था।

**विजय हजारे ट्रॉफी में ठोके थे 2 शतक**

आयुष म्हात्रे ने 2024-25 में मुंबई के लिए डेब्यू किया था। उनका घरेलू सीजन शानदार रहा था। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में दो शतक और एक अर्धशतक के साथ सात मैच में 65.42 की औसत से 458 रन बनाए। रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र के खिलाफ 176 रन बनाकर 8 मैच में 33.64 के औसत से दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 471 रन बनाए थे।

**शानदार शुरुआत के बाद पटरी से उतरी सीएसके की गाड़ी**

17 साल के इस बल्लेबाज ने जाहिर तौर पर सीएसके के शीर्ष प्रबंधन और फ्रेंचाइजी के टैलेंट स्काउट्स को प्रभावित किया है। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। हालांकि, इसके बाद उसकी गाड़ी पटरी से उतर गई। उसने अब तक 3 मैच खेले हैं और 2 में हार झेली है। चेन्नई सुपर किंग्स वर्तमान में आईपीएल 2025 की अंक तालिका में 7वें स्थान पर है।



# ट्रंप ने अमीरों की दुनिया में कर दिया बड़ा खेल, दोस्त को भी नहीं बख्शा!



नई दिल्ली, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार अपनी धमकी को सच कर दिखाया और भारत सहित दुनिया के करीब 50 देशों पर टैरिफ ठोक दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल 2025 को लिबरेशन डे के अवसर पर विभिन्न देशों से आयातित वस्तुओं पर नए रिसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। ट्रंप ने इस टैरिफ को डिस्काउंटेड टैरिफ कहा है। उनके इस टैरिफ बम से दोस्त हो या दुश्मन सभी को मोटा नुकसान हुआ है।जब से उन्होंने टैरिफ का ऐलान किया है अमीरों की दुनिया में बड़ा खेल देखने को मिला है। ब्लूमबर्ग की टॉप अमीरों की लिस्ट में दोस्त एलन मस्क हों या एशिया के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी, सभी को मोटा नुकसान है। इस लिस्ट में अकेले गौतम अडानी ही ऐसे शख्स हैं जिन्होंने इस दौरान कमाई की है। आइए बताते हैं क्या है दुनिया के टॉप अमीरों का का हाल...

**दुनिया के टॉप अमीर टैरिफ बम से कितने घायल?**

दुनिया के सबसे अमीरों की लिस्ट में शामिल अरबपतियों की संपत्ति में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। एलन मस्क से लेकर बिल गेट्स तक और मुकेश अंबानी तक की नेटवर्थ घटी है। सबसे ज्यादा घाटा मेटा के मालिक मार्क जकरबर्ग को हुआ है, 24 घंटे में इनकी दौलत 17.9 अरब डॉलर घट गई है।

इसके बाद सबसे ज्यादा नुकसान अमेजन के मालिक जेफ़ बेजोस को हुआ है, उनकी दौलत 24 घंटे में 15 अरब डॉलर से ज्यादा घट गई है।

**मस्क से लेकर बेजोस तक को इतना घाटा**

ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, नेटवर्थ में ये गिरावट टॉप-10 अमीरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के 20 सबसे अमीरों की संपत्ति में देखने को मिली है। ट्रंप के खास दोस्त और टेस्ला-स्पेसएक्स जैसे कंपनियों के मालिक एलन मस्क की संपत्ति 11 अरब डॉलर घटकर 322 अरब डॉलर पर आ गई है, हालांकि ये अभी भी दुनिया के सबसे अमीर इंसान बने हुए हैं। वहीं दूसरी ओर अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की नेटवर्थ 15.9 अरब डॉलर गिरकर 201 अरब डॉलर, जबकि फ्रांसीसी अरबपति बर्नार्ड अर्नाल्ट की संपत्ति 6.22 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 163 अरब डॉलर रह गई है।

**अकेले अडानी की हुई कमाई**

ये तो रही 10 सबसे अमीर लोगों की बात, वहीं टॉप-20 अमीरों की लिस्ट में गौर करें, तो ऊपर बताए गए रईसों के अलावा भारत के सबसे अमीर शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में 73.3 लाख करोड़ की कमी आई है और ये घटकर 89.8 अरब डॉलर रह गई है इसी के साथ वो टॉप 15 की लिस्ट से बाहर हो कर 16वें नंबर पर आ गए हैं। वहीं अमीरों की लिस्ट में 20वें पायदान पर मौजूद अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में 1.39 अरब डॉलर की बढ़ी है। टॉप 20 अमीरों की दुनिया में इकलौते अडानी ही हैं जिनकी दौलत में इजाफा देखने को मिला है।

## एक किलो चांदी 2900 गिरकर 93057 पर आई:ऑलटाइम हाई से 7877 गिरे दाम; 10 ग्राम सोना 35 गिरकर 90,310 पर आया



मुंबई,4 अप्रैल (एजेंसियां)। चांदी में आज यानी, 4 अप्रैल को 2900 की गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 1 किलो चांदी 93057 के भाव से बिक रही है। 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस लेवल से चांदी 7877 गिर चुकी है। वहीं 10 ग्राम सोना 35 की गिरावट के साथ 90,310 पर आ गया है। सोने ने 3 अप्रैल को 91,205 का ऑल टाइम हाई बनाया था। यानी, इस लेवल से सोना 895 गिर चुका है। एक्सपर्ट इस साल सोने के दाम 94 हजार प्रति दस ग्राम तक जाने का अनुमान लगा रहे हैं।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 84,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91,790 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 84,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91,640 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 84,000 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 91,640 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 84,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91,640 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 84,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 91,690 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 91,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 84,000 रुपये है।

# टैरिफ की आंच से शुक्रवार को ढहा बाजार

## सेंसेक्स 931 अंक गिरा, निफ्टी 23000 से फिसली

नई दिल्ली, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर सूचकांक सेंसेक्स 900 अंक से अधिक टूटकर 76,000 के स्तर से नीचे आ गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 930.67 अंक या 1.22 प्रतिशत गिरकर 75,364.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,054.81 अंक या 1.38 प्रतिशत गिरकर 75,240.55 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 345.65 अंक या 1.49 प्रतिशत गिरकर 22,904.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 50 शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेक्स 382.2 अंक या 1.64 प्रतिशत गिरकर 22,867.90 पर बंद हुआ। जानकारों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और बाजार में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो और इंफोसिस जैसी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से निराशा और बढ़ गई।सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सबसे ज्यादा नुकसान टाटा स्टील को हुआ, जिसमें 8.59 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बाद टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, अडानी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मास्युटिकल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस और एनटीपीसी के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी ओर, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, एशियन पेंट्स और एक्सिस बैंक के शेयरों में लाभ रहा। व्यापक बाजार की बात करें तो बीएसई मिडकैप सूचकांक में 3.08 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 3.43 प्रतिशत की गिरावट आई।मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, वैश्विक शेयर बाजार में गिरावट के कारण बाजार में भी गिरावट आई तथा व्यापक बिकवाली के कारण विभिन्न क्षेत्रों में 2-6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। निवेशकों को डर है कि ट्रंप की पारस्परिक टैरिफ नीति मंदी को बढ़ावा देगी और अमेरिका में मुद्रास्फीति को बढ़ावा देगी तथा अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को भी अपनी चपेट में ले लेगी। टेपसे ने कहा कि धातु और तेल शेयरों में तेज गिरावट से संकेत मिल रहा है कि मंदी की आशंकाओं के बीच मांग प्रभावित हो सकती है। एशियाई बाजारों में, टोक्यो और सियोल में गिरावट रही। हांगकांग और शंघाई शेयर बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। मध्य सत्र के सौदों में यूरोपीय बाजार कम कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को रात भर के सौदों में अमेरिकी बाजार कम बंद हुए, जो 2020 के बाद से उनकी सबसे बड़ी गिरावट थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.26 प्रतिशत गिरकर 67.85 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पैर पर मार ली कुल्हाड़ी, सच हुई रघुराम राजन की वाणी!

नई दिल्ली,4 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के 60 से अधिक देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। इससे दुनिया भर में ट्रेड वॉर गहराने और मंदी की आशंका बढ़ गई है। इससे गुरुवार को दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली। अमेरिका में नैसडैक कंपोजिट इंडेक्स में 5.97% गिरावट आई जो मार्च 2020 के बाद इसमें एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट है। एसएंडपी 500 और डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में भी जून 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट रही। इससे निवेशकों को 2.4 ट्रिलियन डॉलर की चपत लगी। आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने ट्रंप के टैरिफ पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि उनका यह कदम अमेरिका के लिए आत्मघाती होगा और उनकी बाद सही साबित हो रही है।ट्रंप के टैरिफ की घोषणा से लगभग हर सेक्टर को नुकसान हुआ। बैंक, रिटेलर, कपड़े, एयरलाइन और टेक्नोलॉजी कंपनियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। माना जा रहा है कि अगर टैक्स की वजह से चीजों के दाम बढ़ेंगे तो लोग कम खर्च करेंगे। यूबीएस की एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप की टैरिफ योजनाओं को अगर लागू किया जाता है तो इससे महंगाई में 5 फीसदी तेजी आएगी और जीडीपी निगेटिव में जा सकती है। कई अर्थशास्त्रियों ने कहा कि ये टैक्स अनुमान से कहीं ज्यादा खराब हैं। इससे निवेशकों ने उन कंपनियों के शेयर बेच दिए जिनसे नुकसान हो सकता है। फिच रेटिंग्स के अमेरिका में इकनॉमिक रिसर्च के हेड ओलू सोनोला ने एक रिपोर्ट में कहा कि ये टैरिफ सिर्फ अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा बदलाव है। इससे कई देशों में मंदी आ सकती है। इसी आशंका से दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। बाजार बंद होने से एक घंटे पहले ही निवेशकों के 2.01 ट्रिलियन डॉलर डूब गए। जानकारों का कहना है कि ट्रंप के टैरिफ



प्लान से अमेरिका की इकॉनमी को भी भारी नुकसान होगा।एयरलाइंस को इस साल अच्छा मुनाफा होने की उम्मीद थी। लेकिन अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अगर अमेरिकियों को जरूरी चीजों के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे, तो वे यात्रा पर कम खर्च करेंगे। इस कारण एयरलाइन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। यूनाइटेड एयरलाइंस में 13.8%, अमेरिकन एयरलाइंस में 9.3% और डेल्टा एयरलाइंस में 9.4% गिरावट रही। अमेरिका की जूता और कपड़ा कंपनियां अपना सामान विदेशों में बनाती हैं। इस कारण नाइकी, अंडर आर्मर, लुलुलेमन, राल्फ लॉरेन और लेवी स्ट्रॉस जैसी कंपनियों 18 फीसदी तक गिरावट रही। इसी तरह अमेरिका के बड़े रिटेलर्स भी अपना ज्यादातर सामान विदेशों से मंगाते हैं। इससे ऐमजॉन में 8.1%, टारगेट में 10.6%, बेस्ट बाय में 17%, डॉलर ट्री में 11% और कोहल्स में 21% गिरावट रही। इसी तरह कंप्यूटर और स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियां भी अपने पार्ट्स विदेशों से मंगवाती हैं। कई कंपनियों के तो पूरे प्रोडक्ट बाहर से आते हैं। अब उन कंपनियों के प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। इस कारण ऐपल में 9.3%, एचपी में 13.9%, डेल में 17.5% और एनवीडिया में 6.5% गिरावट आई। अगर अर्थव्यवस्था में मंदी आती है तो लोग और कंपनियां कम पैसे उधार लेंगे। इसकी वजह यह है कि प्रोडक्ट और सेवाओं की मांग कम हो जाएगी। इस कारण बैंकिंग शेयरों में भी गिरावट रही।

# भारतीय स्टार्टअप पर सवाल उठाकर घिरे पीयूष गोयल

## जेप्टो के सह संस्थापक का जवाब– आलोचना करना आसान

नई दिल्ली, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में भारतीय स्टार्टअप को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि क्या भारत के लोग केवल कम वेतन वाले डिलीवरी बॉय या गर्ल बनकर ही रह जाएंगे। जबकि चीन लगातार एआई और इलेक्ट्रिक व्हीकल के क्षेत्र में नए-नए काम कर रहा है। भारतीय स्टार्टअप को सोचना चाहिए कि वह क्या कर रहे हैं? केंद्रीय मंत्री के इस बयान के बाद स्टार्टअप की ओर से भी जवाब आया। जेप्टो के सह संस्थापक आदित पालिचा ने कहा कि आलोचना करना आसान है। इसके अलावा इन्फोसिस के पूर्व बोर्ड सदस्य मोहनदास पई ने भी केंद्रीय मंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वे भारतीय स्टार्टअप को कमतर न समझें।



**पीयूष गोयल ने क्या कहा**

स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप को यह जानने की जरूरत है कि वे क्या कर रहे हैं। हम उन उद्योगों पर ध्यान दें जो वास्तव में हमारी अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं। हमें प्रतिस्पर्धा से पीछे नहीं हटना चाहिए, बल्कि नवाचार और दीर्घकालिक स्थिरता के लिए काम करना चाहिए। हमें वैश्विक स्तर पर जाने और बड़ा सोचने की जरूरत है। जब हम डीप टेक को देखते हैं, तो इकोसिस्टम में केवल एक हजार स्टार्टअप हैं और यह परेशान करने वाली बात है। स्टार्टअप को कम समय में पैसा कमाने की जगह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने पर ध्यान देना चाहिए।

**जेप्टो के सह संस्थापक ने किया पलटवार**

केंद्रीय मंत्री के बयान के बाद जेप्टो के सह संस्थापक आदित पालिचा ने पलटवार किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत में स्टार्टअप की आलोचना करना आसान है। खासकर जब आप उनकी तुलना अमेरिका और चीन की तकनीकी उत्कृष्टता से करते हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 1.5 लाख वास्तविक लोग आज जेप्टो पर आजीविका कमा रहे हैं। यह एक ऐसी कंपनी जो 3.5 साल पहले अस्तित्व में नहीं थी। प्रति वर्ष सरकार को 1,000+ करोड़ का टैक्स, देश में एक अरब डॉलर से अधिक का एफडीआई लाकर और भारत की बैकएंड आपूर्ति श्रृंखलाओं को व्यवस्थित करने में सैकड़ों करोड़ का हमने निवेश किया अगर यह भारतीय नवाचार में चमत्कार नहीं है, तो मैं नहीं जानता कि क्या है?

**एआई मॉडल पर उठाए सवाल**

जेप्टो के सह संस्थापक ने एआई मॉडल पर सवाल उठाए। आदित पालिचा ने कहा कि भारत के पास खुद का एआई मॉडल क्यों नहीं है? ऐसा इसलिए है क्योंकि हमने अभी भी महान इंटरनेट कंपनियां नहीं बनाई हैं। पिछले दो दशक में अधिकांश प्रौद्योगिकी-आधारित नवाचार उपभोक्ता इंटरनेट कंपनियों से पैदा हुए हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग को किसने बढ़ाया? अमेजन ने क्योंकि वह उपभोक्ता इंटरनेट कंपनी है।

# बड़े दिनों बाद मिली गौतम अडानी को पोजीशन

## दुनिया के टॉप 20 अमीरों में फिर मिली जगह, कितनी पहुंची नेटवर्थ?

नई दिल्ली,4 अप्रैल (एजेंसियां)। देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक बार फिर टॉप 20 में शामिल हो गए हैं। वह इस लिस्ट में लंबे समय से 21वें नंबर पर बने हुए थे। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 1.39 अरब डॉलर की तेजी आई और वह 76.2 अरब डॉलर के साथ 20वें पर पहुंच गए। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.49 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वैसे इस साल दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से 16 की नेटवर्थ में गिरावट आई है। इस साल कमाई करने वाले अमीरों में वॉरेन बफे, बिल गेट्स, कार्लोस स्लिम और फांसुआ बेटनकोर्ट मायज शामिल हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 60 से अधिक देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। इससे दुनिया भर के शेयर बाजारों में गुरुवार को रही और टॉप 20 अमीरों में से 18 की नेटवर्थ में गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान फेसबुक के फाउंडर मार्क जकरबर्ग को हुआ। एक झटके में उनकी नेटवर्थ 17.9 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 189 अरब डॉलर रह गई। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस को 15.9



अरब डॉलर की चपत लगी और उनकी नेटवर्थ 201 अरब डॉलर रह गई। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क को 11 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। इस साल वह अब तक 110 अरब डॉलर गंवा चुके हैं और उनकी नेटवर्थ अब 322 अरब डॉलर रह गई है। माइकल डेल, लैरी एलिसन, बर्नार्ड आरनॉल्ट और जेंसन हुआंग की नेटवर्थ में गुरुवार को 5 अरब डॉलर से अधिक गिरावट आई। बफे ने 2.57 अरब डॉलर, लैरी पेज ने 4.79 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन ने 4.46 अरब डॉलर गंवाए। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में गुरुवार को 73.3 मिलियन डॉलर की गिरावट आई। इसके बावजूद वह 89.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 16वें नंबर पर पहुंच गए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ में इस साल 78.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई है।

# भारतीय रेलवे ने वर्ष 2024-25 में कोच निर्माण में 9% की वृद्धि की



नई दिल्ली, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 ट्रेन के कोच की बनावट में बड़ी बढ़ोतरी की। मामले में जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,134 कोच बनाए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि 2023-24 में 6,541 कोच बनाए गए थे। साथ ही मंत्रालय ने ये भी बताया कि इस वृद्धि का मुख्य कारण बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने के लिए रेलवे द्वारा किए गए बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के प्रयास हैं। मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि 2024-25 में खास ध्यान गैर-एसी कोचों के उत्पादन पर दिया गया है। जहां कुल 4,601 कोचों

**बनाए 7,134 नए कोच**

का को बिना एसी वाले श्रेणी में बनाया गया है, जो कि आम आदमी की यात्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। बता दें कि भारतीय रेलवे की तीन प्रमुख कोच निर्माण इकाइया हैं। इनमें चेन्नई, तमिलनाडु में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), कपूरथला, पंजाब में रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) और रायबरेली, उत्तर प्रदेश में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ), जिनमें से इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) ने 2024-25 के लिए अपने उत्पादन रिकॉर्ड को पार करते हुए 3,007 कोच बनाए हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में कोच उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। 2004 से 2014 के बीच भारतीय रेलवे ने औसतन 3,300 से कम कोच बनाए थे, लेकिन 2014 से 2024 तक उत्पादन में भारी वृद्धि देखने को मिली है।

# चीन के सामने कैसे टिकेंगे हम

## हमारे पास 500 तो ड्रैगन के पास 5000.

नई दिल्ली, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। मेटल सेक्टर की कंपनी वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने देश में शिपिंग इंडस्ट्री की हालत पर चिंता भी जताई है. उन्होंने कहा कि भारत के शिपिंग उद्योग में तुरंत सुधार करने की जरूरत है. भारत समुद्री व्यापार में चीन से बहुत पीछे रह गया है. आज के समय में इंटरनेशनल बिजनेस में पूरी तरह से चीनी जहाजों का दबदबा है. दुनिया के 98 प्रतिशत व्यापारिक जहाजों को या तो चीन की कंपनियां चलाती है या फिर वो चीन में बने जहाजों का इस्तेमाल करती है. बता दें, दुनिया की 20 सबसे बड़ी शिपिंग कंपनियों के बेड़े में 30 प्रतिशत जहाज मेड इन चाइना हैं.अनिल अग्रवाल ने एक्स पर लिखा कि क्या आप लोग जानते हैं कि चीन के पास 5 हजार से अधिक बड़े कमर्शियल जहाज हैं और भारत के पास केवल 500 से भी कम है. इससे साफ जाहिर होता है कि चीन का जहाजों में दबदबा है. दुनिया के 98 प्रतिशत व्यापारिक जहाजों को या तो चीनी कंपनियां चलाती हैं या वे चीन में बने जहाजों का इस्तेमाल करती है. भारत तीन तरफ से समुद्र से घिरा हुआ है और उसका समृद्ध समुद्री इतिहास भी रहा है.इसपर वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि इस टारगेट को पाने के लिए सभी को एक साथ काम करना होगा. अपने रणनीतिक हितों के लिए पूरी तरह से हमें अपनी ताकत लगानी होगी. साल 1999 में ग्लोबल शिपबिल्डिंग मार्केट में चीन की हिस्सेदारी महज 5 प्रतिशत थी जो 2023 तक बढ़ाकर 50 फीसदी हो गई. वहीं जनवरी 2024 में कमर्शियल वर्ल्ड फ्लीट में चीन की हिस्सेदारी 19 फीसदी से अधिक है.

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 20
शक संवत् -1947,सूर्य उत्तरायण,ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-11
भोग्य कलि वर्ष-426874 सूर्यास्त - 18-26
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मीन | मे | मीन.... | 05-03 बजे |
| चंद्र- | मिथुन | मे | मेष--- | 06-39 बजे |
| मंगल | मिथुन | मे | वृष--- | 08-24 बजे |
| बुध- | मीन | मे | मिथुन.. | 10-25 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कर्क.... | 12-37 बजे |
| शुक्र- | मीन | मे | सिंह--- | 14-49 बजे |
| शनि- | मीन | मे | कन्या--- | 16-56 बजे |
| राहु- | मीन | मे | तुला---- | 19-01 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | वृश्चिक... | 21-12 बजे |
| | | | धनु...... | 23-24 बजे |
| | | | मकर... | 01-31 बजे |
| | | | कुंभ.... | 03-21 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निक
तिथि- अष्टमी 19:26 तक उपरान्त नव
मास - चैत्र शुक्ल , शनिवार 05 April
नक्षत्र - पुनर्वसु 05:31 तक उपरान्त पु
योग - अतिगण्ड 20:02 तक उप सुकम
करण- विष्टी 07-44 तक उप बव
विशेष:- श्री दुर्गा अष्टमी
व्रत -त्योहार - अशोकाष्टमी

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 09:14 से 10:46 त

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल. | 06:11 - 07:41 | अशुभ | लाभ | 18:26 - 19:56 | शुभ |
| शुभ. | 07:41 - 09:14 | शुभ | उत्पात | 19:56 - 21:24 | अशुभ |
| रोग | 09:14 - 10:46 | अशुभ | शुभ | 21:24 - 22:51 | शुभ |
| उत्पात | 10:46 - 12:19 | अशुभ | अमृत | 22:51 - 00:18 | शुभ |
| चंचल. | 12:19 - 13:51 | शुभ | चंचल | 00:18 - 01:46 | शुभ |
| लाभ. | 13:51 - 15:24 | शुभ | रोग | 01:46 - 03:13 | अशुभ |
| अमृत. | 15:24 - 16:56 | शुभ | काल. | 03:13 - 04:41 | अशुभ |
| काल | 16:56 - 18:26 | अशुभ | लाभ | 04:41 - 06:11 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
यात्रा और यात्रा के व्यवसायों से जुड़े लोगों के लिए ये अच्छा समय है और आप इस से अच्छा धन लाभ कमा सकते है ! आप उच्च अधिकारियों के साथ संबंध बनाने के लिए प्रयासरत रहे और जिससे आप जल्द ही कुछ लाभ पा सकते हैं । आप संपत्ति या कीमती धातुओं में भी निवेश कर सकते हैं।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज स्वयं को भौतिक चीजों के मोह में फंसा अनुभव करेंगे,लेकिन किसी भी वस्तु को इतना कसकर न पकड़ें । बहाव के साथ बहना ही उपयुक्त है,सहज बने रहें ।जब तक आपको जवाब नही मिल जाते ,अपना नजरिया दृढ़ ही रखें । दुसरे स्थान पर शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं । इस बारे में दोस्तों और सहकर्मियों से बात करना सही रहेगा ।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आप आज आत्मविश्वास से भरे हैं और यह बात आपकी भाव –भंगिमा और नजरिये से साफ़ झलक रही है । आज हर कहीं आप लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे और अपनी छाप छोड़ेंगे । महत्वपूर्ण बिज़नेस बैठकों में आपके मुताबिक़ निर्णय होंगे । अगर स्थितियां आपके पक्ष में नही भी दिख रही तब भी आप उन्हें अपने पक्ष में कर लेंगे और अपनी बात मनवाने में कामयाब रहेंगे ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
बहुत से अच्छे मौके आपका इन्तजार कर रहे हैं लेकिन आपको उनके लिए पूरे तौर पर समर्पित कोशिशें करनी होंगी,जोकि इस समय आपके लिए कुछ मुश्किल लग रहा है । किसी ख़ास निजी समारोह के लिए इन मौकों को रोके रखना आपके लिए सही है । आप साधारणतया बहुत अच्छे हैं और इसीलिए आपके दोस्त आपसे लगाव रखते हैं ।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आप अनुभव करेंगे कि आप सामान्य से कुछ अधिक बोल रहे हैं । आप पिछले कुछ समय से चालाकी भरा व्यवहार कर रहे हैं लेकिन आज आप इससे खुद ही परेशानी अनुभव करेंगे । आज आप वह सच्चाई नही उगलना चाहते जो शायद कईयों को अच्छी नही लगेगी । आज के लिए किसी एकान्त कार्यकलाप की योजना बनाएं ,क्योंकि आज आप शायद दूसरों को अच्छा लगने वाला व्यवहार ना कर पायें ।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
भौतिक सुविधाओं की ओर ध्यान देने के लिए यह काफी अच्छा समय है । अपने सामाजिक जीवन का आनंद उठायें और ऐसे दोस्तों और परिचितों से भी बात करें जिनके सम्पर्क में आप लम्बे समय से नही रहे हैं । आज अपने जाग्रति स्तर में भी बदलाव महसूस करेंगे,जो आपको अचानक ही अनुभव होगा । इस समय अपने मन की बात सुनना ही उचित होगा ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आप पायेंगे कि आप कितने ही अच्छे और सही सुझाव दें,कोई आपकी बात मानने को तैयार नही है । इससे आप काफी निराश अनुभव करेंगे लेकिन आपको यह अनुभव करने की जरुरत है कि आपके सुझाव तो बेशक अच्छे हैं , लेकिन आपका रवैया ऐसा है कि जैसे आप किसी पर कृपा कर रहे हैं । इसीलिए लोग आपकी सलाह का उल्टा कर रहें हैं । खुद को और अपने रवैये में बदलाव लायें फिर बेहतर नतीजे मिलेंगे ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
अगर आप आज रसोईघर में बनने वाले खाने के बारे में सोच रहे हैं तो बिलकुल सही सोच रहे हैं। आज आपको कोई विशेष पकवान खाने को मिल सकता है ।अपनी सेहत का ध्यान रखें और साफ़ सफाई बनाये रखें ।आपके मित्र के को हुई ग़लतफ़हमी आज दूर हो सकती है । अप्रत्याशित श्रोतों से आय होने की भी संभावना है ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज आप नम्र रहेंगे और दूसरों की स्वार्थरहित सेवा करेंगे । दूसरों को संतुष्ट करने के लिए अपना समय ,स्थान ,पैसा और यह तक कि अपना भोजन भी लगायेंगे । लोग आपकी इसके लिए तारीफ करेंगे ,लेकिन अपनी सीमायें निर्धारित करें । अपने बच्चों पर भी ध्यान दें,उन्हें कोई संकर्मण हो सकता है । घर पर रहें और घर का स्वच्छ भोजन करें ।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपकी मन की आवाज अब सक्रिय है और हर काम में आपका बहुत अच्छा मार्गदर्शन करेगी । आप मजे मजे में भी आसानी से जोखिम उठा पाने की स्थिति में हैं । भाग्य आपके साथ है फिर भी आपको कोई भी कदम उठाने से पहले दो बार सोच लेना चाहिए । आप भावनाओ की बाढ़ को अनुभव करेंगे । पुराने दोस्तों या परिचित के सामने आने से खुशी होगी।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज अप्रत्याशित रूप से काफी खर्च हो सकता है । आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं जिसकी आपको जरुरत नही है लेकिन आपको अच्छी लगती है,इससे आपकी वित्तीय स्थिति काफी प्रभावित भी होगी। अपनी इस खर्च करने की प्रवृति पर नियंत्रण रखें तो दिन शांति से गुजर जाएगा । आपको आज कुछ नयी वित्तीय योजनायें भी पता चलेंगी ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आपको अपनी आरामदायक स्थिति से बाहर आकर कुछ गंभीर प्रयास करने हैं । सावधान रहें कि बिलकुल परम्पराओं के अनुसार चलने से आपको कुछ हासिल नही होगा। गंभीर होकर प्रयास करने से ही आपको बहाव के साथ बहते रहने के स्थान पर जीवन जीने की सही भावना आएगी । यह इस समय आपको मुश्किल जरुर लगेगा ,लेकिन अगर एक बार आप यह कर गये तो आपका जीवन ही बदल जाएगा ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# मेयर पर बीजेपी पार्षदों ने कंटेनर से उड़ेला पानी

## बीरगांव निगम में बजट भाषण के दौरान प्रदर्शन हंगामे के बीच 149 करोड़ का बजट पेश

रायपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। रायपुर के बीरगांव नगर निगम के सभाकक्ष में जमकर बवाल हुआ। बजट भाषण के दौरान भाजपा पार्षदों ने पानी से भरा कंटेनर महापौर पर ही उड़ेल दिया। ये पार्षद वार्ड में पानी नहीं मिलने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। हंगामे के बीच 149 करोड़ का बजट भी पेश किया गया।

सभाकक्ष में ही पानी गिराने के बाद दोनों पक्षों के पार्षदों की तरफ से नारेबाजी हुई। इस घटना के बाद महापौर ने भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि भाजपा पार्षद मुद्दाविहीन हो गए हैं, उसी वजह से यह सब कर रहे हैं।

दरअसल, बीरगांव निगम में गुरुवार को कांग्रेस के महापौर नंदलाल देवांगन साल 2025-26 का बजट भाषण पढ़ रहे थे। निगम में सभापति समेत सभी दलों के पार्षद मौजूद थे। इस दौरान अचानक भाजपा पार्षद पानी का कंटेनर लेकर महापौर के सामने पहुंच गए। उन्होंने महापौर के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दी। फिर पानी के कंटेनर को खोलकर महापौर पर पलट दिया।


भाजपा पार्षदों ने पानी से भरा कंटेनर महापौर पर ही उड़ेल दिया

पानी से महापौर के बजट भाषण की फाइलें और मेयर के कपड़े भीग गए। इसके बाद महापौर भी उठकर खड़े हो गए। इस दौरान भाजपा पार्षद जनता को पानी दो और महापौर मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे।

इस प्रदर्शन का कांग्रेस के महापौर समेत अन्य पार्षदों ने विरोध किया। सदन के भीतर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस प्रदर्शन को लेकर भाजपा पार्षदों का कहना है कि बीरगांव नगर निगम के कई वार्डों में लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इस भीषण गर्मी में जनता को तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। जनता इसे लेकर लंबे समय से मांग कर रही है, लेकिन महापौर उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रहे हैं।

इस वजह से पानी के कंटेनर को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मांगें पूरी नहीं हुई तो आगे और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

# बोकारो स्टील प्लांट में जॉब के लिए गई जान

## बेंगलुरु से बीटेक करने के बाद आया था बोकारो, 30 मार्च को हुई थी सगाई



बोकारो, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रेम महतो (29) का सपना था कि वो एक दिन बोकारो स्टील प्लांट में जॉब करेगा। विस्थापित होने और अप्रेंटिस की ट्रेनिंग लेने के बाद यह सपना एक पक्की उम्मीद में बदल गई थी। 12 साल पहले निकली वैकेंसी और ट्रेनिंग के बाद भी जॉब नहीं मिली तो हक की लड़ाई के लिए धरना प्रदर्शन पर बैठ गया। गुरुवार की शाम सीआईएसएफ के लाठी चार्ज के दौरान प्रेम की मौत हो गई। तुपकाडीह के पास शिबू टांड़ निवासी प्रेम के पिता वीरू महतो बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत हैं। प्रेम दो भाई हैं। दोनों भाई कंपिटीशन की तैयारी कर रहे थे। प्रेम ने बेंगलुरु से बीटेक की पढ़ाई की थी। प्रेम के छोटे भाई प्रशांत ने बताया कि भैया की गिरिडीह में शादी तय हो चुकी थी। 30 मार्च को ही सगाई हुई थी। अभी शादी की तिथि नहीं रखी गई थी। भैया गुरुवार को लाइब्रेरी गए थे। वहां से घर आए और खाना कर अप्रेंटिस संघ के आंदोलन में शामिल होने की बात कह चले गए थे। पूरे परिवार को शाम में घटना की जानकारी मिली। प्रेम के मामा विनीत शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि अचानक भगदड़ मचने और लाठीचार्ज के दौरान प्रेम गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। प्रेम के दादा गणेश महतो ने कहा कि जैसा उसका नाम था, वैसा ही उसका स्वभाव भी था। प्रेम शांत और विनम्र था। प्रेम के चाचा नरेश ने बताया कि आज से 12 साल पहले बोकारो स्टील प्लांट ने विस्थापितों के लिए वैकेंसी निकाली थी।

# आरक्षक के घर से चोरी हुई एके-47 और कारतूस जब्त

## जमीन में गड्ढा खोदकर छुपाई थी राइफल, तीन आरोपी हिरासत में

सरगुजा, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। अंबिकापुर के गांधीनगर में पुलिस जवान के घर से एके-47 राइफल और 90 कारतूस के साथ जेवरात की चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। आरोपियों ने चोरी के बाद राइफल और कारतूसों को जमीन में गड्ढा खोदकर छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के सामान और जेवरात जब्त किए हैं। यह मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर के गांधीनगर निवासी पुलिस आरक्षक आशीष तिर्की, जिला पंचायत बलरामपुर के सीईओ नयनतारा तोमर का गनमैन है। आशीष तिर्की 30 मार्च को सीईओ के साथ अंबिकापुर आया था और गांधीनगर स्थित अपने घर पहुंचा। 1 अप्रैल को वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल ग्राम बटईकेला गया था। इसी दौरान चोरों ने रात में उसके घर से एके-47 राइफल, कारतूस और जेवरात की चोरी कर ली।

2 अप्रैल को आरक्षक आशीष तिर्की की मां जब कोरबा से वापस घर पहुंची तो चोरी का पता चला। चोरों ने घर के सामान को बिखेर दिया था। एएसपी अमोलक सिंह और गांधीनगर पुलिस की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर मुआयना किया। इसके बाद आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पुराने शातिर चोर सागर चौहान पर शक हुआ।

गांधीनगर पुलिस टीम शुक्रवार सुबह सागर चौहान के घर पहुंची तो उसकी मां ने बताया कि सागर घर में नहीं है, वह बनारस गया है। पुलिस टीम ने घर के कमरों की जांच की तो वह घर में सोता मिला। जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने तीन अन्य साथियों के साथ चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसके दो अन्य साथियों को भी हिरासत में लिया है। एक आरोपी की तलाश की जा रही है।

पूछताछ में सागर चौहान ने आरक्षक आशीष तिर्की के घर चोरी के जुर्म को कबूल कर लिया। पूछताछ के दौरान सागर चौहान ने बताया कि उसने आरक्षक आशीष तिर्की की सर्विस राइफल और मैगजीन को उसके घर के पास जमीन में गड्ढा खोदकर छुपा दिया था। पुलिस ने गड्ढा खोदकर एके-47 राइफल और तीन मैगजीन को बरामद किया। इसके अलावा आरक्षक के घर से चोरी हुए जेवरात भी आरोपियों से बरामद हुए हैं।

आरोपियों को हिरासत में लिए जाने की जानकारी मिलने पर सरगुजा एसपी और एएसपी भी गांधीनगर थाने पहुंचे।

सरगुजा एसपी योगेश पटेल ने बताया कि संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। कुछ बरामदगी भी की जानी है। चोरी गई राइफल और कारतूस जब्त कर लिए गए हैं। पुलिस मामले का खुलासा जल्द करेगी।

# भूपेश के सामने जिलाध्यक्ष बोले-सत्ता मिलने पर संगठन दरकिनार

## राहुल गांधी से कहा- पद है लेकिन पावर नहीं अनिल शुक्ला बोले-नेताओं की भक्ति में टीम

रायपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की मीटिंग हुई। इस दौरान रायगढ़ जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने गुटबाजी पर कहा छत्तीसगढ़ का चुनाव संगठन ने लड़ा तो जीते, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने लड़ा तो हम हार गए।

अनिल शुक्ला ने कहा कि पार्टी में हर नेता की अपनी एक टीम है। इसमें राहुल, भूपेश, बैज हर किसी की टीम है। ये टीम जब नेता आते हैं, तो दिख जाती है, लेकिन पार्टी कार्यक्रमों से दूरी बनाकर रखती है। इस दौरान भूपेश बघेल और दीपक बैज बातों को सुनते रहे।

अनिल शुक्ला ने कहा कि जिला अध्यक्षों को मजबूत किया जाएगा। पावर बढ़ेगा। राष्ट्रीय नेतृत्व तक बिना फिल्टर हुए बातें पहुंचेंगी। इससे राष्ट्रीय नेतृत्व को सारी बातों की जानकारी होगी।



जब पार्टी मजबूत होगी, तभी तो नेता मजबूत होगा।

इसके साथ ही जिलाध्यक्षों ने राहुल गांधी से कहा कि, सत्ता मिलने पर संगठन को दरकिनार कर दिया जाता है। संगठन और सत्ता को साथ चलना चाहिए, हमारे पास पद तो है, लेकिन पावर नहीं। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि, निश्चित रूप से आपका पावर बढ़ेगा, लेकिन जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। राहुल गांधी ने कहा कि जिलाध्यक्ष अपने क्षेत्र के बड़े नेताओं की मॉनिटरिंग भी करेंगे। बैठकों और प्रदर्शनों में नेता कितनी भागीदारी निभा रहे हैं। इनकी रिपोर्ट जिलाध्यक्षों से ली जाएगी। राष्ट्रीय अधिवेशन में इसके लिए योजना बनेगी।

राहुल गांधी ने फील्ड में निष्क्रिय रहने वालों और पार्टी बैठकों से नदारद रहने वालों को लेकर कहा कि ऐसे लोगों को हटाया जाएगा, जिससे अच्छा काम करने वालों को ज्यादा ताकत मिलेगी। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'आप लोग संकट में पार्टी के साथ रहे, जमीन पर संघर्ष कर रहे हो, जिन्हें मंत्री और चेयरमैन बनाया, वे पार्टी छोड़कर चले गए। जो संकट के समय पार्टी के साथ रहता है, वही असली योद्धा होता है।'

इस बैठक में छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश और चंडीगढ़ के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक की व्यवस्था इस बार राज्यवार नहीं थी, बल्कि रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी को अलग-अलग राज्यों के जिला अध्यक्षों के साथ बैठने का मौका मिला। यहां राज्य के अनुसार बैठक व्यवस्था नहीं थी बल्कि हर किसी को अलग-अलग जगह सीट अलॉट की गई थी। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद रहे।

# घर पर 4 मोबाइल छोड़ा: 30 दिनों से जवान लापता

## स्पोर्टस ड्रेस पहनकर निकला था, रोते हुए मां बोली-बेटे को ढूंढने में मदद करे सरकार

बालोद, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले का एक जवान पिछले 30 दिनों से लापता है। घर से 6 मार्च को निकला था, लेकिन आज 4 अप्रैल हो गए। बताया जा रहा है कि जवान घर में 4 मोबाइल और डॉक्यूमेंट छोड़कर निकला है। मामला रनचिराई थाना क्षेत्र के कलंगपुर गांव का है।

मिली जानकारी के मुताबिक जवान का नाम शेजसिंह मंडावी (25), जो कश्मीर में आरआर (राष्ट्रीय राइफल) की 48वीं बटालियन पर पोस्टेड है। वह अपने बीमार पिता गुलाब सिंह मंडावी के इलाज के लिए छुट्टी लेकर 2 फरवरी 2025 को घर आया था। पिता की हालत बिगड़ती जा रही है, जबकि मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

मां दुलेश्वरी मंडावी ने बताया कि उन्हें लगा था कि उनका बेटा वापस कश्मीर चला गया है, लेकिन सेना के जवानों ने परिवारवालों को सूचना दी कि शेजसिंह अभी तक काम पर नहीं लौटा है। बेटे के नहीं मिलने की वजह से वह काफी परेशान है। मां रो-रोकर बेटे के सुरक्षित लौटने की दुआ कर रही है।

मां ने बताया कि बेटे की शादी नहीं हुई है, वह शादी करने को तैयार नहीं था। बेटा जब 6 मार्च को घर से निकला तो स्पोर्टस ड्रेस पहना हुआ था। वह अपने साथ मोबाइल भी लेकर नहीं गया है, जिसकी वजह से उससे संपर्क नहीं पा रहा है।

शेजसिंह मंडावी के चाचा दुर्गाप्रसाद ने बताया कि पिता को इलाज के लिए हॉस्पिटल भी लेकर जाता था। वह घर से काम में जा रहा हूं कहकर निकला था, लेकिन बाद में पता चला कि काम में पहुंचा ही नहीं। इसके बाद परिवार टेंशन में आ गया। हम लोगों ने बहुत ढूंढा, लेकिन कहीं नहीं मिला। चाचा दुर्गाप्रसाद ने बताया कि हर जगह तलाश करने के बाद जब भतीजे का कहीं कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने 10 मार्च को रनचिराई थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस भी बेटे की तलाश कर रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। शेजसिंह मंडावी के छोटे भाई का नाम तुषार मंडावी है, जो बालोद में आईटीआई की पढ़ाई करता है। लापता होने से पहले जवान ने अपने भाई को फोन कर गांव बुलाया था। जवान घर बड़ा बेटा है। सारी जिम्मेदारी इसी के ऊपर ही है। परिवार के लोगों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर जवान को ढूंढने की मांग की है।

# बिना बैंक जाए दिलाया लोन, पढ़े-लिखे लोग ही टारगेट

## रायपुर के 4 पार्टनर ने असिस्टेंट-प्रोफेसर से ठगे 36 लाख, सेम पैटर्न पर 140 लोगों को फंसाया

रायपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। साइबर क्रिमिनल और ठग लोगों को ठगने के लिए हर रोज नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। हाल ही में लोन दिलाकर ठगी का केस चर्चा में है। इस स्कैम में कंपनी के लोग पहले टारगेट को कॉल करते हैं, फिर लोन और उसके फायदे के बारे में बताते हैं। बिना बैंक जाए लाखों का लोन दिलाते हैं। इसी पैटर्न पर रायपुर की आरवी ग्रुप एडवाइजर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने करीब 140 लोगों से धोखाधड़ी की है। कंपनी ने असिस्टेंट प्रोफेसर को भी फंसाया। बिना बैंक जाए घर बैठे असिस्टेंट प्रोफेसर को 5 अलग-अलग बैंकों से 72 लाख रुपए का लोन दिलाया। लोन की किस्तें खुद भरने का वादा किया, लेकिन नहीं चुकाई।

# वक्फ बिल पर मस्जिदों में तकरीर पर रोक

## छत्तीसगढ़ बोर्ड अध्यक्ष बोले- टिप्पणी न करें मुतवल्लियों को सिर्फ धार्मिक तकरीर की इजाजत

रायपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन बिल गुरुवार देर रात राज्यसभा में भी पास हो गया। इससे पहले बिल लोकसभा में पास हुआ था। छत्तीसगढ़ में वक्फ बिल को लेकर किसी भी तरह के टिप्पणी से मुतवल्लियों को रोका गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने मुतवल्लियों को हिदायत दी है कि नमाज के बाद होने वाली तकरीर में वक्फ संशोधन पर बातचीत नहीं हो सकेगी। वहीं सीएम साय ने विधेयक को मुस्लिमों के लिए फायदेमंद बताया है।

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज ने दैनिक भास्कर को बताया कि इसके लिए मुतवल्लियों को निर्देश जारी किए गए हैं। वह बिल में बदलाव को लेकर नमाज के बाद तकरीर में उसके पक्ष या उसके विपक्ष में किसी भी तरह की चर्चा नहीं करेंगे। मस्जिद में नमाज के बाद सिर्फ धार्मिक विषय पर तकरीर हो सकती है। नवंबर 2023 में ही बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज ने मस्जिदों में किसी भी तरह के बाहरी मसले पर चर्चा पर रोक लगा दी थी, मुतवल्लियों को सिर्फ धार्मिक तकरीर करने की ही इजाजत है।

वक्फ बिल संसद में पास किया हुआ विधेयक बन चुका है। आसान शब्दों में समझिए कि एक तरह से यह कानून है, कानून का पालन सभी को करना है। इस वजह से मस्जिदों में यह निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड की तरफ से मस्जिदों के इमाम साहब को यह स्वतंत्रता है कि वह धार्मिक विषयों पर तकरीर करें।

धार्मिक विषय से अतिरिक्त कोई अन्य विषय पर बयान या तकरीर करने से पहले छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड की ओर से मुतवल्लियों के लिए बनाए गए वॉट्सएप ग्रुप या फिर चिट्ठी भेजकर अनुमति लेनी होगी। मूल रूप से इस निर्देश का मकसद समाज में वक्फ बिल को लेकर एक तरह की सोच कायम करना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि देर रात तक टीवी पर बैठकर मैं भी सदन की कार्यवाही देखता रहा। अब विधेयक पास हो गया है यह देश और छत्तीसगढ़ के गरीब जरूरतमंद मुसलमान के लिए फायदेमंद साबित होगा। यह बिल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का प्रमाण है। जिस प्रकार से इस बिल पर व्यापक चर्चा हुई है, वह हमारे संसदीय विमर्श की परिपक्वता को दर्शाता है।

साय ने इस संशोधन को मुस्लिमों के मामले में दखल नहीं पारदर्शिता लाने वाला कानून बताया है।

# नाबालिग से 3 युवकों ने किया दुष्कर्म

## प्रेग्नेंट हुई तो छोड़ दिया, अलग-अलग समय पर रेप

रायगढ़, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक नाबालिग का 3 युवकों ने अलग-अलग समय पर दुष्कर्म किया। जब नाबालिग गर्भवती हो गई, तो युवक ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया। इस मामले में बाल कल्याण समिति ने काउंसिलिंग किया, तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। जिसके बाद महिला थाना में तीनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार, चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग लड़की साल 2023 में बिना बताए घर छोड़कर चली गई थी। तभी उसकी मुलाकात तिलगा में रहने वाले रविन्द्र चौहान (19 साल) से हुई। ऐसे में रविन्द्र उसे अपने घर ले गया और दो दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह नाबालिग को उसके घर छोड़कर चला गया और फिर से संपर्क नहीं किया। वहीं, साल 2024 में नाबालिग की पहचान इंस्टाग्राम के जरिए से ओडिशा दीपक बोदला से हुई। दीपक रायगढ़ में प्राइवेट जॉब करता था। वो गुरुद्रोण स्कूल के पीछे किराए के मकान में रहता था। ऐसे में उन दोनों की मुलाकात हुई। इसके बाद उसने नाबालिग को अपने घर बुलाया और करीब एक सप्ताह तक उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। बार-बार घर से चले जाने के कारण नाबालिग के परिजन भी उसकी खोजबीन नहीं कर रहे थे। प्रेग्नेंट होने के बाद नाबालिग भी अपने घर जाने के बजाय एक मंदिर के पास नारियल बेचने लगी। शिवा उसे यह कहकर अपने घर ले गया कि वह उससे शादी करेगा और करीब एक माह तक उसे अपने रखा। इस दौरान उसने भी नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान जब उसे पता चला कि वह करीब 7 माह की गर्भवती है, तो उसने शादी से इनकार कर दिया और नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया।

# रायपुर में प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों पर कार्रवाई

## स्टूडेंट्स से वसूल रहे थे ज्यादा रुपए, 10-10 लाख का जुर्माना, नहीं देने पर मान्यता होगी रद्द



रायपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। रायपुर के 3 बड़े प्राइवेट अस्पतालों पर 10-10 लाख का जुर्माना लगाया गया है। प्रवेश और फीस विनियामक समिति ने इन मेडिकल कॉलेजों के खिलाफ एक्शन लिया है। ये अस्पताल अपने मेडिकल कॉलेज में ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल और मेस के नाम पर छात्रों से ज्यादा राशि वसूल रहे थे। स्टूडेंट्स ने शिकायत की तो ये शिकायत सही पाई गई। अब अस्पताल प्रबंधन से कहा गया है कि वो स्टूडेंट्स के पैसे लौटाएं। सरकार की ओर से 10-10 लाख रुपए का फाइन लगाया गया है। एक महीने के अंदर ये राशि जमा न करने पर मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी जाएगी। अस्पतालों पर ये कार्रवाई प्रवेश और फीस विनियामक समिति ने की है। समिति के अध्यक्ष जस्टिस (सेनि.) प्रभात कुमार शास्त्री ने बताया कि श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, जुनवानी, भिलाई (छ.ग.), श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, मोवा, रायपुर (छ.ग.) एवं रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, भानसोज, ग्राम-गोढ़ी, रायपुर (छ.ग.) में गड़बड़ी मिली है। शास्त्री ने बताया कि एम.बी.बी.एस., एम.डी.एम.एस. पाठ्यक्रमों के संचालन में ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल और मेस के नाम पर तय फीस से ज्यादा इन अस्पतालों की ओर से वसूला गया है। शिकायत मिलने पर समिति ने तीनों मेडिकल कॉलेजों को सुनवाई का पूरा मौका दिया। उनसे खाते की जांच की गई तो रुपयों के लेन-देन की बात सामने आई।

जांच में निम्नानुसार तथ्य पाये गए - श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस जुनवानी भिलाई द्वारा ट्रांसपोर्टेशन मद में 2.50 लाख रुपए की राशि ली जा रही है, जबकि वास्तविक राशि 4,635 रुपए है। हॉस्टल मद में 2.46 लाख रुपए की राशि ली जा रही है, जबकि वास्तविक राशि 53,337 रुपए है। मेस चार्ज के रूप में 56,700 रुपए की राशि ली जा रही है, जबकि वास्तविक राशि 51,015 रुपए है।

# सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत

## बारात जा रही बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, बिना हेलमेट के थे तीनों

पलामू, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पलामू में एक भीषण सड़क हादसे में 3 आदिवासी युवकों की मौत हो गई। बाइक पर सवार तीनों युवक बिना हेलमेट के थे। दुर्घटना में श्याम परहिया और संतन परहिया की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। तीसरे युवक उपेंद्र परहिया ने मेदिनीनगर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना छतरपुर थाना क्षेत्र के एनएच 98 पर रुदवा के बैराही मोड़ पर बीती देर रात हुई। तीनों युवक छतरपुर के खजूरी नौडीहा पंचायत के लेवाड़ गांव के रहने वाले थे। वे मेदिनीनगर की ओर से छतरपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक बारात जा रही बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बोलेरो का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। इधर, स्थानीय लोगों ने सभी को हॉस्पिटल पहुंचाया। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों वाहन तेज गति से चल रहे थे। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। छतरपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बोलेरो को अपने कब्जे में ले लिया है और मालिक का पता लगाने में जुटी है।

# राम उत्सव में शहनाज अख्तर का भक्तिमय कार्यक्रम

## गांधी मैदान में उमड़ी भीड़, लेजर शो ने बांधा समां

हजारीबाग, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। हजारीबाग में राम उत्सव के अवसर पर गांधी मैदान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत में श्रोताओं ने जय श्री राम के नारों से शहनाज अख्तर का स्वागत किया। गायिका ने भी जय श्री राम और जय भवानी के जयकारों से श्रोताओं का उत्साह बढ़ाया। मैदान में उपस्थित सैकड़ों राम भक्त उनके भजनों पर झूमते नजर आए। विश्व प्रसिद्ध हजारीबाग की रामनवमी को इस वर्ष विशेष रूप से मनाया जा रहा है। पूरा शहर भगवामय हो गया है।



शहनाज अख्तर ने भीड़ को देखकर कहा कि वे राम भक्तों के शहर में आई हैं और यहां की भक्तिमय भावना देखकर उनका मन गदगद हो गया। कार्यक्रम में लेजर शो का भी आयोजन किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने घोषणा की कि अगले वर्ष से चैत्र नवरात्र में 9 दिनों तक ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने रामनवमी को राज्य में राजकीय दर्जा दिलाने का आश्वासन भी दिया।

# ट्रेन पर चढ़ हाई वोल्टेज तार को पकड़ा

## स्टेशन पर चोरी कर रहा था नाबालिग, लोगों ने खदेड़ा तो मालगाड़ी पर चढ़ गया

जमशेदपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। जमशेदपुर स्थित टाटानगर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की रात अफरातफरी मच गई। एक नाबालिग प्लेटफॉर्म नंबर 3 और 4 के बीच खड़ी कोयला लदे मालगाड़ी पर चढ़ गया। इसके बाद उसने हाई वोल्टेज तार (25 हजार) को पकड़ लिया। जैसे ही उसने हाई वोल्टेज तार को छुआ, तेज धमाका हुआ। उसके शरीर में आग लग गई और वह मालगाड़ी के भीतर जा गिरा। करीब आधा घंटा की मशक्कत के बाद रेल पुलिस ने उसे मालगाड़ी से बाहर निकाला उसे एमजीएम रेफर कर दिया गया है। वह 90 प्रतिशत झुलस गया है। गंभीर हालत में वो फिलहाल इलाजरत है।

# रांची समेत झारखंड के 21 जगहों पर ईडी की रेड

## आयुष्मान योजना घोटाले में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के पीए के ठिकानों पर छापेमारी



रांची, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। आयुष्मान योजना घोटाले में ईडी ने शुक्रवार को झारखंड में 21 जगहों पर छापेमारी की। इसमें ईडी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पीए ओमप्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू के जमशेदपुर के मानगो स्थित आवास पर भी रेड मारा। वहीं, रांची के बरियातू क्षेत्र में भी छापेमारी की।

सूत्रों के अनुसार, ओमप्रकाश सिंह अपने घर पर नहीं है। ईडी की टीम उनके परिजनों से पूछताछ कर रही है। वहीं, ओमप्रकाश सिंह के साले सह सिमडेगा के यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्हें घर के बाहर ही रोक दिया गया। सूत्रों के अनुसार, ओमप्रकाश उर्फ गुड्डु सिंह के आवास से ईडी की टीम दो फाइलों में कई अहम दस्तावेज लेकर रांची रवाना हो गई।

आरोप है कि बिना इलाज आयुष्मान योजना के तहत पैसे क्लेम कर लिए गए। इसके बाद भुगतान रोक दिए गए थे। ईडी अब इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही है। 212 अस्पताल, इंश्योरेंस और दवा कंपनियां जांच के दायरे में है। इस मामले में यूपी, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में भी कुछ लोकेशन पर छापेमारी हुई।

रांची में ईडी की यह दबिश मोराबादी, बरियातू, पीपी कंपाउंड, चिरौंदी और लालपुर समेत रांची के कई प्रमुख इलाकों में एक साथ की गई। इस दौरान मेडिकल से जुड़ी कंपनियों, इंश्योरेंस फर्मों और दवा कंपनियों की जांच की गई।

इधर, ईडी कार्रवाई पर जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक सरयू राय ने कहा- कोरोना के समय आयुष्मान योजना के नाम पर करोड़ों का घोटाला हुआ है। अभी भी 40 करोड़ रुपए का फर्जी बिल पड़ा हुआ है। पूरे राज्य में 200 से अधिक अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों का घोटाला किया गया है।

उन्होंने कहा- इतना बड़ा घोटाला तभी हो सकता है, जब राज्य के उस विभाग के मंत्री, सचिव शामिल हो। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव के घर ईडी की कार्रवाई हो रही है।

# अमेरिका में ईमेल भेज सैकड़ों विदेशी छात्रों का वीजा रद्द

## एआई से कैंपस एक्टिविस्ट्स की पहचान कर रही सरकार, देश छोड़ने के आदेश

वॉशिंगटन, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में पढ़ने वाले सैकड़ों विदेशी छात्रों को उनका एफ-1 वीजा यानी स्टूडेंट वीजा रद्द होने का अचानक ईमेल मिला है। यह मेल अमेरिकी विदेश मंत्रालय (डीओएस) की ओर से मार्च के आखिरी हफ्ते में भेजा गया है।

यह ई-मेल उन छात्रों को भेजा गया है, जो कैंपस एक्टिविज्म यानी कैंपस में होने वाले प्रदर्शनों में शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन छात्रों को भी ऐसे मेल भेजे गए हैं, जो भले ही कैंपस एक्टिविज्म में शामिल नहीं थे, लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया पर 'इजराइल विरोधी' पोस्ट को शेयर, लाइक या फिर कमेंट किया। मेल में कहा गया है कि छात्रों के एफ-1 वीजा रद्द कर दिए गए हैं। छात्रों से खुद को डिपोर्ट करने यानी अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी भी दी गई है। अमेरिकी सरकार 'कैच एंड रिवोक' ऐप की मदद से ऐसे छात्रों की पहचान कर रही है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के




मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं। यह मेल कई यूनिवर्सिटी के छात्रों को भेजा गया है। इसमें हार्वर्ड, कोलंबिया, येल, कैलिफोर्निया और मिशिगन यूनिवर्सिटी जैसे चर्चित संस्थान हैं। हालांकि, कितनी यूनिवर्सिटीज के कितने छात्रों को यह मेल भेजा गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

ईमेल में छात्रों से कहा गया कि उनका एफ-1 वीजा अमेरिका के इमिग्रेशन एंड नेशनैलिटी एक्ट की धारा 221(i) के तहत रद्द कर दिया गया है। अब अगर वे अमेरिका में रहते हैं तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है या उन्हें डिपोर्ट किया जा सकता है। ईमेल में यह भी बताया गया है कि छात्रों को उनके गृह देशों के अलावा दूसरे देशों में भी भेजा जा सकता है। इसलिए बेहतर है कि छात्र खुद से अमेरिका छोड़ दें।

ईमेल में कहा गया है कि अगर आप भविष्य में अमेरिका की यात्रा करने का इरादा रखते हैं तो आपको दूसरे अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन करना होगा। इसके बाद आपके आवेदन पर फैसला किया जाएगा। इसमें छात्रों को रद्द कर दिए गए वीजा का इस्तेमाल न करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि उन्हें अमेरिका छोड़ते वक्त दूतावास में अपना पासपोर्ट जमा करना होगा।

अब तक कितने छात्रों ने अमेरिका छोड़ा है, इसकी जानकारी नहीं है। कई छात्र बिना औपचारिक डिपोर्टेशन के खुद से देश छोड़ रहे हैं तो कुछ ने कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ भारतीय छात्रों को भी मेल भेजे गए हैं। इंडिया टुडे के मुताबिक भारतीय छात्रों को हमास के समर्थन वाले कुछ सोशल मीडिया पोस्ट लाइक करने की वजह से ई-मेल मिले हैं।

# बिम्सटेक डिनर में एक साथ बैठे मोदी-यूनुस

## बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद पहली बार मिले, दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर विवाद

बैंकॉक, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। थाईलैंड के दो दिन के दौरे पर गए पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम को बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के साथ बैठे नजर आए। मोदी के दूसरी तरफ नेपाल के पीएम केपी ओली बैठे थे। ये मौका था बिम्सटेक सम्मेलन से पहले आयोजित किए गए स्टेट डिनर का।

बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद ये पहला मौका है जब भारतीय पीएम और बांग्लादेशी सरकार के मुख्य सलाहकार की मुलाकात हुई है। कल बिम्सटेक समिट के बाद दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हो सकती है।

यूनुस के पद संभालने के बाद से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। मोहम्मद यूनुस ने हाल ही में अपनी चीन यात्रा के दौरान कहा था कि भारत का नॉर्थ-ईस्ट लैंडलॉक्ड है और उसकी समुद्र तक पहुंच नहीं है। समुद्र तक पहुंचने के लिए बांग्लादेश इस क्षेत्र का मुख्य दरवाजा है।

**एस जयशंकर बोले- बांग्लादेश सिर्फ अपना फायदा देख रहा**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूनुस के इस बयान को लेकर गुरुवार को कड़े शब्दों में जवाब दिया। जयशंकर ने कहा- भारत की कोस्टलाइन 6,500 किमी लंबी है। हम न सिर्फ बिम्सटेक के पांच देशों के साथ बॉर्डर शेयर करते हैं, उन्हें आपस में कनेक्ट करते हैं, बल्कि पूरे भारतीय उपमहाद्वीप और एएसईएएन के बीच इंटरफेस का भी काम करते हैं। हमारा नॉर्थ-ईस्ट इलाका बिम्सटेक के लिए कनेक्टिविटी हब बनकर उभर रहा है। यहां सड़कों, रेलवे, जलमार्ग, ग्रिड और पाइपलाइन का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

जयशंकर ने कहा, हम यह मानते हैं कि सहयोग एक व्यापक चीज है। ऐसा नहीं हो सकता है कि आप सिर्फ अपने फायदे की ही बात करें, बाकी बातों को नजरअंदाज कर दें।

कल बैंकॉक में बिम्सटेक समिट होनी है। इस समिट के बाद पीएम मोदी और मोहम्मद यूनुस के बीच औपचारिक बैठक हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बांग्लादेश ने औपचारिक रूप से भारत के साथ बैठक का अनुरोध किया है। भारत का विदेश मंत्रालय इस अनुरोध पर विचार कर रहा है।

पिछले साल अगस्त में शेख हसीना की अवामी लीग सरकार को सत्ता से हटाए जाने के बाद भारत और बांग्लादेश के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। बांग्लादेश में 15 साल तक सत्ता में बने रहने के बाद जब हसीना सत्ता से हटीं, तो उन्होंने भारत में शरण ली। इससे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में और तनाव आ गया।

मोहम्मद यूनुस के बांग्लादेश सरकार के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के बाद 16 अगस्त को पीएम मोदी ने उनसे फोन पर बात की थी। इसमें मोदी ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की थी।

बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी से सटे हुए सात देशों का एक क्षेत्रीय संगठन है। इसका पूरा नाम बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन है।

# इजरायल के हमले से तिलमिलाया तुर्की

## यहूदी देश को बताया सबसे बड़ा खतरा

अंकारा, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। तुर्की को इस्लामिक खिलाफत का उत्तराधिकारी समझने वाले राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन अब यहूदी देश इजरायल पर हमलावर हैं। उन्होंने इजरायल को क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया है। तुर्की ने गुरुवार को कहा कि इजरायल को सीरिया से हट जाना चाहिए और वहां स्थिरीकरण के प्रयासों को नुकसान पहुंचाना बंद करना चाहिए। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने कहा, इजरायल क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। यह रणनीतिक अस्थिरता पैदा करने वाला, अराजकता पैदा करने वाला और आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला है। तुर्की का बयान ऐसे समय में आया है, जब इजरायल ने सीरिया में अपने हमले तेज कर दिए हैं। इजरायली अधिकारियों ने तुर्की को सीरिया से दूर रहने को कहा है। इजरायल ने तुर्की पर सीरिया को अंकारा संरक्षित क्षेत्र में बदलने की



कोशिश का आरोप लगाया है। इजरायली वायु सेना ने बुधवार को सीरिया में हवाई ठिकानों पर हमले किए थे, जिन्हें मध्य सीरिया का हवाई क्षेत्र भी शामिल है। तुर्की की नजर इस हवाई अड्डे पर थी। इजरायली हमलों से अंकारा के लिए सैनिकों, हवाई सुरक्षा और अन्य उपकरणों को सीरिया में पहुंचाना और सामान्य रूप से सुविधाओं को संचालित करना कठिन हो जाएगा। रिपोर्ट बताती हैं कि सीरिया के टी4 हवाई क्षेत्र में सेट अप स्थापित कर रहा है। यह इजरायली हवाई संचालन के लिए मुश्किल खड़ी कर सकता है।

# भारत की तोपों का दीवाना हुआ यूरोप

## भारतीय सेना में शामिल होने से पहले ही खरीदी तबाही मचाने वाली तोप, दुश्मनों का काल

पेरिस, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय हथियारों की ताकत का लोहा अब यूरोपीय देश भी मानने लगे हैं। शायद यही वजह है कि भारतीय कंपनियों को तोप से लेकर बंदूकों और कई विनाशक हथियारों के ऑर्डर तेजी से मिलने लगे हैं। भारत की स्वदेशी हथियार कंपनी भारत फोर्ज ने कहा है कि यूरोप समेत कई देशों ने 18 एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन (एटीएजीएस) सहित 100 तोपों की खरीददारी की है। कंपनी के चेयरमैन बाबा कल्याणी ने बिक्री की पुष्टि करते हुए कहा है कि भारत फोर्ज का इरादा दुनिया में सबसे बड़ी तोप निर्माता बनने का है। आपको बता दें कि इससे पहले अमेरिका ने भी भारतीय हथियारों में गहरी दिलचस्पी दिखाई थी। बाबा कल्याणी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा है कि हमने भारतीय सेना को आपूर्ति करने से पहले ही यूरोप को तोपों का निर्यात किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल हमने एक यूरोपीय देश को 100 तोपों की आपूर्ति की



थी, जिनमें 18 एटीएजी भी शामिल थे। बाबा कल्याणी ने कहा है कि दुनियाभर के कई देश लगातार भारत के स्वदेशी तोपों में गहरी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि भारत अब न सिर्फ खुद तोपों का निर्माण करने में सक्षम हो चुका है, बल्कि अब भारत ने भारत में बने तोपों को यूरोपीय देशों को बेचने में भी कामयाबी हासिल कर ली है। उन्होंने इसे एक शानदार एहसास बताया और कहा कि कंपनी दुनिया भर में अपार अवसर देख रही है। बाबा कल्याणी के मुताबिक कंपनी अल्ट्रालाइट आर्टिलरी गन (यूएलएच) सहित सभी प्रकार की तोपों का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम ऐसे टैंकों का निर्माण कर रहे हैं, तो चलते-फिरते फायर कर सके। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार हमारे लिए खुल रहा है और हम भविष्य में अमेरिकी सेना, फ्रांसीसी सेना, ब्रिटिश सेना और अन्य वैश्विक रक्षा बलों को हथियारों की सप्लाई के लिए बात कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने इस बात को माना कि एडवांस टेक्नोलॉजी होने के बाद भी प्रोडक्शन काफी मुश्किल हो गया है, क्योंकि यूक्रेन युद्ध की वजह से सप्लाई चेन पर गहरा असर पड़ा है। लेकिन इससे ज्यादातर देशों के पास हथियारों की कमी आ गई है और मांग भी बढ़ गई है।

आपको बता दें कि एटीएजीएस तोपों का डिजाइन डीआरडीओ ने किया है और इनका प्रोडक्शन भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स जैसी कंपनियां कर रही हैं। ये एक 155मिमी/52-कैलिबर तोप है। तय सौदे के तहत भारत फोर्ज 60% तोपों का निर्माण करता है जबकि टाटा 40% तोपों का उत्पादन करता है।

# भारतवंशी कैथोलिक पादरी की गोली मारकर हत्या

## संदिग्ध हिरासत में



वॉशिंगटन, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के कैनसस में एक भारतवंशी कैथोलिक पादरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। चर्च के अधिकारियों ने बताया कि कैनसस के सेनेका शहर में यह घटना घटी। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। कैनसस सिटी के आर्कबिशप जोसेफ नौमान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि फादर अरुल कैरासाला की दुखद मौत की खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है, उनकी आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कैरासाला साल 2011 से सेनेका में सेंट्स पीटर एंड पॉल कैथोलिक चर्च में पादरी थे। उन्हें साल 1994 में भारत में पादरी के रूप में नियुक्त किया गया था और वे साल 2004 से कंसास में बतौर पादरी सेवाएं दे रहे थे। कैरासाला को साल 2011 में अमेरिकी नागरिकता मिली थी। भारतवंशी पादरी को चर्च में पादरी के घर के भीतर गोली मारी गई और कुछ ही देर बाद स्थानीय अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने एक संदिग्ध शूटर को कथित तौर पर हिरासत में लिया है। सेनेका पुलिस विभाग और नेमाहा काउंटी शेरिफ कार्यालय ने फिलहाल इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। आर्कबिशप ने अपने पोस्ट में कहा कि फादर की मौत ने उत्तरपूर्वी कंसास के लगभग 2,100 लोगों को दुख और सदमा दिया है।

# ट्रम्प टैरिफ के जवाब में कनाडा ने 25% टैरिफ लगाया

## फ्रांस ने अमेरिका में निवेश पर रोक लगाई, भारत को कपड़ा सेक्टर में मौका



वॉशिंगटन, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद ट्रेड वॉर तेज हो गया है। कनाडा ने गुरुवार को अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ का ऐलान किया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोक दिए हैं। मैक्रों ने कहा, ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन पर से 20% टैरिफ वापस लेना होगा।

ट्रम्प ने भारत पर 27% टैरिफ लगाया है। नई टैरिफ दरें 9 अप्रैल से लागू होंगी। 5 अप्रैल से 8 अप्रैल तक भारत के उत्पादों पर 10% बेसलाइन टैरिफ लगाया जाएगा। थाइलैंड पर 37%, ताइवान पर 32% जबकि जापान पर 24% टैरिफ लगाया गया है।

सऊदी अरब, मिस्र, ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड पर बेसलाइन 10% टैरिफ की घोषणा की। गुरुवार से अमेरिका ने आयातित कारों और कार के पार्ट्स पर 25% टैरिफ वसूली भी शुरू कर दी।

ट्रम्प टैरिफ भारत के लिए आपदा में अवसर भी साबित हो सकता है। भारत पर 27% जबकि चीन पर 34% टैरिफ लगाया गया है। चीन पर दो हफ्ते पहले से 20% टैरिफ लागू है यानी चीन पर अब कुल ट्रम्प टैरिफ 54% है, यानी भारत से दोगुना।

भारतीय फार्मा सेक्टर को टैरिफ से राहत मिली है। जबकि चीन पर ऊंचे टैरिफ का फायदा भारत के इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर को भी मिल सकता है। इन दोनों ही सेक्टरों की अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में लगभग 24 अरब डॉलर (2 लाख करोड़ रु.) की हिस्सेदारी है। ये भारत के लिए सीधे-सीधे फायदे की स्थिति है।

साथ ही केंद्र सरकार का कहना है कि ये टैरिफ भारत के लिए कोई 'झटका' नहीं, बल्कि 'मिक्सबैग' हैं। टैरिफ का समाधान भारत-अमेरिका के बीच लगभग 500 अरब डॉलर (42.75 लाख करोड़ रु.) की ट्रेड डील हो सकती है। इस पर पहले दौर की वार्ता हो चुकी है। सितंबर तक डील फाइनल हो जाएगी।

गारमेंट-टेक्सटाइल सेक्टर में भारत के प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश पर 37%, श्रीलंका पर 44% वियतनाम पर 46% टैरिफ लगा है। भारत में गारमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर इन देशों से बेहतर है।

3 अरब डॉलर निर्यात वाले भारतीय गारमेंट सेक्टर को अमेरिका से नए सप्लाई ऑर्डर मिल सकते हैं। जेम्स और जूलरी (रत्न-आभूषण) सेक्टर के प्रभावित होने की आशंका सबसे ज्यादा है।

# अमेरिका के भारी भरकम टैरिफ लगाते ही खुली चीन और ऑस्ट्रेलिया की किस्मत

## हाथ लगे हजारों टन सोने के भंडार

बीजिंग/मेलबर्न, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दुनिया में सोने के दाम आसमान छू रहे हैं और कीमतें भारत में शुक्रवार को 91 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम को पार गई हैं। सोने की कीमतें ऐसे समय में बढ़ रही हैं जब डोनाल्ड ट्रंप के आने के बाद दुनिया में अनिश्चितता का दौर बढ़ गया है। ट्रंप ने चीन से लेकर भारत तक पर भारी भरकम टैरिफ लगा दिया है। इस ट्रेड वॉर से दुनिया में मंदी का भी खतरा मंडराने लगा है। इन सबके बीच सोना एक सुरक्षित निवेश बनकर उभरा है। दुनियाभर के केंद्रीय बैंक भी जमकर सोना खरीद रहे हैं। सोने के लिए इस दौड़ के बीच चीन से अच्छी खबर आई है। चीन ने दावा किया है कि उसे देश के पूर्वोत्तर के इलाके में 1000 टन सोने का भंडार मिला है। इससे पहले भी पिछले साल चीन ने 80



अरब डॉलर के सोने के भंडार मिलने का ऐलान किया था। वहीं सोने की खानों के लिए दुनियाभर में चर्चित ऑस्ट्रेलिया ने भी मौके पर चौका मारते हुए दनादन सोना निकालना शुरू कर दिया है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि चीन में मिला यह सोना बहुत ही विशाल है और दुनिया के सबसे बड़े भंडारों में से एक हो सकता है। किसी देश के पास अगर बड़े पैमाने पर सोना होता है तो वह दुनिया के आर्थिक संकट का आसानी से मुकाबला कर पाता है। साथ ही उसका इस्तेमाल बेट्री और इलेक्ट्रोनिक्स बनाने में कर सकता है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा सोने का उत्पादक देश है और साल 2024 में उसने 380 टन सोने का उत्पादन किया था। हालांकि अभी भी कुल सोने के भंडार के मामले में चीन अभी भी दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से पीछे है।

चीन के लाइओनिंग प्रांत में मिला यह सोने का भंडार चीन को सोने के उत्पादन में बढ़त बनाए रखने में मदद करता है। हालांकि कई ऐसे भी विशेषज्ञ हैं जो इस भंडार की सटीकता पर संदेह व्यक्त कर रहे हैं। वे सोने की गुणवत्ता और उसको निकालने की संभावना पर सवाल पैदा कर रहे हैं। वहीं चीन का दावा है कि ये खानें खनन में आसान हैं। यहां ज्यादा बड़े पैमाने पर सोने का खनन किया जा सकता है।

इससे पहले चीन ने नवंबर में दावा किया था कि उसे 80 अरब डॉलर का सोने का भंडार मिला है। यह सोना उसे वुनान प्रांत के वांगू गोल्डफील्ड में मिला है।

# रूसी ब्रह्मास्त्र एफ-35 लड़ाकू विमान की टेक्नोलॉजी कर लेगा चोरी?

## सीरिया में एस-400 तैनात कर सकता है तुर्की, खौफ में अमेरिका

अंकारा, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका को डर है कि उसके एडवांस एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट की टेक्नोलॉजी रूसी एस-400 डिफेंस सिस्टम चुरा सकता है। अमेरिका की चिंता उस वक्त सामने आई है जब तुर्की ने एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को सीरिया में तैनात करने का फैसला किया है। दरअसल, तुर्की ने मध्य सीरिया में टी-4 एयरबेस पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए सबसे एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम और ड्रोनों की तैनाती की योजना बनाई है। इस हफ्ते रिपोर्ट आई थी कि तुर्की,सीरिया में अपनी सैन्य मजबूती और बढ़ाने के लिए अपने हिसार एयर डिफेंस सिस्टम के साथ साथ रूसी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को तैनात



करने की योजना बना रहा है। तुर्की की कोशिश सीरिया की नई सरकार की रक्षा करने के साथ साथ इस्लामिक स्टेट के आतंकियों को रोकना है। लेकिन अगर तुर्की ऐसा करता है तो इससे मिडिल ईस्ट में अमेरिका के हितों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। टी-4 एयरबेस पर पिछले दिनों हमला करने की कोशिश हुई थी, लिहाजा तुर्की यहां सुरक्षा को बढ़ाना चाहता है। ये एयरबेस तुर्की की सीमा से करीब 140 मील दक्षिण में और तुर्की और इजराइल के बीच में है। सीरिया के हवाई क्षेत्र को यहां से काफी आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। मिडिल ईस्ट आई ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि तुर्की यहां हिसार सिस्टम के साथ साथ एस-400 की तैनाती कर सकता है। एस-400 रूस में बना एयर डिफेंस सिस्टम है, जो 250 मील तक लक्ष्यों को भेदने की क्षमता रखता है। एस-400 डिफेंस सिस्टम को असली गेम-चेंजर माना जाता है। 2019 में तुर्की ने रूस से 2.5 बिलियन डॉलर के सौदे में इसे खरीदा था। यह प्रणाली 98,000 फीट की ऊंचाई पर स्टील्थ एयरक्राफ्ट से लेकर बैलिस्टिक मिसाइलों तक के लक्ष्यों का पता लगा सकती है और उन्हें नष्ट कर सकती है।

# पाकिस्तान से भारत आए 159 लोग, महिला ने बॉर्डर पर बच्ची को जन्म दिया

## माता-पिता ने भारती नाम रखा, सिंध प्रांत में रहते थे



अमृतसर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर एक अनोखा पल देखने को मिला, जब पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत आई एक महिला ने अटारी बॉर्डर पर बच्ची को जन्म दिया। गुरुवार को सिंध से 159 हिंदू प्रवासियों का जत्था वाघा-अटारी बॉर्डर के रास्ते भारत पहुंचा। जिनमें माया नाम की गर्भवती महिला भी शामिल थी। भारत में इमिग्रेशन प्रक्रिया के दौरान ही उसे अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। महिला के पति खानू ने तुरंत अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद बॉर्डर पर मौजूद भारतीय प्रशासनिक अफसरों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे अटारी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ घंटों के इलाज के बाद महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। बच्ची का जन्म भारत की भूमि पर होने के कारण माता-पिता ने उसका नाम 'भारती' रखने का फैसला किया। डिलीवरी के बाद डॉक्टरों ने जच्चा और बच्ची दोनों को पूरी तरह स्वस्थ बताते हुए अस्पताल से छुट्टी दे दी। बच्ची के पिता खानू ने बताया कि वे अपने परिवार सहित पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत आए हैं। जहां हिंदुओं के लिए हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया, हम पाकिस्तान में रोजगार और सुरक्षा की कमी से परेशान थे। वहां हिंदुओं के लिए हालात बहुत खराब हो चुके हैं। धार्मिक उत्पीड़न और बेटियों की सुरक्षा को लेकर हमेशा डर बना रहता था, इसलिए हमने भारत आने का फैसला किया। उनका कहना है कि अब वे भारत में स्थायी रूप से बसने और नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता प्राप्त करने की उम्मीद में हैं। इस घटना ने भारत में इन प्रवासी हिंदू परिवारों की नई शुरुआत को एक नया अर्थ दे दिया है। जहां वे अपने अस्तित्व और भविष्य की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे।

वहीं भारत की जमीन पर जन्मी 'भारती' उनके लिए उम्मीद की नई किरण बनकर आई है।



# यूडीएच मंत्री बोले- नवंबर में एक साथ होंगे निकाय चुनाव




जयपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार प्रदेश के सभी नगर निकाय में एक प्रदेश एक चुनाव के तहत नवंबर में चुनाव कराने की तैयारी कर रही है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि कांग्रेसी नेताओं को वार्डों के परिसीमन से नहीं बल्कि एक साथ होने वाले चुनाव की प्रक्रिया से ही दिक्कत है, जबकि यह प्रक्रिया पूरी तरह से कानूनी है। जो जनता के हित के लिए जरूरी है।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा- प्रदेश में फिलहाल अभी वार्डों का परिसीमन हो रहा है। नगर पालिकाओं की सीमा वृद्धि का काम हो चुका है। वार्डों के पुनर्गठन का प्रकाशन भी हो चुका है। फिलहाल आपत्ति की अवधि चल रही है। जितनी आपत्तियां आएंगी, उन पर सुनवाई होगी। इसके बाद उम्मीद यही है कि सितंबर तक मतदाता सूची बनने का काम पूरा हो जाएगा। उसके बाद नगर पालिकाओं के चुनाव की तैयारी शुरू कर देंगे। इसके बाद एक प्रदेश एक चुनाव के अंतर्गत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों का नवंबर 2025 में चुनाव कराने की तैयारी है।

उन्होंने विपक्ष की ओर से परिसीमन पर आपत्ति जताने पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रतिपक्ष बेवजह विवाद पैदा कर राजनीति कर रहा है। पहले उनके नेता प्रतिपक्ष इस मामले को उठा चुके हैं। अब इस होड़ में दूसरे नेता इस मुद्दे को लेकर अपना बयान जारी कर राजनीति करना चाह रहे हैं। परिसीमन की जो प्रक्रिया है, उसी के तहत काम हो रहा है।

उन्होंने कहा- पंचायती राज के परिसीमन को लेकर कुछ याचिकाएं हाईकोर्ट में लग चुकी हैं। इनमें न्यायालय की ओर से उनका निस्तारण भी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय का ये मानना है कि परिसीमन - पुनर्गठन करना राज्य सरकार का अधिकार है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इसमें फिलहाल हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है। फिर भी अगर कोर्ट में मामला गया तो राज्य सरकार अपना पक्ष मजबूती से रखेगी और कोर्ट जो भी निर्णय करेगा उसे सहर्ष से स्वीकार करेगी।

उन्होंने वार्डों की संख्या घटाने को लेकर दी गई विपक्ष की दलील पर पलटवार करते हुए कहा कि जनता का हित सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि ते ते पांव पसारिए जेती लंबी सौर, और घर में नहीं है दाने और अम्मा चली भुनाने जैसी कहावतों का हवाला देते हुए कहा कि अगर कोई ये स्थिति पैदा करना चाहे तो वेनेजुएला का उदाहरण सभी के सामने है।

जो एक समय पर आर्थिक रूप से सबसे संपन्न राष्ट्र था और आज दिवालिया हो चुका है। लोकतांत्रिक सरकार का ये कर्तव्य बनता है कि वह जनता के हितों की रक्षा करें और जनता से विभिन्न प्रकार के टैक्स के रूप में जितनी धनराशि सरकारी कोष में आती है।

उसका सदुपयोग जनता के हित में हो। अब इससे किसी राजनीतिक दल को कोई तकलीफ हो रही है। तो उस तकलीफ को दूर करने का कोई उपाय नहीं है।

# घायल पुलिसकर्मियों की एंबुलेंस हॉस्पिटल की दीवार से भिड़ी

## एएसपी एएसआई समेत 4 को लेकर पहुंची थी जोधपुर; बालोतरा में हुआ था एक्सीडेंट

बाड़मेर/जोधपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। जोधपुर में एएसपी समेत 4 घायल पुलिसकर्मियों को लेकर आई एंबुलेंस हॉस्पिटल की दीवार से भिड़ गई। बालोतरा में शुक्रवार सुबह 11:15 बजे नेशनल हाईवे-25 पर पुलिसकर्मियों की गाड़ी क्रेटा कार से टकरा गई थी। इसमें एएसपी, एएसआई समेत 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

घायल पुलिसकर्मियों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस से जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल लेकर आए थे। एंबुलेंस के टकराने से हॉस्पिटल में खड़े एडिशनल एसपी भी घायल हो गए। वहीं एंबुलेंस में बैठा अटेंडेंट उछलकर गिरा। जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया- बायतु थाना इलाके के बनिया संधा धोरा के पास हुए सड़क हादसे में घायल 4 पुलिसकर्मियों को पहले बायतु हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से सभी को जोधपुर रेफर किया गया। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर से बनाकर दोपहर करीब 1:40 बजे जोधपुर लाया गया।

एमडीएम हॉस्पिटल में तेज रफ्तार में आई एंबुलेंस को ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर पाया। इससे एंबुलेंस ट्रॉमा वार्ड की दीवार से भिड़ गई। घायलों को रिसीव करने पहुंचे जोधपुर ग्रामीण के एडिशनल एएसपी भोपालसिंह को मामूली चोटें आई हैं। दीवार पर लगी रेलिंग और कांच टूट गए।

एसपी हरिशंकर ने बताया- पुलिस की कार (महिंद्रा टीयूवी) में जोधपुर रेंज आईजी कार्यालय में पोस्टेड एएसपी अरविंद विश्नोई पुत्र देवाराम निवासी गुड़ाबिश्नोइयान, एएसआई हुकम सिंह पुत्र नाथू सिंह चारण निवासी डांगियावास, कॉन्स्टेबल अनिल चौधरी पुत्र भंवरलाल निवासी सालवा कल्ला और ड्राइवर (कॉन्स्टेबल) दिलीप मेघवाल पुत्र मानकलाल निवासी महामंदिर (जोधपुर) थे। सभी जोधपुर रेंज आईजी ऑफिस से बाड़मेर जा रहे थे। वहीं क्रेटा कार में सीईओ चौहटन के रीडर गोपी किशन मेघवाल सवार थे। साथ में उनकी पत्नी, बेटी और एक महिला रिश्तेदार थी। गोपी किशन परिवार के साथ बालोतरा की तरफ जा रहे थे। नेशनल हाईवे-25 पर दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। क्रेटा कार से टकराने के बाद पुलिस की कार रोड से उतरकर करीब 20 मीटर दूर जाकर झाड़ियों में पलट गई। कार में सवार सभी 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें कॉन्स्टेबल अनिल चौधरी की हालत गंभीर है।

# जयपुर परकोटे में व्यापारियों ने बाजार बंद करवाए

## बड़ी चौपड़ पर बैठे, निगम की सीलिंग कार्रवाई के विरोध में सड़क पर उतरे

जयपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। जयपुर में आज नगर निगम हेरिटेज की सीलिंग कार्रवाई के खिलाफ व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने सुबह 10:30 बजे से दड़ा मार्केट और जौहरी बाजार की दुकानें बंद कर दीं। दोपहर 12 बजे के करीब बड़ी चौपड़ पर धरने पर बैठ गए।

व्यापारियों का कहना है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद हेरिटेज निगम सीलिंग कार्रवाई कर रहा है। आज भी निगम ने दो परिसरों में करीब 90 दुकानें सील की हैं। अब तक कुल 900 दुकानों को सील किया जा चुका है। रहवासियों और व्यापारियों के पास जगह के मालिकाना हक के कागजात हैं। उन्होंने इस संबंध में हाईकोर्ट से स्टे भी प्राप्त किया है।

दड़ा मार्केट व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया कि इन बिल्डिंगों में दुकानें और आवास दोनों हैं। पार्किंग की पूरी व्यवस्था है। मामले में 7 अप्रैल को कोर्ट में सुनवाई होनी है, कोर्ट के स्टे के बावजूद आज भी हेरिटेज नगर निगम ने सीज की कार्रवाई की। व्यापारी नेमी कुमार खंडका ने बताया- व्यापारी पिछले 25 सालों से यहां दुकानें चला रहे हैं। कुछ परिवार तो 70 सालों से यहां रह रहे हैं। वे नियमित रूप से जीएसटी, बिजली बिल और अन्य सरकारी कर चुकाते आ रहे हैं। सभी व्यापारिक संगठनों ने इस विरोध को समर्थन दिया है। व्यापारियों का कहना है कि सीलिंग कार्रवाई से 500 से अधिक परिवार आर्थिक रूप से प्रभावित होंगे।

व्यापारियों के प्रदर्शन के कारण रामगंज से बड़ी चौपड़ के रास्ते को बंद किया गया है। बड़ी चौपड़ से सांगानेरी गेट जाने वाले यातायात को भी डायवर्ट किया गया है। साथ ही जगह-जगह बेरिकेड्स लगाए गए हैं।

# आईटीबीपी जवान का सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार

**पांच साल के बेटे ने दी मुखाग्नि, अंतिम दर्शन करते समय लिपटकर रोने लगी वीरांगना**

नीमकाथाना (सीकर), 4 अप्रैल (एजेंसियां)। सीकर के आईटीबीपी जवान रतनलाल गुर्जर (35) का शुक्रवार दोपहर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पांच वर्षीय बेटे यश कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले अजीतगढ़ थाने से उनके पैतृक गांव सांवलपुरा तंवरान (नीमकाथाना) के लोहा की ढाणी तक 22 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई।

घर पर अंतिम दर्शन के दौरान वीरांगना बलेश देवी उनसे लिपट कर रोने लगीं और बेसुध हो गईं। बड़ी बेटी रितिका (8) अपनी दो वर्षीय छोटी बहन गुड्डी को गोद में लिए फफक-फफक कर रोती रही, जिसे परिजनों ने संभाला।

अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि के बाद जवान की पार्थिव देह को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। घर के पास स्थित खेत में उनके बड़े भाई के शहीद स्मारक के समीप ही राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि सीकर जिले के नीमकाथाना क्षेत्र के सांवलपुरा तंवरान गांव निवासी रतनलाल गुर्जर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की 14वीं बटालियन में तैनात थे। गुरुवार को वे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में शहीद हो गए। वे जाजर देवल क्षेत्र में एक्टिव पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे, जहां ऊंचाई वाले इलाके में ऑक्सीजन की कमी के कारण उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। शहीद की पार्थिव देह शुक्रवार अलसुबह 3 बजे अजीतगढ़ पुलिस थाने लाई गई। सेना के फूलों से सजे ट्रक में पार्थिव शरीर को गांव तक ले जाया जाएगा।

# भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति तोड़ी

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग लेकर प्रदर्शन 3 थानों की पुलिस और आएसी के जवान तैनात



लालसोट (दौसा), 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दौसा में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। इसको लेकर लोगों ने हंगामा कर दिया। घटनास्थल पर लोगों ने जमकर नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

हालात को देखते हुए मौके पर 3 थानों की पुलिस और आरएसी (राजस्थान आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी) के जवानों को तैनात किया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना दौसा जिले के रामगढ़ पचवारा कस्बे में बस स्टैंड पर हुई। अज्ञात व्यक्ति ने तोड़ी

**बिरसा मुंडा की मूर्ति-:** थाना इंचार्ज रामशरण गुर्जर ने बताया- 3 साल पहले बस स्टैंड पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। काले पत्थर से बनी प्रतिमा के हाथ में तीर था। इसके पिछले सिरे को गुरुवार रात अज्ञात व्यक्ति ने तोड़ दिया। पिछला हिस्सा मौके पर ही पड़ा मिला। रात में पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। स्थानीय लोगों ने रामगढ़ पचवारा थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

घटना के बाद इलाके में आक्रोश-:थाना इंचार्ज ने बताया- बिरसा मुंडा की मूर्ति को खंडित करने पर स्थानीय लोग बस स्टैंड पर जुटने लगे और नारेबाजी करने लगे। कुछ लोग मूर्ति के पास ही बस स्टैंड पर धरना देकर बैठ गए और नारेबाजी की। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। धरने में रामगढ़ पचवारा नगरपालिका चेयरमैन घनश्याम खटीक समेत कई लोग मौके पर जुट गए।

**3 थानों की पुलिस**-आरएसी के जवान तैनात-: हालात को देखते हुए रामगढ़ पचवारा, लालसोट और मंडावरी थानों की पुलिस और आरएसी (राजस्थान आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी) के जवानों को मौके पर तैनात कर दिया गया। तहसीलदार मदनलाल मीणा धरनास्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाया। बता दें कि 2022 में कुछ अज्ञात लोगों ने बिना अनुमति यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर और बिरसा मुंडा की प्रतिमाएं स्थापित कर दी थीं। तब तत्कालीन एसपी मनीष अग्रवाल ने रामगढ़ पचवारा थाना के 3 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था।

# जमीन विवाद को लेकर हुई फायरिंग में एक की मौत

## कस्सी के हमले में दूसरा घायल कब्जा करने की नियत से पहुंचे थे दोनों

हनुमानगढ़, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। हनुमानगढ़ में जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर फायरिंग कर दी। हादसे में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। हादसे में दूसरा व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामला गोलूवाला थाना क्षेत्र के 5 एलकेएस गांव का है।

गोलूवाला थानाप्रभारी राकेश सांखला ने बताया कि कपिल बिश्नोई और राकेश बिश्नोई आपस में ममेरे भाई हैं। इन दोनों में पिछले काफी समय से जमीन विवाद चल रहा है। देर रात 2 बजे सुभाष नायक और घायल राकेश बिश्नोई गांव 5 एलकेएस स्थित कपिल बिश्नोई की ढाणी के पास जमीन पर कब्जा करके की नियत से आए थे। इसी दौरान दोनों पक्षों में आपसी विवाद हो गया। आपसी विवाद में पिस्तौल से फायर होने के चलते मघेवाला जैतसर निवासी सुभाष नायक (45) की मौत हो गई। थानाप्रभारी ने बताया कि मानकसर निवासी राकेश बिश्नोई कस्सी के वार से घायल हो गया। घायल को सीएचसी पीलीबंगा में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर राकेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान कपिल बिश्नोई पक्ष की कई महिलाओं को चोट लगी है। दोनों पक्षों के बीच में रात को लाठी भाटा जंग भी हुई। मृतक के शव को सीएचसी की मॉर्चुरी में रखवाया गया है।

सूचना मिलते ही सीओ मीनाक्षी मौके पर पहुंचीं।

# यात्रियों से भरी सिटी बस में आग

**इंजन से धुआं उठता देख ड्राइवर ने लगाए ब्रेक, 4 दमकलों ने 20 मिनट में पाया काबू**



कोटा, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। शहर के नयापुरा इलाके में यात्रियों को ले जा रही सिटी बस में आग लग गई। चलती बस में धुआं देख ड्राइवर ने बस सड़क किनारे रोक दी। यात्री बस से उतर गए। देखते ही देखते बस आग फैल गई और बस धूं-घूं कर जलने लगी। हादसे के समय बस मे करीब 20 यात्री सवार थे। थोड़ी देर में चार फयर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक बस पूरी जल चुकी थी।

घटना सुबह साढ़े 11 बजे की है। सिटी बस स्टेशन से नयापुरा की तरफ आ रही थी। एमबीएस हॉस्पिटल के सामने पहुंचते ही बस में से धुआं दिखाई दिया। ड्राइवर ने गाड़ी को सड़क किनारे रोक दिया। बस में सवार सभी यात्री बाहर निकल गए। देखते ही देखते ही बस में से आग की ऊंची-ऊंची लपटे दिखाई देने लगीं। लोगों ने इसकी सूचना ने निगम के अग्निशमन विभाग को दी। निगम के चीफ फायर ऑफिसर राकेश व्यास ने बताया सूचना पर निगम की चार दमकल मौके पर पहुंची। करीब 20 मिनट में आग पर काबू पाया। हम मौके पर गए जब बस साइड में खड़ी मिली। बस में सवार सभी यात्री जा चुके थे। संभवत बस में स्पार्किंग होने से आग लगी। जिसके बाद सीटों में आग पकड़ ली। आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने से बस काफी जल गई।

सिटी बस सुपरवाइजर सचिन पुने ने बताया कि ये बस नयागांव से सोगरिया रूट पर चलती है। बस सोगरिया से नयागांव की तरफ जा रही थी। बस में करीब 20 पैसेंजर सवार थे।

# जयपुर डेयरी बेटियों की शादी में देगी 21 हजार रुपए




जयपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। जयपुर डेयरी (जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक संघ लि.) की तरफ से दुग्ध उत्पादकों की बेटियों की शादी में मायरा भरा जाएगा। इसके लिए 5 अप्रैल को 'सरस लाडो मायरा योजना' लॉन्च की जाएगी। योजना में बेटी की शादी पर 21 हजार रुपए का मायरा भरा जाएगा। इससे करीब 1.50 लाख रजिस्टर्ड दुग्ध उत्पादकों (किसानों) को फायदा मिलेगा।

जयपुर डेयरी की स्थापना के 50 साल पूरे होने पर यह योजना लाई जा रही है। जब जयपुर डेयरी की शुरुआत हुई थी, तब इससे 13 दुग्ध समितियां जुड़ी थीं, जो धीरे-धीरे बढ़कर 4 हजार तक पहुंच गई हैं। इन समितियों से जुड़े पशुपालक (दुग्ध उत्पादक) का ही सहयोग है, जो आज यह डेयरी उत्तर राजस्थान की सबसे बड़ी डेयरी बनी है।

**लिंगानुपात को बढ़ाना है उद्देश्य**

एमडी मनीष फौजदार ने बताया- दुग्ध उत्पादकों का ध्यान रखते हुए और इनकी बच्चियों की शादी में संबल प्रदान करने के लिए सरस लाडो मायरा योजना लॉन्च करने का निर्णय किया है।

# राजस्थान में आंधी-बारिश अलवर-जयपुर में बदला मौसम

जयपुर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल देर शाम पूर्वी राजस्थान के जिलों में मौसम बदल गया। जयपुर, अलवर, भरतपुर, झुंझुनूं के एरिया में देर शाम आसमान में बादल छाए और कई जगह तेज हवा चली।

अलवर, झुंझुनूं के एरिया में कुल स्थानों पर हल्की बारिश हुई। दूसरी पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर के एरिया में कल गर्मी तेज हो गई। इन शहरों में पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में आज से फिर मौसम साफ होने और 6 अप्रैल से हीटवेव की आशंका जताई है।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखे तो राज्य में दोपहर तक आसमान साफ रहा और धूप तेज रही। पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर में पारा क्रमशः 42.4 और 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में दिन में तेज धूप के कारण गर्मी तेज रही। यहां कल अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# यूरोप भेजने के नाम पर 1.50 लाख हड़पे

**कॉल करके झांसे में लिया, अब मुकदमा करने की धमकी**

सीकर, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। सीकर के फतेहपुर सदर थाना इलाके में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। भाई के साथ काम करने वाले शख्स ने ही धोखाधड़ी की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उदनसरी निवासी ताराचंद ने फतेहपुर सदर थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि आज से करीब 6 महीने पहले उनके पास नेठवा निवासी रामस्वरूप का कॉल आया। रामस्वरूप ने ताराचंद को कहा कि वह उसके भाई की कंपनी में ही काम करता है। रामस्वरूप ने कहा कि वह ताराचंद के भाई जो कि ड्राइवर का काम करता है उसको यूरोप के मालटा में भेज देगा।

रामस्वरूप ने ताराचंद की उसके भाई से बात भी करवाई और 3 लाख रुपए देने की बात कही। उसके बाद रामस्वरूप इंडिया आ गया। और आज से करीब 5 महीने पहले रामस्वरूप ताराचंद के घर पर आकर डेढ़ लाख रुपए ले गया और कहा कि आपके भाई को 3 महीने में यूरोप भेज दूंगा। बाकी पैसे बाद में दे देना। लेकिन अब रामस्वरूप न तो वीजा दे रहा है और न ही पैसे वापस कर रहा है।

# घर में घुसकर बुजुर्ग महिलाओं के गहने छीने, कान कटे



